देश का Darpan News TV
FASTWAY
Comming Soon
काम करने के लिए सम्पर्क करें

दैनिक समाचार पत्र

# देश का दर्पण न्यूज

राजस्थान, उत्तर प्रदेश, बिहार, झारखंड, हरियाणा, दिल्ली व महाराष्ट्र से प्रकाशित

अब आपके मोबाइल पर डिजिटिल अखबार
प्रदेश के ताजा समाचार
अपने लेख एवं समाचार भेंजे

सम्पादक : उमेन्द्र राजपूत
7014997449, 9636058201
Email : deshkadarpannews@gmail.com
web.: www.deshkadarpannews.co

वर्ष-5, अंक:147 | जयपुर, गुरुवार, 07 अगस्त 2025 | मूल्य : 5.00 पेज:

## कर्तव्य भवन-3 में गृह, विदेश समेत 6 से ज्यादा मंत्रालयों के होंगे दफ्तर: मनोहर लाल

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** केंद्रीय आवास एवं शहरी मामलों के मंत्री मनोहर लाल ने सेंट्रल विस्टा परियोजना के तहत निर्मित कर्तव्य भवन-3 के बारे में बताया कि यह भवन 1.5 लाख वर्ग मीटर क्षेत्र में फैला होगा और इसमें कुल 850 कार्यालय कक्ष होंगे। भवन में दो बेसमेंट, एक ग्राउंड फ्लोर और छह मंजिलें होंगी। गृह मंत्रालय, विदेश मंत्रालय, ग्रामीण विकास मंत्रालय, एमएसएमई मंत्रालय, कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग, पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय और प्रधान वैज्ञानिक सलाहकार का कार्यालय इस भवन से संचालित होंगे, जिन्हें जल्दी ही इस इमारत से संचालित किया जाएगा। केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल ने मीडियाकर्मियों से कहा कि अब तक मंत्रालय जिन भवनों से संचालित हो रहे थे, वे शास्त्री भवन, कृषि भवन, उद्योग भवन और निर्माण भवन जैसे पुराने ढांचे थे, जिनका निर्माण



1950 से 1970 के बीच हुआ था। इन इमारतों के रखरखाव में कठिनाइयां थीं। आवास एवं शहरी विकास मंत्रालय के प्रधान सचिव के. श्रीनिवास ने बताया कि यह इमारत अत्याधुनिक सुविधाओं से लैस होगी और आईटी-सक्षम, सुरक्षित कार्यस्थल के रूप में विकसित की गई है। इसमें आईडी कार्ड आधारित एंट्री, फ्लैप बैरियर, मेटल डिटेक्टर, बैग स्कैनर, गाड़ी स्कैनिंग सिस्टम, बूम बैरियर, वाहन ब्लॉकर और पावर फेंसिंग जैसी उच्च सुरक्षा व्यवस्था होगी। भवन के भीतर-बाहर 700 सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं जिनकी निगरानी 24 घंटे कंट्रोल रूम से की जाएगी। उन्होंने कहा कि कर्तव्य भवन-3 को जीआरआईएचए-4 रेटिंग प्राप्त करने का लक्ष्य रखा गया है, जो पर्यावरण के अनुकूल निर्माण है। इसमें रूफटॉप सोलर पैनल, सोलर वॉटर हीटर, रेन वॉटर हार्वेस्टिंग, वेस्ट वॉटर ट्रीटमेंट और रिसाइकल मटेरियल का इस्तेमाल किया गया है। निर्माण में मलबे का पुनः प्रयोग, हल्की दीवारों का उपयोग और ऊपरी मिट्टी के संरक्षण जैसे उपाय किए गए हैं।

इससे भवन न केवल ऊर्जा कुशल होगा, बल्कि अपनी जल जरूरतों का एक बड़ा हिस्सा पुनर्चक्रण से पूरा करेगा। इस इमारत में 600 गाड़ियों की पार्किंग की सुविधा भी दी गई है। इसके अलावा एक एकीकृत कमांड एंड कंट्रोल सेंटर पूरे सेंट्रल विस्टा की निगरानी करेगा। इसे इस तरह से डिजाइन किया गया है कि आम नागरिकों की पहुंच आसान और सुरक्षित हो, जबकि संवेदनशील क्षेत्रों में गोपनीयता और सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके। उन्होंने कहा कि यह परियोजना न केवल भौतिक बुनियादी ढांचे का निर्माण है, बल्कि शासन की कार्यक्षमता, पारदर्शिता और दक्षता में भी महत्वपूर्ण योगदान देगी।

## बंगाल में लागू नहीं होने दूंगी 'एसआईआर' : ममता बनर्जी

**जेंसी**

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने आरोप लगाया कि बिहार में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) की योजना की शुरुआत भाजपा नेतृत्व वाली केंद्र सरकार की देन है और इसे चुनाव आयोग की मिलीभगत से लागू किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि बंगाली भाषी भारतीय नागरिकों को बांग्लादेशी बताकर पड़ोसी देश भेजने की कोशिश हो रही है। घाटाल में बाढ़ प्रभावित इलाकों के दौरे पर पहुंचीं मुख्यमंत्री ने कहा, यह (एसआईआर) केंद्र सरकार की योजना है, जिसमें चुनाव आयोग को भी साथ रखा गया है। हम इससे सहमत नहीं हैं। हर किसी के लिए अपने माता-पिता के जन्म प्रमाण पत्र सुरक्षित रखना संभव नहीं है।उन्होंने स्पष्ट किया कि वे पश्चिम बंगाल में एसआईआर लागू नहीं होने देंगी, जहां वर्ष 2026 में विधानसभा चुनाव होने हैं। ममता बनर्जी ने दावा किया कि अगर राज्य में एसआईआर लागू हुआ तो सभी धर्मों के लोग प्रभावित होंगे। उन्होंने कहा कि अन्य राज्यों में काम करने गए बंगाल के प्रवासी मजदूरों को केवल उनकी मातृभाषा के कारण परेशान किया जा रहा है और जब उन्होंने इसका विरोध किया तो कुछ लोगों ने उन्हें राष्ट्रीय सुरक्षा कानून (एनएसए) के तहत गिरफ्तार करने की मांग की।



## ईवीएम से उठा लोगों का भरोसा, चुनाव में मतपत्र प्रणाली हो लागः केटीआर

**नई दिल्ली/हैदराबाद,।** तेलंगाना राज्य में विपक्षी पार्टी भारतीय राष्ट्र समिति (बीआरएस) के कार्यकारी अध्यक्ष केटी राम राव (केटीआर) ने कहा कि देश के लोगों में ईवीएम को लेकर कई तरह की शंकाएं हैं और लोगों का इन ईवीएम से भरोसा उठ गया है। चुनाव आयोग को मतदान के बैलेट पेपरव्यवस्था शुरू करनी चाहिए। केटीआर ने आज दिल्ली में मीडिया से कहा कि उन्होंने केंद्रीय चुनाव आयोग से आगामी बिहार विधानसभा चुनाव और उसके बाद होने वाले आम चुनावों में मतपत्र प्रणाली का उपयोग कर चुनाव कराने की अपील की है। केटीआर ने कहा कि मैंने पार्टी में अपनी राय व्यक्त की कि आज चुनाव आयोग के सामने छह बातें सामने आईं। उनमें से एक यह है कि भले ही अमेरिका, ब्रिटेन, जर्मनी, इटली और दुनिया के कई अन्य देशों ने कुछ समय के लिए प्रायोगिक तौर पर ईवीएम को लागू किया है, लेकिन लोगों का उन पर से विश्वास उठ गया है। अब वहां भी ईवीएम को खत्म कर मतपत्र प्रणाली लागू किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र भारत में लगभग 100 करोड़ मतदाता हैं। ऐसे में ईवीएम से नुकसान हो रहा है। लोगों का मानना है कि हमारे डाले गए वोटों की गिनती नहीं हो रही है। उन्होंने कहा कि हमने अपनी पार्टी की ओर से चुनाव आयोग से ईवीएम को हटाकर मतपत्र प्रणाली लागू करने का अनुरोध किया है।

## भारत बीज' योजना से 1.4 लाख किसान लाभान्वित : अमित शाह

**नई दिल्ली।** देश में गुणवत्तापूर्ण बीजों के उत्पादन, संग्रहण और वितरण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से केंद्र सरकार ने भारतीय बीज सहकारी समिति लिमिटेड (बीबीएसएसएल) की स्थापना की है। यह जानकारी लोकसभा में सहकारिता मंत्री अमित शाह ने सांसद रामवीर सिंह बिधूड़ी के प्रश्न के उत्तर में दी।शाह ने बताया कि यह समिति मल्टी-स्टेट कोऑपरेटिव सोसाइटीज (एमएससीएस) अधिनियम, 2002 के तहत गठित की गई है और इसका उद्देश्य 'भारत बीज' ब्रांड के तहत देशी प्राकृतिक बीजों का संरक्षण, उत्पादन और प्रचार-प्रसार करना है। बीबीएसएसएल का लक्ष्य देश को आयातित बीजों पर निर्भरता से मुक्त करना और किसानों को उन्नत किस्म के बीज उपलब्ध कराना है। समिति के कार्यों में बीजों का उत्पादन, परीक्षण, प्रमाणन, खरीद, प्रसंस्करण, भंडारण, ब्रांडिंग, लेबलिंग और पैकेजिंग जैसे सभी चरण शामिल हैं। इसके अंतर्गत फाउंडेशन और सर्टिफाइड – दोनों स्तरों के बीजों पर ध्यान केंद्रित किया जा रहा है। बीबीएसएसएल भारत सरकार की विभिन्न मंत्रालयों की योजनाओं और नीतियों का लाभ उठाकर कार्य करेगा और सहकारी संस्थाओं के नेटवर्क के माध्यम से ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सशक्त बनाएगा। इससे 'सहकार से समृद्धि' के लक्ष्य को साकार किया जा सकेगा। सहकारिता मंत्री ने आगे बताया कि बीबीएसएसएल द्वारा अब तक एक लाख 40 हजार से अधिक किसान लाभान्वित हो चुके हैं। इन किसानों को न केवल बेहतर किस्म के बीज प्राप्त हुए हैं, बल्कि उत्पादन में वृद्धि और उच्च कीमतों का लाभ भी मिला है। साथ ही, समिति द्वारा अर्जित लाभ में से किसानों को लाभांश देने की भी योजना है। बीबीएसएसएल का यह कदम प्रधानमंत्री के 'आत्मनिर्भर भारत' और 'मेक इन इंडिया' जैसे अभियानों को भी बल देता है।



## संघ प्रमुख का तीन दिवसीय व्याख्यान

### सौ वर्षों की यात्रा पर समाज से जुड़ने की पहल

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने अपनी स्थापना के सौ वर्ष पूरे कर लिए हैं। अब संघ समाज के बीच संघ, संघ कार्य, सोच और प्रेरणा लेकर आगामी एक वर्ष तक जाएगा। इसी क्रम में सरसंघाचलक मोहन भागवत अगले साल फरवरी तक देश के चार बड़े शहरों में चार प्रमुख व्याख्यान माला को संबोधित करेंगे। दिल्ली में यह व्याख्यान माला 26-28 अगस्त तक आयोजित की जाएगी। इसमें दिल्ली और आसपास के प्रदेशों की विभिन्न क्षेत्रों की प्रमुख हस्तियों का आमंत्रित किया जाएगा।दिल्ली के केशवकुंज स्थित संघ मुख्यालय में अखिल भारतीय प्रचार प्रमुख सुनील आंबेकर ने पत्रकार वार्ता में इस आयोजन की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि व्याख्यानमाला का विषय '100 वर्ष की संघ यात्रा-नए क्षितिज' रखा गया है। संघ प्रमुख अपने व्याख्यान में




पंच परिवर्तन के विषय को समाज के सामने प्रमुखता से रखेंगे। दिल्ली के विज्ञान भवन में आयोजित व्याख्यान में पहले दो दिन प्रबोधन सत्र और तीसरे दिन प्रश्नोत्तर आयोजित किए जायेंगे। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) की स्थापना के 100 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में संघ ने समाज तक अपने विचार, कार्य और दिशा को पहुंचाने के उद्देश्य से विभिन्न नागरिक गोष्ठियों की श्रृंखला शुरू की है। सरसंघचालक की व्याख्यान माला बेंगलुरू, कोलकाता और मुंबई जैसे महानगरों में भी आयोजन होगा। दिल्ली के आयोजन के बारे में आंबेकर ने बताया कि एनसीआर व आसपास के राज्यों के प्रमुख नागरिकों को व्याख्यान में आमंत्रित किया जा रहा है। 17 प्रमुख श्रेणियों में चयनित अतिथियों की सूची तैयार की गई है, जिनमें कुल 138 उपश्रेणियाँ शामिल हैं। मीडिया से जुड़े प्रमुख लोगों, मुस्लिम समुदाय के प्रतिनिधियों और विभिन्न दूतावासों से भी संवाद कर आमंत्रण भेजे जा रहे हैं। पत्रकार वार्ता में मंच पर संघ के प्रांत संघचालक अनिल अग्रवाल भी मौजूद रहे। इसके अलावा अखिल भारतीय संपर्क प्रमुख रामलाल, दिल्ली के प्रांत कार्यवाह अनिल गुप्ता एवं संघ के अखिल भारतीय सह प्रचार प्रमुख नरेंद्र कुमार भी इस दौरान मौजूद रहे।

## भारत की ई-वीजा प्रणाली से विदेशी यात्रियों को मिल रही सहूलियतः गृह राज्यमंत्री

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** भारत सरकार ने विदेशी पर्यटकों, व्यवसायियों, छात्रों और पेशेवरों के लिए ई-वीजा प्रणाली को और अधिक सरल, लचीला और तकनीकी रूप से उन्नत बनाकर देश में वैध आव्रजन को सुविधाजनक बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं। यह जानकारी गृह राज्यमंत्री बंदी संजय कुमार ने लोकसभा में एक लिखित उत्तर में दी।मंत्री ने बताया कि ई-वीजा प्रणाली को पहली बार नवंबर 2014 में 43 देशों के नागरिकों के लिए शुरू किया गया था, जबकि वर्तमान में यह सुविधा 172 देशों के नागरिकों को उपलब्ध है। इसके तहत यात्री भारत के 32 नामित अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डों और 6 प्रमुख बंदरगाहों से देश में प्रवेश कर सकते हैं। ई-वीजा प्रणाली पूरी तरह ऑनलाइन है, जिससे विदेशों से आने वाले नागरिक किसी भी स्थान से आवेदन कर सकते हैं। यह सुविधा भारत में पर्यटन, व्यापार, चिकित्सा और अन्य वैध उद्देश्यों के लिए विदेशी आगमन को सुगम बनाने में कारगर सिद्ध हो रही है। वर्तमान में ई-वीजा 13 उप-श्रेणियों में उपलब्ध है, जिनमें ई-टूरिस्ट वीजा, ई-बिजनेस वीजा, ई-मेडिकल वीजा, ई-कॉन्फ्रेंस वीजा, ई-स्टूडेंट वीजा और ई-माउंटेनियरिंग वीजा जैसी श्रेणियां शामिल हैं। पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए वर्ष 2019 में 30 दिनों की दोहरी प्रविष्टि वाली ई-टूरिस्ट वीजा योजना शुरू की गई थी, जिसकी फीस 25 अमेरिकी डॉलर रखी गई थी। इसके अतिरिक्त, ऑफ-सीजन (अप्रैल-जून) के दौरान पर्यटकों को आकर्षित करने के लिए यह शुल्क घटाकर 10 डॉलर कर दिया गया था। गृह राज्यमंत्री कुमार ने बताया कि ई-वीजा प्रणाली को लगातार और अधिक उदार बनाने की दिशा में काम जारी है। इसमें वीजा शुल्क में छूट, विशेष पर्यटक समूहों के लिए विशेष वीजा श्रेणियों की व्यवस्था और द्विपक्षीय संबंधों, सुरक्षा आवश्यकताओं, निवेश एवं पर्यटन प्रवाह को ध्यान में रखकर नीतिगत निर्णय लिए जाते हैं।

## ब्रिटिश संसदीय प्रतिनिधिमंडल से दिल्ली विस अध्यक्ष की मुलाकात

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** दिल्ली विधानसभा अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता ने ब्रिटेन की संसद की उपाध्यक्ष नुसरत घानी के नेतृत्व में आए प्रतिनिधिमंडल से शिष्टाचार भेंट की। यह मुलाकात दिल्ली विधानसभा परिसर में हुई। इस अवसर पर गुप्ता ने कहा कि भारत और ब्रिटेन के बीच साझा लोकतांत्रिक मूल्य और ऐतिहासिक संबंध हमारी आधुनिक साझेदारी को दिशा देते हैं। उन्होंने भारत-ब्रिटेन संबंधों में हो रहे रणनीतिक परिवर्तन, जैसे व्यापक आर्थिक और व्यापार समझौता (सीईटीए) और इंडिया-यूके विजन 2035 का जिक्र करते हुए कहा कि दोनों देश अब व्यापार, शिक्षा, रक्षा और जलवायु परिवर्तन जैसे अनेक क्षेत्रों में मिलकर काम कर रहे हैं। प्रतिनिधिमंडल में शामिल व्यक्तियों में हाउस ऑफ कॉमन्स की क्लर्क असिस्टेंट सारा डेवीस, उपाध्यक्ष की निजी सचिव अबीगेल सैमुअल्स, ब्रिटिश उच्चायोग में राजनीतिक मामलों की प्रमुख नटैलिया लेह, उपप्रमुख अलेक्ज़ेंड्रा नोएल्स, वरिष्ठ सलाहकार भावना विज और राजनीतिक सलाहकार पारुल काविया शामिल थीं।

प्रतिनिधिमंडल के साथ बैठक के दौरान शिक्षा के क्षेत्र में सहयोग को लेकर विशेष चर्चा की गई। विस अध्यक्ष गुप्ता ने बताया कि वर्तमान में 1.7 लाख से अधिक भारतीय छात्र ब्रिटेन के विश्वविद्यालयों में अध्ययन कर रहे हैं। उन्होंने गुरुग्राम में



साउथहैम्पटन विश्वविद्यालय के आगामी परिसर की पहल का स्वागत किया और 2022 में हुए शैक्षणिक डिग्रियों की पारस्परिक मान्यता को एक अहम कदम बताया। गुप्ता ने दिल्ली विधानसभा की ऐतिहासिक पहलों से भी प्रतिनिधिमंडल को अवगत कराया, जिनमें ई-विधान प्रणाली (नेवा) के माध्यम से पूरी तरह पेपरलेस कार्यप्रणाली अपनाना और 500 किलोवाट सौर ऊर्जा संयंत्र की शुरुआत प्रमुख हैं। उन्होंने बताया कि दिल्ली विधानसभा देश की पहली नेट-जीरो कार्बन विधान सभा बन चुकी है। अध्यक्ष ने यह भी बताया कि विधानसभा भवन, जो कभी ब्रिटिश इम्पीरियल लेजिस्लेटिव काउंसिल का मुख्यालय था, को राष्ट्रीय विरासत के रूप में पुनर्स्थापित किया जा रहा है। इस दिशा में उन्होंने ब्रिटिश परिषद से ऐतिहासिक अभिलेख उपलब्ध कराने का अनुरोध किया ताकि इस संस्था की गौरवमयी विरासत को सहेजा जा सके।

ब्रिटेन की संसद की उपाध्यक्ष नुसरत घानी ने दिल्ली विधानसभा की मेजबानी और पहलों की सराहना करते हुए कहा कि यह संस्था न केवल ऐतिहासिक दृष्टि से महत्त्वपूर्ण है, बल्कि 21वीं सदी की लोकतांत्रिक और सतत शासन व्यवस्था का आदर्श भी प्रस्तुत कर रही है। उन्होंने संसदों के बीच आपसी सहयोग और जनता से संवाद को और सशक्त बनाने की आवश्यकता पर जोर दिया। बैठक का समापन लोकतांत्रिक मूल्यों और संस्थागत सहयोग को और मजबूत करने के संकल्प के साथ हुआ।

## शिबू सोरेन का पार्थिव शरीर पंचतत्व में विलीन, पुत्र हेमंत सोरेन ने दी मुखाग्नि

**एजेंसी**

**रामगढ़।** झारखंड राज्य के प्रणेता, राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री स्वर्गीय शिबू सोरेन पंचतत्व में विलीन हो गए। झारखंड के जिला रामगढ़ स्थित उनके पैतृक गांव नेमरा में राजकीय सम्मान के साथ उनका अंतिम संस्कार किया गया। राज्य के मुख्यमंत्री और उनके पुत्र हेमंत सोरेन ने उन्हें मुखाग्नि दी और अंतिम जोहार कहा। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन अपने पिता के अंतिम संस्कार के दौरान बेहद भावुक हो गए। उनकी आंखें डबडबा गईं। बेहद भारी मन से उन्होंने अपने पिता और राजनीतिक गुरु को इस दुनिया से विदा किया। अंतिम संस्कार के दौरान उनके साथ भाई बसंत सोरेन और उनके परिवार के कई अन्य सदस्य वहां मौजूद थे। घाट पर एक ही चर्चा थी कि जिस सरजमीं से शिबू सोरेन ने संघर्ष और राजनीति शुरू की। आज उसी जगह पर पंचतत्व में विलीन हुए। सैकड़ो गांवों से पहुंचे लोग अपने बाबा (शिबू सोरेन) और नेता को प्रणाम



कर उन्हें अंतिम विदाई दी। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन अपने पिता शिबू सोरेन का शव लेकर जैसे ही अपने पैतृक गांव नेमरा के घाट पर पहुंचे, वहां झमाझम बारिश शुरू हो गयी।इस पर स्थानीय लोगों का कहना था कि झारखंड की अस्मिता की लड़ाई लड़ने वाले लाल को प्रकृति ने भी अंतिम विदाई दी है। गुरुजी के चाहने वालों ने कहा कि झारखंड के लाल के निधन पर आसमान भी रो रहा है। दिशोम गुरु शिबू सोरेन का अंतिम संस्कार गांव के ही बड़की नाला तट पर हुआ। घर से लगभग 600 मीटर की दूरी पर स्थित श्मशान घाट में जाने के लिए रास्ते भी बनाए गए थे। कई खेतों में फसल को हटाकर नेमरा के लोगों ने रास्ता बनाया, ताकि बाबा को राजकीय सम्मान के साथ अंतिम विदाई दी जा सके।

## मतदाता सूची में फर्जी नाम जोड़ने के मामले में बंगाल के चार अधिकारी निलंबित

**एजेंसी**

**कोलकाता।** चुनाव आयोग ने पश्चिम बंगाल में मतदाता सूची में फर्जी नाम जोड़ने और गंभीर लापरवाही बरतने के आरोप में चार अधिकारियों को निलंबित कर दिया। आरोप है कि इन अधिकारियों ने अपने चुनावी सूची(ईआर) डाटाबेस के लॉगिन पासवर्ड अनाधिकृत लोगों के साथ साझा किए, जिसके बाद मतदाता सूची में गलत तरीके से नाम जोड़े गए। यह मामला दक्षिण 24 परगना जिले के बारुईपुर पूर्व विधानसभा क्षेत्र से जुड़ा है।आयोग के अनुसार, निलंबित अधिकारियों में निर्वाचन पंजीकरण अधिकारी (ईआरओ) देबोत्तम दत्ता चौधरी और बिप्लब सरकार के अलावा सहायक निर्वाचन पंजीकरण अधिकारी (एईआरओ) तथागत मंडल और सुदीप्त दास शामिल हैं। इन पर अनुशासनात्मक कार्रवाई शुरू की जाएगी और इनके खिलाफ एफआईआर भी दर्ज कराई जाएगी। साथ ही, आकस्मिक डेटा एंट्री



ऑपरेटर सुरोजीत हालदार के खिलाफ भी एफआईआर दर्ज होगी। कुछ दिन पहले भी आयोग ने पूर्वी मिदनापुर के नंदकुमार और उत्तर 24 परगना के राजारहाट-गोपालपुर क्षेत्र के दो निर्वाचन पंजीकरण अधिकारियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराने की अनुमति दी थी। उन पर भी पासवर्ड डेटा एंट्री ऑपरेटरों के साथ साझा करने का आरोप था, जिससे 102 फर्जी मतदाताओं का डेटा चुनाव आयोग के पोर्टल में डाल दिया गया। जांच में यह भी सामने आया कि नाम जोड़ने से पहले बूथ स्तरीय अधिकारियों (बीएलओ) को सत्यापन के लिए भेजा ही नहीं गया था। आयोग का कहना है कि इस तरह की लापरवाही से मतदाता सूची में भारी गड़बड़ी हुई और फर्जी मतदाता जोड़ने का रास्ता आसान हो गया।

## एसआईआर पर संसद में चर्चा से बच रही है सरकार : गौरव गोगोई

**एजेंसी**

**नई दिल्ली ।** संसद के मॉनसून सत्र में बिहार में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) को लेकर विपक्षी इंडिया ब्लॉक ने भारी हंगामा किया। विपक्ष का आरोप है कि यह संशोधन आगामी बिहार विधानसभा चुनावों से पहले मतदाताओं, खासकर दलितों, पिछड़े वर्गों और गरीब समुदायों को मताधिकार से वंचित करने की साजिश है। इसी बीच कांग्रेस सांसद और लोकसभा में उपनेता गौरव गोगोई ने कहा कि सरकार इस मुद्दे पर संसद में चर्चा से बच रही है, जो लोकतंत्र की पारदर्शिता और चुनाव आयोग की निष्पक्षता पर सवाल उठाता है। बुधवार को आईएएनएस से बातचीत के दौरान गौरव गोगोई ने पूछा कि सरकार क्या छिपाने की कोशिश कर रही है और इस चुप्पी के पीछे का डर क्या है। देश को इस बात पर चिंता जतानी चाहिए कि एक चुनी हुई सरकार मतदाता सूची के संशोधन और मतदान प्रक्रिया जैसे महत्वपूर्ण मुद्दों पर संसद में चर्चा से बच रही है।गोगोई ने चुनाव आयोग की निष्पक्षता पर भी संदेह जताया और कहा कि विपक्ष इस मुद्दे पर खुली चर्चा चाहता है ताकि आम लोगों को अपने मताधिकार और मतदान केंद्रों की जानकारी स्पष्ट हो सके। यह राष्ट्रीय सुरक्षा का मसला नहीं है, इसलिए सरकार को सदन में खुली चर्चा से बचने का कोई कारण नहीं होना चाहिए। अगर सरकार इस विषय को संसद में नहीं उठने देगी, तो लोग अपने सवाल कहां पूछेंगे? कांग्रेस सांसद गौरव गोगोई ने विपक्ष की ओर से मांग की कि इस मुद्दे पर पारदर्शी और खुली चर्चा हो, ताकि लोगों का भरोसा लोकतांत्रिक प्रक्रिया पर बना रहे। कांग्रेस सांसद इमरान मसूद ने एसआईआर को लेकर चुनाव आयोग की निष्पक्षता पर गंभीर सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि अगर चुनाव आयोग मनमाने ढंग से काम करेगा और सत्तापक्ष की कठपुतली बनकर रहेगा, तो लोकतंत्र खतरे में पड़ जाएगा। लोकतंत्र को बचाने के लिए संसद, जो लोकतंत्र का मंदिर है, उसमें इस मुद्दे पर खुली चर्चा होनी चाहिए।

## संजय राउत ने उत्तरकाशी त्रासदी पर जताया दुख, बोले- सरकार को पहाड़ी राज्यों पर देना होगा विशेष ध्यान

**एजेंसी**

**मुंबई ।** शिवसेना (यूबीटी) के सांसद संजय राउत ने बुधवार को उत्तराखंड में बादल फटने की घटना पर चिंता जताई। उन्होंने कहा कि देशभर से पर्यटक पहाड़ी राज्यों में जाते हैं। लोग वैष्णो देवी, अमरनाथ, केदारनाथ जैसे तीर्थ स्थलों पर आते हैं, इसलिए उत्तराखंड, हिमाचल जैसे राज्यों पर सरकार को विशेष ध्यान देना चाहिए। उन्होंने प्रेसवार्ता को संबोधित करते हुए बताया कि महाराष्ट्र के सैकड़ों पर्यटक और लोग पहाड़ी इलाकों में बाढ़ के कारण फंस गए हैं, जिससे पूरा देश चिंतित है। उन्होंने मांग की कि इन क्षेत्रों में मजबूत इंतजाम करने होंगे ताकि पर्यटकों की सुरक्षा सुनिश्चित हो सके। साथ ही, संजय राउत ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के बयानों पर भी निशाना साधा और कहा कि ट्रंप ने भारत को व्यापार के लिए अच्छा साथी नहीं बताया, जबकि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी दावा करते हैं कि भारत विश्व की तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था बनने जा रहा है। ट्रंप कह रहे हैं कि भारत अच्छा ट्रेड पार्टनर नहीं है, तो बिना व्यापार के इतनी बड़ी अर्थव्यवस्था कैसे बनेगी? क्या ट्रंप पीएम मोदी को झूठा बता रहे हैं? ट्रंप बार-बार पीएम को अपमानित कर रहे हैं, जिससे दुनिया में प्रधानमंत्री मोदी के खिलाफ माहौल बन गया है। प्रधानमंत्री मोदी को यह सब समझना चाहिए। इसके अलावा, संजय राउत ने इंडिया ब्लॉक की बैठक पर भी बात की और कहा कि गठबंधन की लंबे समय बाद होने वाली इस बैठक में कई मुद्दों पर चर्चा होगी, जैसे देश की मौजूदा स्थिति, पीएम मोदी के दावों की सच्चाई, ऑपरेशन सिंदूर और बिहार चुनाव।

# ध्वनि प्रदूषण को लेकर जारी किए गए आदेश

**देश का दर्पण न्यूज**
पुलिस आयुक्तालय,जयपुर मे रिहायशी सायिक क्षेत्र एवं औद्योगिक क्षेत्र में अत्यधिक ध्वनि प्रदूषण होने में निवासरत आमजन को अत्यधिक परेशानी का सामना करना पड़ता है, जिससे उनके स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है।

इस सन्दर्भ में राजस्थान स्टेट पोल्यूशन कन्ट्रोल बोर्ड से प्राप्त रिपोर्ट में निम्नांकित स्थानों पर निर्धारित मानको से अधिक ध्वनि प्रदूषण प्रसारित हो रहा है।

1.राज्यपाल निवास के पीछे का गार्डन, सिविल लाईन्स, जयपुर (शान्त क्षेत्र)
2.संतोकबा दुर्लभजी मेमोरियल अस्पताल (OPD के पास), जयपुर-(शान्त क्षेत्र)
3.नगर निगम कार्यालय, पटेल मार्ग, मानसरोवर, जयपुर (रिहायशी क्षेत्र)
4.साइंस पार्क, शास्त्री नगर, जयपुर (रिहायशी क्षेत्र)
5.गली संख्या 3, राजापार्क, जयपुर (व्यवसायिक क्षेत्र)
6.कोतवाली थाने के पास, छोटी चौपड, जयपुर (व्यवसायिक क्षेत्र)
7.रूफटॉप रिजनल ऑफिस, राजस्थान पॉल्यूशन कन्ट्रोल बोर्ड, विश्वकर्मा, जयपुर-(औद्योगिक क्षेत्र)
8. RICCO सीतापुरा ऑफिस, RICCO इंडस्ट्रियल एरिया, टोंक रोड़, सीतापुरा, जयपुर-(औद्योगिक क्षेत्र)

इस हेतु पुलिस आयुक्तालय, जयपुर के उक्त रिहायशी क्षेत्र, शान्त क्षेत्र, व्यवसायिक क्षेत्र एवं औद्योगिक क्षेत्र में भारी वाहनों, ट्रैफिक और सड़कों पर होने वाले शोर, कारखानों, निर्माण स्थलों और अन्य औद्योगिक गतिविधियों, लाउडस्पीकर, तेज संगीत और अन्य सामाजिक गतिविधियों द्वारा निर्धारित मानक से अधिक ध्वनि प्रदूषण नहीं करने के लिए बाध्य/पाबन्द करना युक्तियुक्त है। अतः मैं डॉ. रामेश्वर सिंह, कद्दर, अतिरिक्त पुलिस कमिश्नर (कानून एवं व्यवस्था) जयपुर भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा 163 के अन्तर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए पुलिस आयुक्तालय, जयपुर के उक्त रिहायशी क्षेत्र, शान्त क्षेत्र, व्यवसायिक क्षेत्र एवं औद्योगिक क्षेत्र के लिए निम्नानुसार आदेश प्रसारित करता हूँ।

1.वाहनों द्वारा प्रसारित प्रेशर हार्न पूर्णतया प्रतिबंधित रहेगा।2.औद्योगिक एवं वाणिज्यिक क्षेत्रों में ध्वनि निरोधी प्रणालियों का उपयोग करना।
3.ध्वनि अवशोषक का उपयोग करके ध्वनि प्रदूषण को कम करना।
4.शांत क्षेत्रों में भारी वाहनों का आवागमन, लाउडस्पीकर, तेज संगीत, पटाखें इत्यादि पूर्णतया प्रतिबंधित रहेंगे।
5.अन्य सामाजिक गतिविधियों से होने वाले शोर को कम स्तर पर किया जावे। यह आदेश मानव जीवन व लोक-व्यवस्था की सुरक्षा हेतु लोक प्रशान्ति विक्षुब्ध होने की स्थिति को निवारित करने के लिए उपर्युक्त वर्णित आवश्यकताओं एवं परिस्थितियों के कारण लोकहित में तत्काल प्रभाव से जारी किया जाता है एवं उन व्यक्तियों जिनके विरुद्ध यह आदेश निर्दिष्ट है, उन पर सूचना की तामील सम्यव रूप से कराने की गुंजाईश नहीं है। इसलिए यह आदेश एक पक्षीय पारित किया जा रहा है।

चूंकि इस नोटिस को प्रत्येक व्यक्ति को व्यक्तिगत रूप से तामील नही कराया जा सकता है, अतः आदेश को बड़े पैमाने पर जनता की जानकारी के लिए प्रचारित किया जावे।

इस नोटिस को प्रेस के माध्यम से और सभी कार्यालय (पुलिस आयुक्त, पुलिस उपायुक्त, अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त, सहायक पुलिस आयुक्त, तहसील एवं सभी पुलिस थाना) के नोटिस बोर्ड पर चस्पा कर प्रकाशित किया जाकर सार्वजनिक किया जाए।

## न्यूज फ्लैश

### नाबालिग गुमशुदा बालिका को मात्र 03 दिन में किया दस्तयाब

**देश का दर्पण न्यूज**
श्रीमती राशि डोगरा डूडी आईपीएस पुलिस अधीक्षक जिला जयपुर ग्रामीण ने जानकारी देते हुए बताया है कि पुलिस थाना नरेना पर परिवादी ने रिपोर्ट दर्ज करवायी की दिनांक 01.08.2025 को सुबह घर से दुकान पर सामान लेने के लिए मेरी नाबालिग भतीजी निकली थी जो वापस घर नही आयी है। आदि रिपोर्ट पर पुलिस थाना नरेना पर प्रकरण दर्ज कर अनुसंधान प्रारंभ किया गया। मामला महिला अपराध व नाबालिग का होने पर अपराध की गंभीरता को देखते हुए नाबालिग बालिका को शीघ्र दस्तयाब करने हेतु अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक दूदू श्री शिवलाल बैरवा व वृत्ताधिकारी सांभरलेक श्री अनुपम मिश्रा के निकटतम सुपरविजन में तथा थानाधिकारी नरेना श्री धर्म सिह उप निरीक्षक के नेतृत्व में एक विशेष पुलिस टीम का गठन किया गया। गठित टीम द्वारा आसूचना संकलन व तकनीकी सहायता द्वारा कड़ी मेहनत करते हुए संभावित स्थानों पर तलाश कर गुमशुदा नाबालिग बालिका को खैरवाड़ा उदयपुर से मात्र 03 दिन में ही दिनांक 05.08.2025 को दस्तयाब किया जाकर उहउ के समक्ष उपस्थित कर परिजनों को सम्भलाया गया है।

### पुलिस थाना कालाडेरा ने अवैध रूप से गौवंश ले जाते हुए एक आरोपी को किया गिरफ्तार




**देश का दर्पण न्यूज**
श्रीमती राशि डोगरा बूडी आईपीएस पुलिस अधीक्षक जिला जयपुर ग्रामीण ने जानकशी देते हुए बताया है की दिनांक 05.08.2025 को थानाधिकारी कालाडेरा को मुखबीर से सूचना मिली की ग्राम रायथल में पेट्रोल पम्प के पास एक टेम्पू जिसके नम्बर फ्ख 25 ऋअ 7394 हैं जिसमें गायें भरकर कहीं गोकशी के लिये ले जाया जा रहा है। इत्यादि सूचना पर कार्यवाही करने हेतु अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (मुख्यालय) श्री रजनीश पूनियां व वृत्ताधिकारी गोविन्दगढ श्री राजेश जांगिड़ के सुपरविजन में तथा थानाधिकारी कालाडेरा श्री बाबूलाल उप निरीक्षक के नेतृत्व में पुलिस टीम का गठन किया गया। गठित टीम मुताबिक सूचना के पेट्रोल पम्प रायथल के पास पंहुची तो वंहा पर मैन रोड़ पर करीब 25-30 लोग इक्कठे हो रखे थे जिन्होने एक व्यक्ति को पकड़ रखा था जिसका नाम पता पूछा तो अपना नाम प्रकाश चन्द महावर पुत्र हीरालाल जाति कोली निवासी गेट रोड़ की छतरीयां के पास हनुमान मंदिर के पीछे ब्रह्मपुरी पुलिस थाना ब्रह्मपुरी जिला जयपुर होना बताया। टेम्पू नम्बर RJ 25 GA 7394 को चैक किया तो टेम्पू में दो गाय व एक बछडा भरा हुआ था जिनके बारे में पूछने पर कभी हटवाड़े में ले जाना तथा कभी जयपुर बूचड खाने में ले जाना बताया जिसको उक्त गोवंशों को बिना लाईसेंस / प्रमाण पत्र के परिवहन कर गोवंशो को गोकशी के लिये ले जाने का अपराध पाया जाने पर आरोपी के खिलाफ धारा 3,5,8 राजस्थान गोवंश अधिनियम 1995 में प्रकरण संख्या 190/25 दर्ज कर आरोपी प्रकाश चन्द महावर को गिरफ्तार किया गया तथा गोवंशो को श्री गोपाल गोशाला कानरपुरा में छुडवाया गया व टेम्पू नम्बर फ्ख 25 ऋअ 7394 को जप्त किया गया।

### पिंक सिटी जयपुर में पहुंचे 'प्रथाओं की ओढ़े चुनरी: बींदणी' शो के सितारे, अपनी अद्भुत कहानी से छुआ बींदणीयों का दिल!



**12 अगस्त** को आने वाले टीवी शो ओढ़े चुनरी: बींदणी' के सितारे पहुंचे जयपुर बता दे यह शो राजस्थान के एक छोटे से गाँव की एक जिंदादिल और साहसी लड़की घेवर की कहानी पर आधारित है। माँ-बाप के देहांत के बाद, उसका पालन-पोषण बड़े भाई और भाभी ने बड़े प्यार से किया। लेकिन ज़िंदगी तब एक अनचाहा मोड़ लेती है, जब किस्मत उनकी चौखट पर एक नवजात शिशु को लाकर खड़ा कर देती है। एक ऐसा बच्चा, जो दो बिल्कुल अलग जिंद?गियों को आपस में जोड़ता है

शो में घेवर का किरदार निभा रही गौरी शेलगांवकर ने कहा जयपुर यात्रा यह मेरी पहली राजस्थान की यात्रा है और मैं दिल से आभारी हूँ कि इस शो ने मुझे इस खूबसूरत धरती को देखने का मोका दिया

कुंदन का किरदार निभा रहे अभिनेता आकाश जग्गा ने कहा, "जयपुर मेरा अपना घर है। यहाँ आना हमेशा से मुझे एक सुकून भरा अहसास देता है। लेकिन इस बार की यात्रा कुछ खास थी, क्योंकि पहली बार मैं अपने सह-कलाकारों के साथ अपने शहर को एक्सप्लोर कर रहा था

रमकुड़ी का किरदार निभा रही मोनिका खन्ना ने कहा, "मैं पहले भी जयपुर आ चुकी हूँ, लेकिन हर बार का अनुभव बिल्कुल अलग रहा है। इस बार तो कुछ खास ही बात थी,

# फैशन इवेंट एवं रनवे शो दी लक्स लीगेसी 2025 सीजन 2 की लॉन्चिंग पार्टी एवं पोस्टर लॉन्च सेरेमनी का हुआ आयोजन।

**राजधानी** जयपुर में बुधवार को एमआई रोड स्थित पारो क्लब में नेशनल लेवल रनवे शो दी लक्स लीगेसी 2025 सीजन 2 का पोस्टर लॉन्चिंग सेरेमनी और लॉन्चिंग पार्टी का आयोजन किया गया। इस अवसर पर फैशन और कला जगत की अनेक प्रतिष्ठित हस्तियों ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। संस्थापक क्षितिज माथुर और अक्षिता माथुर के मार्गदर्शन में आयोजित होने वाला यह सीजन जयपुर की फैशन इंडस्ट्री को नई पहचान दिलाने के संकल्प के साथ प्रस्तुत किया जा रहा है।

इस फैशन इवेंट के आयोजक क्षितिज माथुर और अक्षिता माथुर ने बताया कि फैशन की दुनिया में नई ऊंचाइयों को छूने और जयपुर को फैशन हब के रूप में स्थापित करने के उद्देश्य से द लक्स लेगेसी शो जयपुर सीजन 2 एक बार फिर लौट आया है। इस बार आयोजन पहले से कहीं अधिक भव्य, आकर्षक और विशिष्ट होगा।

यह इस फैशन इवेंट का दूसरा सीजन है। आज जेन जी मॉडल्स और टीम मेंबर्स के साथ में मिलकर इस रनवे शो की पोस्टर लॉन्च व लॉन्चिंग पार्टी




सेरेमनी आयोजित की गई है। इस इवेंट का मकसद हाइ एंड फैशन ट्रेंड को सबके सामने लेकर आना है। इस इवेंट का ग्रैंड फिनाले इसी महीने के अंत में अनंततारा ज्वेल बाग रिजॉर्ट में आयोजित किया जाएगा।

उन्होंने आगे बताया कि इस सीजन की सबसे खास बात यह है कि इसमें एफडीसीआई (फैशन डिजाइन काउंसिल ऑफ इंडिया) से जुड़े प्रसिद्ध डिजाइनर्स अपनी मौजूदगी दर्ज कराएंगे।

उनकी भागीदारी इस शो को राष्ट्रीय स्तर पर एक नई पहचान प्रदान करेगी। जयपुर की फैशन संस्कृति को और मजबूत बनाने के इस प्रयास में, मुंबई से दमन चौधरी (मॉडल मैनेजर) और रवनीत गोराया (शो कोरियोग्राफर) जैसे इंडस्ट्री के अनुभवी पेशेवर भी अपनी विशेष भूमिका निभाएंगे। दोनों ही "रनवे लाइफस्टाइल" के माध्यम से फैशन जगत में अपनी अलग पहचान रखते हैं और अब जयपुर में अपने अनुभव का योगदान देंगे। शो की मुख्य तारीखों की घोषणा जल्द ही की जाएगी।

आज इस कार्यकम में बतौर मुख्य अतिथि के रूप में फर्स्ट इंडिया न्यूज के सीएमडी जगदीश चंद्र और पारो क्लब के ऑनर आयुष खंडेलवाल उपस्थित रहे।

## यातायात पुलिस जयपुर द्वारा सडक दुर्घटनाओं की रोकथाम एवं यातायात नियमों की समझाईश हेतु चलाया गया अभियान

**देश का दर्पण न्यूज**
पुलिस उपायुक्त यातायात श्री सुमित मेहरडा के निर्देशन में यातायात पुलिस जयपुर द्वारा यातायात नियमों का प्रचार-प्रसार करने हेतु सड़क सुरक्षा से संबंधित कार्यक्रम आयोजित कर हर वर्ग तक यातायात जन जागरूकता लाने का प्रयास किया जा रहा है।

इस कड़ी मे दिनांक 06 अगस्त 2025 को यातायात शिक्षा टीम द्वारा शांति पब्लिक स्कूल एवं डॉल्फिन इंटरनेशनल स्कूल जगतपुरा तथा राजस्थान गर्ल्स सीनियर सैकेण्डरी स्कूल चन्द्रगुप्त नगर, सीबीआई फाटक, जगतपुरा पर यातायात जन जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। जिसमें यातायात शिक्षा टीम के पुलिस निरीक्षक श्री प्रवीण कुमार एवं उनकी टीम द्वारा विद्यार्थियों एवं बालवाहिनी वाहन चालकों को यातायात संकेतकों



से अवगत कराया जाकर यातायात नियमों जैसे वाहन चलाते समय सीट बेल्ट एवं हैलमेट का उपयोग करने, तेज गति से वाहन नही चलाने, वाहन को निर्धारित पार्किंग स्थल पर ही खड़ा करने, अनावश्यक हॉर्न का उपयोग नही करने, नशे में वाहन नही चलाने आदि के बारे में समझाईश की गई। सड़क दुर्घटना के समय अच्छा मददगार बनने तथा मुख्यमंत्री आयुष्मान जीवन रक्षा योजना के बारे में अवगत कराया गया। स्कूलों में ट्रैफिक क्लब बनाकर विद्यार्थियों को ट्रैफिक वालंटियर की तरह भी यातायात का व्यावहारिक प्रशिक्षण एवं यातायात पुलिस की कार्यप्रणाली की समझ हेतु ट्रैफिक पॉईंट

पर यातायात पुलिसकर्मियों के साथ कुछ समय के लिए नियोजन हेतु प्रेरित किया गया।

## चोरी/गुम हुये हुए 262 मोबाईल फोन जिनकी अनुमानित कीमत लगभग 50 लाख रुपए है ट्रेस कर उनके मालिकों को मोबाईल सुपुर्द किए

**देश का दर्पण न्यूज**



श्री राजर्षि राज IPS पुलिस उपायुक्त जयपुर दक्षिण ने बताया कि जिला जयपुर दक्षिण में कई लोगों के मोबाईल गुम होने की सूचना परिवादियों द्वारा पुलिस थानो पर दर्ज कराई गई थी। कई परिवादी गणों ने बडी मुश्किल से किस्तों पर मोबाईल खरीदा था। जिस पर जिला पुलिस उपायुक्त (दक्षिण) जयपुर द्वारा परिवादियों को उनके मोबाईल दिलवाए जाने के लिए अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त (दक्षिण) जयपुर श्री ललित शर्मा, आरपीएस के निर्देशन में समस्त थानाधिकारियों एवं जिला जयपुर (दक्षिण) की तकनीकी शाखा को गुमशुदा मोबाईलों को ट्रेस करने हेतु निर्देश दिये गये। जिस पर जिला जयपुर (दक्षिण) के पुलिस थानों द्वारा तकनीकी शाखा से सहयोग प्राप्त करते हुए एक विशेष अभियान "आपका मोबाईल फिर से आपका के तहत वर्ष 2025 सहित गत 2-3 वर्षों के मोबाईलों को सर्च करने के लिये अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त जयपुर दक्षिण के निर्देशन में तकनीकी शाखा व जयपुर दक्षिण के समस्त थानों की टीमो का गठन किया गया। गठित टीमों द्वारा गुमशुदा मोबाईलों को उएक्फ्ढङ्ग१३' एवं मोबाईल सेवा प्रदाता कम्पनियों से तकनीकी सूचना प्राप्त कर राजस्थान के अलग-अलग जिलों में चल रहे गुमशुदा मोबाईलों को ट्रेस कर 262 बरामद किये गये। बरामद किए गए मोबाईलों की कीमत लगभग 50 लाख रुपए तक है।

## सोशल मीडिया के माध्यम से महिलाओं पर अश्लील पोस्ट करने वाला बदमाश गिरफ्तार



**देश का दर्पण न्यूज**
पुलिस उपायुक्त जयपुर शहर (पश्चिम) श्री हनुमान प्रसाद मीणा ने बताया कि दिनांक 14.02.2025 परिवादीया ने दर्ज करवाया कि परिवादीया की फेसबुक आईडी पर एक भानु प्रताप सिंह शेखावत के नाम से फेसबुक आइडी का लडका मेरी फोटो ऐडिट कर मुझे गलत 2 कामेट कर रहा है। रवी रामपुरीया भानू प्रताप की हथियार सहीत फोटो वायरल करके मुझे धमकी दिलवा रहा है। भानु प्रताप (प्रहलाद सिंह) और रवि रामपुरिया ने मुझे 3, 4 दिन से परेशान कर रखा है अपराध की गंभीरता को देखते हुये श्री आलोंक सिघल अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त जयपुर पश्चिम व श्री सुरेन्द्र सिंह राणावत सहायक पुलिस आयुक्त वृत झोटवाड़ा जिला जयपुर पश्चिम के सुपरविजन व श्रीमति कविता शर्मा पु०नि० थानाधिकारी पुलिस थाना कालवाड़ जिला जयपुर पश्चिम के निर्देशन मे श्री अभिषेक स्वामी उ०नि० द्वारा थाना हाजा के मुकदमा नम्बर 60/2025 धारा 79, 351(3), 308(2) बीएनएस मे अनुसंधान आरम्भ कर जरिये तकनिकी सहायता के मुल्जिम प्रहलाद सिंह उर्फ भानू प्रताप प्रताप सिंह शेखावत पुत्र श्री लालसिंह जाति राजपूत उम्र 25 साल निवासी गाँव पार्वतीसर थाना सालासर जिला चुरु को धारा 79,351 (3),75 (3),78 (2) बीएनएस में गिरफ्तार किया गया। जिससे गहन पूछताछ की गई तो बताया मै विभिन्न फेक फेसबुक आईडी बनाकर महिलाओं को परेशान करता हु। मुल्जिम को बाद अनुसंधान के न्यायालय में पेश कर केन्द्रीय कारागृह में दाखिल करवाया गया।

## पुलिस थाना श्याम नगर, जयपुर दक्षिण की बड़ी कार्यवाही पिछले 4-5 माह में लगभग 5 करोड राशि की साईबर फाड का खुलासा

**देश का दर्पण न्यूज**




पुलिस उपायुक्त (दक्षिण) जयपुर श्री राजर्षि राज ने बताया कि साईबर अपराधियो की धरपकड एवं कार्यवाही हेतु श्रीमान पुलिस महानिदेशक, राजस्थान द्वारा विशेष निर्देश प्रदान किये गये थे, जिस पर कार्यवाही हेतु श्री ललित किशोर शर्मा RPS अति. पुलिस उपायुक्त, जयपुर दक्षिण एवं श्री योगेश चौधरी RPS सहायक पुलिस आयुक्त सोडाला, जयपुर दक्षिण के निर्देशन तथा श्री दलबीर सिंह पुनि थानाधिकारी पुलिस थाना श्याम नगर, जयपुर दक्षिण के नेतृत्व में टीम का गठन किया गया। टीम द्वारा प्राप्त सूचना के आधार पर फ्लैट नम्बर 402, एवेन्य प्राईम बिल्डिंग, राम विहार, कमला नेहरू पुलिया के पास, अजमेर रोड, गजसिंहपुरा थाना श्याम नगर, जयपुर पर दबिश दी जाकर फ्लैट में निवासरत व्यक्ति सदासुख विश्नोई को डिटेन कर फ्लैट की तलाशी ली गयी तो 7,70,000/- रुपए नकद, 03 पास बुक, 23 चैक बुक, 06 एटीएम किट, 28 एटीएम कार्ड, 10 मोबाईल सिम. 04 किरायानामा तथा अन्य सामान मिला, जिसको जब्त कर प्रथम सूचना रिपोर्ट संख्या 444/2025 धारा 319 (2), 318(4), 61 (2) बीएनएस में दर्ज किया गया। प्रकरण में अब तक कुल 04 आरोपी गिरफ्तार किये गये है, जिनसे पूछताछ जारी है।

### सदर थाना क्षेत्र से 80 वर्षीय घनश्याम सोलंकी लापता

**देश का दर्पण न्यूज**



पुलिस थाना सदर में 80 वर्षीय घनश्याम सोलंकी के गुम होने की रिपोर्ट दर्ज कराई गई है। सदर थाने में दर्ज रिपोर्ट के अनुसार घनश्याम सोलंकी दिनांक 03.08.2025 को शाम समय करीबन 6 बजे अपने निवास स्थान मकान नम्बर 346 ममता स्कूल के पास हसनपुरा ए जयपुर से बिना किसी को बताये कहीं चला गया। जो वापस घर नहीं आया। उसकी ढाढी मूंछ सफेद, दिमाग से कमजोर है। गुम होने के समय सफेद आसमानी शर्ट, नीले रंग की पेन्ट, तथा पैरों में हवाई चप्पल पहने हुये है।

पुलिस ने घनश्याम सोलंकी की गुमशुदगी रिपोर्ट दर्ज कर उसका छायाचित्र एवं हुलिया जारी करते हुए आम जन से उसकी तलाश में सहयोग करने की अपील की है। उसके संबंध में किसी भी प्रकार की सूचना थानाधिकारी पुलिस थाना सदर के दूरभाष नम्बर 0141- 2202677 या 9414796750 पर दी जा सकती है।

## ग्लोबल गोकॉन अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन के पोस्टर का भव्य विमोचन

**पणजी, गोवा।** कला अकादमी, पणजी में आयोजित एक गरिमामय समारोह में ग्लोबल गोकॉन अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन के पोस्टर का भव्य विमोचन किया गया। इस विशेष अवसर पर केरल राज्य के माननीय राज्यपाल राजेन्द्र अरलेकर ने मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित होकर पोस्टर का अनावरण किया।

इस कार्यक्रम में क्टअ जयपुर साउथ के सचिव डॉ लोकेन्द्र शर्मा व विभिन्न क्षेत्रों से जुड़ी प्रतिष्ठित हस्तियों, शिक्षाविदों, शोधकताओं और विद्यार्थियों की उपस्थिति रही। ग्लोबल गोकॉन सम्मेलन का उद्देश्य वैश्विक स्तर पर ज्ञान, नवाचार और सांस्कृतिक आदान-प्रदान को प्रोत्साहित करना है।




राज्यपाल अरलेकर ने अपने संबोधन में कहा कि ऐसे अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन नई पीढ़ी को वैश्विक सोच, अनुसंधान और संवाद के अवसर प्रदान करते हैं। उन्होंने आयोजकों को बधाई दी और आगामी सम्मेलन की सफलता की कामना की।

आयोजन समिति के पदाधिकारियों ने बताया कि यह सम्मेलन विभिन्न देशों के विशेषज्ञों, वैज्ञानिकों और विचारकों को एक मंच पर लाएगा, जहाँ वे अपने अनुभव और शोध साझा करेंगे। जल्द ही सम्मेलन की तारीखें और प्रमुख वक्ताओं

## गांव कठवाड़ में बेटी के जन्म पर हुआ कुआं पूजन, 'बेटी का सलाम - राष्ट्र के नाम से गूंजा आंगन

**कैथल,06 अगस्त (कृष्ण प्रजापति):**
बेटी के जन्म को उत्सव के रूप में मनाते हुए गांव कठवाड़ में एक प्रेरणादायक आयोजन किया गया। मनीषा पत्नी कुलदीप के घर बेटी के जन्म पर परंपरागत "कुआं पूजन" का आयोजन आंगनबाड़ी केंद्र में धूमधाम से किया गया।

कार्यक्रम में गांव के नंबरदार रोशन लाल विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। इस अवसर पर सीडीपीओ शशि पचार और सुपरवाइजर अनु रानी ने उपस्थित महिलाओं और ग्रामीणों को बेटियों के महत्व पर जागरूक किया और समाज में बेटियों को बराबरी का स्थान देने का



आह्वान किया।

कार्यक्रम का मुख्य विषय "बेटी का सलाम - राष्ट्र के नाम" रहा, जिसके माध्यम से लोगों को नारी सशक्तिकरण, कन्या सम्मान और लिंग समानता का संदेश दिया गया।

कार्यक्रम के दौरान राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा की महत्ता पर भी प्रकाश डाला गया और सभी को देशप्रेम व संविधान के मूल्यों के प्रति जागरूक किया गया।

इस प्रेरणादायक आयोजन में
आंगनबाड़ी वर्कर : नीता, गीता, सुनीता, जीतो, रजनी, मुकेश, सीता, कुलविंद्र,
आशा वर्कर : सुनीता,
एएनएम : इंद्रा देवी आदि उपस्थित रहे।

गांव की महिलाओं और बच्चों ने इस कार्यक्रम में बढ़-चढ़कर भाग लिया और बेटी के स्वागत को समाज में एक नई दिशा देने की सराहनीय पहल मानी। यह आयोजन बेटियों को सम्मान देने की दिशा में एक सकारात्मक कदम माना जा रहा है, जो समाज को नई सोच और प्रेरणा देगा।

## मुख्यमंत्री ने दी भूमि आवंटन की स्वीकृति



**जयपुर, 6 अगस्त।** मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में राज्य सरकार प्रदेश में विद्युत संरचना को सुदृढ़ करने की दिशा में निरंतर कार्य कर रही है। सरकार द्वारा बिजली की निर्बाध आपूर्ति के लिए प्राथमिकता से निर्णय लिए जा रहे हैं। इसी दिशा में मुख्यमंत्री ने जैसलमेर जिले की भणियाणा तहसील के फूसासर में 765 के.वी. के विद्युत उपकेन्द्र की स्थापना के लिए भूमि आवंटन की स्वीकृति दी है। राजस्थान राज्य विद्युत प्रसारण निगम लिमिटेड द्वारा यह विद्युत उपकेन्द्र 80 हैक्टेयर भूमि पर स्थापित किया जाएगा। मुख्यमंत्री का यह निर्णय पश्चिमी राजस्थान सहित पूरे प्रदेश में ऊर्जा क्षेत्र में किए जा रहे उल्लेखनीय कार्यों की प्रतिबद्धता को दशार्ता है। इस उपकेन्द्र की स्थापना से क्षेत्र में विद्युत आपूर्ति की गुणवत्ता में सुधार होगा तथा आमजन को सुचारू विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित हो सकेगी।

## राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय कोठार(पाली) को रोटरी कल्ब ऑफ बॉम्बे बे व्यू मुंबई द्वारा 150 लीटर प्रति घंटे जल शुद्ध करने वाली आरओ मशीन भेंट की गई

**उपखंड** बाली क्षेत्र कोठार गांव में राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय कोठार(पाली) को रोटरी कल्ब ऑफ बॉम्बे बे व्यू मुंबई द्वारा 150 लीटर प्रति घंटे जल शुद्ध करने वाली आरओ मशीन भेंट की गई इस सराहनीय पहल के पीछे डॉ. बिमल शाह एवं हेमंत जोशी (सुमेरपुर भ० म० हाँ.) और मुकेश दवे (प्रेरक) विशेष



रहे हैं और इन्हीं ही के प्रयास और सइच्छा से यह योजना सफल रही है। विद्यालय में गुणवत्ता युक्त आरओ मशीन के लगने से विद्यार्थियों को स्वच्छ पेयजल उपलब्ध होगा एवं फ्लोराइड मुक्त पेयजल पीने से उनके स्वास्थ्य पर सकारात्मक एवं स्वास्थ्य वर्द्धक प्रभाव देखने को मिलेगा। स्थानीय विद्यालय के प्रधानाचार्य पियूष कुमार जोशी सहित पूरे स्टाफ ने रोटरी कल्ब ऑफ बाम्बे बे व्यू मुंबई का एवं भामाशाहों सहित प्रेरकों का कोटि-कोटि आभार व्यक्त कर अभिनन्दन किया। प्रधानाचार्य ने इस अवसर पर कहा कि यह पहल सुरक्षित पेयजल, पर्याप्त स्वच्छता, स्वास्थ्य सुविधाओं की उपलब्धता, जल की गुणवत्ता में सुधार और जल संसाधनों से संबंधित पारिस्थितिकी तंत्र रक्षा के वैश्विक लक्ष्यों की दिशा में भी एक सशक्त कदम है

## धरातल पर उतरेगा माही डैम को जवाई बांध से जोड़ने का प्रोजेक्ट

**जयपुर, 06 अगस्त। पाली**,जालोर, सिरोही बाड़मेर में पेयजल समस्या के स्थायी निदान के लिए माही डैम को जवाई बांध को जोड़ने वाला महत्वपूर्ण प्रोजेक्ट अब मूर्त रूप लेगा। इसको लेकर सुमेरपुर विधानसभा क्षेत्र के विधायक व पशुपालन, गोपालन, डेयरी एवं देवस्थान विभाग के केबिनेट मंत्री श्री जोराराम कुमावत की मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा के साथ एक अहम बैठक हुई। बैठक में इस सात हजार करोड़ रुपए के प्रोजेक्ट की डीपीआर बनाने के संबंध में चर्चा हुई।

## एसएएस नगर पुलिस और एजीटीएफ पंजाब ने संक्षिप्त मुठभेड़ के बाद लॉरेंस बिश्नोई गिरोह के दो गुर्गों को गिरफ्तार किया

**डेराबस्सी (एसएएस नगर), 6 अगस्तः( सुरेश रहेजा, परवीन कुमार, साहिल रहेजा )**

पंजाब के मुख्यमंत्री श्री भगवंत सिंह मान, डीजीपी गौरव यादव और रोपड़ रेंज के डीआईजी हरचरण सिंह भुल्लर के निर्देश पर संगठित अपराध और खतरनाक व वांछित अपराधियों के खिलाफ चल रहे अभियान के दौरान, एसएएस नगर पुलिस ने एंटी-गैंगस्टर टास्क फोर्स, पंजाब के साथ एक संयुक्त अभियान में डेराबस्सी के गुलाबगढ़ रोड पर एक संक्षिप्त मुठभेड़ के बाद लॉरेंस बिश्नोई गिरोह के दो गुर्गों को गिरफ्तार किया है। यह जानकारी एसएएस नगर के एसएसपी हरमनदीप सिंह हंस ने दी।

अधिक जानकारी देते हुए, एसएएस के एस.पी. नागर ने बताया कि गिरफ्तार किए गए दोनों अपराधियों की पहचान राजस्थान के हनुमानगढ़ जिले के लखासर गाँव निवासी सुमित बिश्नोई और सोनीपत जिले के सरगथल गाँव निवासी पंकज मलिक के रूप में हुई है। एसएसपी ने बताया, "राजस्थान के हनुमानगढ़ जिले के लखासर गाँव में 18 मई, 2025 को महावीर सिहाग की सनसनीखेज हत्या के आरोपी सुमित बिश्नोई को वांछित घोषित किया गया था। इस संबंध में, हनुमानगढ़ जिले के गोलू वाला पुलिस स्टेशन में धारा 103(1), 3(5) बीएनएस, 27 आर्म्स एक्ट के तहत एफआईआर संख्या 112/2025 दर्ज की गई थी और बीकानेर रेंज के महानिरीक्षक (आईजी) ने उसकी गिरफ्तारी में मददगार सूचना देने वाले को 50,000 रुपये का इनाम देने की भी घोषणा की थी।"इस कार्रवाई के बारे में जानकारी साझा करते हुए, एसएसपी ने बताया कि आज सुबह डेराबस्सी इलाके में सुमित बिश्नोई की मौजूदगी की सूचना मिली थी। उन्होंने कहा, "त्वरित कार्रवाई करते हुए, एक अभियान की योजना बनाई गई और एजीटीएफ पंजाब और एसएएस नगर पुलिस की संयुक्त टीमों ने उसे उसके साथी पंकज के साथ डेराबस्सी के गुलाबगढ़ रोड स्थित एक पीजी में पाया।" हालाँकि, जब टीम ने आरोपी को गिरफ्तार करने की कोशिश की, तो उसने गोलीबारी शुरू कर दी। जवाबी गोलीबारी में सुमित के बाएँ पैर में गोली लग गई, जबकि आरोपी के पास से एक .32 पिस्टल और चार ज़िंदा कारतूस भी बरामद किए गए।

## उपायुक्त ने आसान पंजीकरण प्रणाली के संबंध में भूमि पंजीकरण अधिकारियों और राजस्व अधिकारियों के साथ बैठक की

**अमृतसर, 6 अगस्त : ( सुरेश रहेजा, परवीन कुमार, साहिल रहेजा )**मुख्यमंत्री भगवंत सिंह के नेतृत्व वाली पंजाब सरकार द्वारा आम लोगों को नागरिक-केंद्रित सेवाएँ प्रदान करने के लिए शुरू की गई 'आसान रजिस्ट्री' प्रणाली (भूमि और संपत्ति का आसान पंजीकरण) के संबंध में उपायुक्त ने राजस्व विभाग के अधिकारियों और भूमि पंजीकरण अधिकारियों के साथ बैठक की।इस अवसर पर डिप्टी कमिश्नर श्रीमती साक्षी साहनी ने कहा कि "पंजाब के इतिहास में यह एक क्रांतिकारी कदम है। लोगों को अब दफ्तरों में धक्के नहीं खाने पड़ेंगे और यह व्यवस्था तेज व पारदर्शी होगी।"

# आदिमजाती मीणा विकास एसोसिएशन ट्रस्ट ने मायखोप जि.प.स्कूल में विद्यार्थियों को शैक्षणिक सामग्री वितरित की

**पालघर (संवाददाता):** आदिमजाती मीणा विकास एसोसिएशन ट्रस्ट, मुंबई की ओर से दिनांक 5 अगस्त, मंगलवार को पालघर जिला परिषद मराठी शाला, मायखोप (केंद्र - केलवे) में विद्यार्थियों के लिए शैक्षणिक उपयोगी सामग्री, कपड़े, जूते व अन्य आवश्यक वस्तुओं का वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। यह कार्यक्रम सुबह 11 बजे शाला के प्रार्थना सभागृह में संपन्न हुआ।इस अवसर पर ट्रस्ट के पदाधिकारी घनश्याम मीणा, हंसराज मीणा ,संजय मीणा, पूरनचंद मीणा, देवीलाल मीणा,




किरोडीलाल मीणा, घेरालाल मीणा, नंदलाल मीणा, रामलाल मीणा, मुकेश मीणा,रामधन मीणा,समयसिंह मीणा, ओमप्रकाश मीणा सहित बोईसर-पालघर पत्रकार संघ के अध्यक्ष रामप्रकाश निराला उपस्थित थे।

कार्यक्रम में विद्यार्थियों को शालेय उपयोगी स्टेशनरी, कपड़े, जूते एवं प्रेरणादायक पुस्तकें वितरित की गई। कार्यक्रम की शुरूआत विद्यार्थियों द्वारा वाचन संस्कृती (पठन संस्कृति) को प्रोत्साहित करने हेतु पुस्तकों के वाचन से की गई। इस पहल का उद्देश्य विद्यार्थियों में अध्ययन के प्रति रुचि निर्माण करना तथा शिक्षा का महत्व समाज में फैलाना था।इस अवसर पर स्कूल के मुख्याध्यापक प्रवीण पाटील द्वारा बोईसर - पालघर पत्रकार संघ (रजि.)के अध्यक्ष रामप्रकाश निराला एवं लेखक व साहित्यकार संजय पाटील को साफा बांधकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने हेतु विद्यालय प्रबंधन समिती के अध्यक्ष संतोष पाटील व मनोज पाटील ने विशेष सहयोग दिया। कार्यक्रम के अंतर्गत मायखोप ग्रामपंचायत सीमा के अंतर्गत आने वाले आंबेवाडा के स्कूल तथा अंगणवाड़ी केंद्रों के विद्यार्थियों को भी शैक्षणिक सामग्री वितरित की गई।इस दौरान बालवाडी की शिक्षिका विशाखा किणी, छाया भोईर, ममता पाटील तथा मायखोप स्कूल की शिक्षिका प्रिया भोईर, सुजाता राऊत, ग्राम पंचायत उपसरपंच स्वप्निल भोईर, और सदस्य सिद्धी पाटिल भी उपस्थित थे। कार्यक्रम के माध्यम से विद्यार्थियों में उत्साह देखने को मिला।

उन्होंने ट्रस्ट की इस पहल की सराहना की, वहीं पालकों व शिक्षकों ने ट्रस्ट के प्रति आभार व्यक्त किया। ट्रस्ट के पदाधिकारियों ने भविष्य में भी ऐसे सामाजिक व शैक्षणिक उपक्रम जारी रखने का संकल्प व्यक्त किया।कार्यक्रम का सूत्र संचालन मुख्य अध्यापिका प्रीती पाटिल ने किया।इस दौरान दो स्कूलों को अलमारी भी दी गयी।

## मुख्यमंत्री भजनलाल की पहल से जनसुनवाई बनी सुशासन की नई मिसाल

**जयपुर, 6 अगस्त। मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा के** कुशल एवं दूरदर्शी नेतृत्व में राज्य सरकार आमजन की प्रत्येक समस्या का समाधान करने के लिए तत्परता से कार्य कर रही है। शासन को सेवा का माध्यम मानते हुए यह सरकार प्रदेशवासियों के हित के लिए पारदर्शिता, जवाबदेहिता एवं संवेदनशीलता के साथ पं. दीनदयाल उपाध्याय के अंत्योदय के संकल्प को पूरा करने में जुटी हुई है। मुख्यमंत्री द्वारा नियमित रूप से की जा रही जनसुनवाई भी इसी संकल्प को साकार करने की दिशा में एक सार्थक कदम है। जनसुनवाई में फरियादी नगर निगम, जेडीए, गृह, जन स्वास्थ्य



अभियांत्रिकी, सार्वजनिक निर्माण विभाग, विद्युत, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य, खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति, जल संसाधन सहित विभिन्न विभागों से संबंधित समस्याएं लेकर पहुंचते हैं। कोई परिवादी बीमारी में इलाज की मदद के लिए आते हैं तो कोई परिवादी अपनी पेंशन से जुड़े प्रकरण को निस्तारण के लिए तो कोई विद्युत कृषि कनेक्शन के लिए। मुख्यमंत्री संवेदनशीलता दिखाते हुए इन सभी प्रकरणों का मौके पर ही निस्तारण कर रहे हैं जिससे आमजन में प्रशासन के प्रति विश्वास बढ़ा है।

कोटपूतली-बहरोड़ के जयराम तथा कोटपूतली के नारायणपुर तहसील निवासी जयराम किसान परिवार से हैं। उन्होंने कृषि विद्युत कनेक्शन के लिए आवेदन किया था जोकि पिछले काफी समय से लंबित था। जनसुनवाई में अपने इस प्रकरण को लेकर जब जयराम आए तो मुख्यमंत्री ने फसलों के सीजन को देखते हुए त्वरित कार्यवाही के निर्देश दिए। अधिकारियों ने जयराम के कृषि कनेक्शन आवेदन को प्राथमिकता से लेते हुए कनेक्शन उपलब्ध करा दिया। इसी तरह अलवर की लक्ष्मणगढ़ तहसील के कैलाश चंद मीणा को भी कृषि विद्युत कनेक्शन के अभाव में फसलों की सिंचाई नहीं होने से काफी समस्या का सामना करना पड़ रहा था। उन्होंने जनसुनवाई में मुख्यमंत्री को अपनी इस परेशानी से अवगत कराया तो मुख्यमंत्री ने किसान होने के नाते उनकी समस्या को समझा तथा तुरंत इसके समाधान के निर्देश दिए।

## तख्त श्री हरमंदिर जी पटना साहिब प्रबंधक समिति ने एडवोकेट धामी से मुलाकात की

**अमृतसर, 6 अगस्त : ( सुरेश रहेजा, परवीन कुमार, साहिल रहेजा )**

कल, तख्त श्री हरमंदिर जी पटना साहिब प्रबंधक समिति के अध्यक्ष जगजोत सिंह सोही के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल ने शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक समिति के अध्यक्ष एडवोकेट हरजिंदर सिंह धामी से मुलाकात की और श्री गुरु तेग बहादुर साहिब जी के 350वें शहीदी दिवस के अवसर पर आयोजित होने वाले कार्यक्रमों पर चर्चा की। प्रतिनिधिमंडल ने एडवोकेट धामी को 31 अगस्त को



तख्त श्री पटना साहिब से शहीदी दिवस के अवसर पर आयोजित होने वाले नगर कीर्तन में शामिल होने के लिए आमंत्रित किया और सिख संगठनों से सहयोग की अपील की। प्रतिनिधिमंडल में तख्त श्री पटना साहिब प्रबंधक कमेटी के अध्यक्ष स. जगजोत सिंह सोही, मुंबई, महासचिव स. इंद्रजीत सिंह और उपाध्यक्ष स. गुरविंदर सिंह मौजूद थे। बैठक के दौरान तख्त श्री पटना साहिब के अध्यक्ष स. जगजोत सिंह सोही ने कहा कि नौवें गुरु की शहीदी शताब्दी के उपलक्ष्य में 31 अगस्त को श्री पटना साहिब से एक विशेष नगर कीर्तन निकाला जा रहा है, जो झारखंड, बंगाल, कलकत्ता, आसनसोहल, ओडिशा, बनारस, कानपुर, लखनऊ, उत्तराखंड, दिल्ली और हरियाणा होते हुए श्री आनंदपुर साहिब पहुंचेगा। उन्होंने कहा कि आज वे सिख पंथ की सर्वोच्च संस्था शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के अध्यक्ष से इसमें शामिल होने का अनुरोध करने आए हैं और उन्होंने सिख संगठन से भी सहयोग की अपील की है।

## पीएचसी भवन की चारदीवारी टेढ़ी हुई, प्लास्टर भी उड़ा



**झुंझुनू।** राजकीय प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र बुगाला के बनाए गए नए भवन की चारदीवारी का जगह-जगह से प्लास्टर उड़ गया है तथा कई जगह से टेढ़ी भी हो गई है। किसान नेता सुभाष बुगालिया व ग्रामीणों ने बताया कि इस भवन का 2 अक्टूबर 2023 को पूर्व विधायक व चिकित्सा राज्य मंत्री डॉ राजकुमार शर्मा ने उद्घाटन किया था। ग्रामीणों ने ठेकेदार पर आरोप लगाते हुए कहा कि इसमें घटिया किस्म की सामग्री का इस्तेमाल किया गया था। तुरंत ही चारदीवारी की मरम्मत की जाए वरना कुछ ही दिनों में यह गिर सकती है। परिसर में बनाए गए चेम्बर भी बरसाती पानी के साथ मिट्टी से भर गए।

## नेतभोमिया मंदिर में भजनों की प्रस्तुतियां दी

**झुंझुनू।** समाजसेवी मेवासिंह बोला द्वारा निकाली जा रही संस्कृति चेतना यात्रा के तहत बुधवार को नेत भोमिया मंदिर में भजनों का कार्यक्रम हुआ। अलीपुर के सुरेश आर्य, प्रवीण, प्रद्युम्न, गुगनराम व पार्टी ने



धार्मिक भजनो की प्रस्तुतियां दी। इस दौरान पुजारी जोगेंद्र माहिच, विजय कुमार जांगिड़, अमीलाल बुगालिया, अंकित बुगालिया, दीपचंद चूड़ी, सन्तराम माहिच, रामस्वरूप केडिया, अरविंद झाझडि?ा आदि मौजूद रहे।

## राज्य सरकार की भ्रष्टाचार के खिलाफ जीरो टॉलरेंस की नीति

**जयपुर, 06 अगस्त।** मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में राज्य सरकार आमजन को संवेदनशील, भ्रष्टाचार मुक्त और पारदर्शी सुशासन देने के लिए प्रतिबद्ध है। इसी क्रम में मुख्यमंत्री ने राज्य सेवा के अधिकारियों के विरूद्ध अनुशासनात्मक कार्यवाही, अभियोजन स्वीकृति एवं 17-ए के विचाराधीन 37 प्रकरणों का निस्तारण करते हुए 55 अधिकारियों के जांच प्रकरणों में कार्यवाही की है। श्री शर्मा ने राज्य कर्मचारियों की अक्षमता, अकर्मण्यता तथा असंतोषजनक कार्य निष्पादन के प्रति कड़ा रुख अपनाते हुए गृह विभाग के 9 पुलिस निरीक्षकों को अनिवार्य सेवानिवृत्ति प्रदान कर राज्य सेवा से बाहर किया है। उन्होंने कार्मिकों की कार्य-शैली, कार्य-दक्षता, सत्यनिष्ठा, विभागीय जांच कार्यवाही एवं कार्य मूल्यांकन प्रतिवेदन आदि की विभिन्न स्तर पर स्क्रीनिंग करते हुए 9 कार्मिकों के प्रकरणों का उच्च स्तरीय समिति से परीक्षण करवाकर अनिवार्य सेवानिवृत्ति की कार्यवाही की है।

## सीतसर बालाजी धाम में दो दिवसीय धार्मिक आयोजन आज से

**झुंझुनू।** हर माह की भांति इस माह में भी श्रावण माह शुक्ल पक्ष की तेरस और चौदस गुरुवार और शुक्रवार को सीतसर गांव में सीतसर बालाजी धाम मन्दिर मे विभिन्न धार्मिक आयोजन संपन्न होंगे। मन्दिर समिति के अध्यक्ष पी एल शर्मा, सचिव सुरेश शर्मा, इंजीनियर रवि पारीक ने संयुक्त रूप से बताया कि आज गुरुवार को मन्दिर के महंत पुष्कर लाल पारीक के सानिध्य में रामायण का अखंड पाठ होगा। वही आज और कल दोनों दिन जयपुर, दिल्ली, सूरजगढ़, फतेहपुर की प्रसिद्ध भजनी मण्डल द्वारा अपनी अपनी सुरीली आवाज में भजन कीर्तन और गीत प्रस्तुत करेंगे। इसी क्रम में मन्दिर में आने वाले सभी श्रद्धालुओं के लिए प्रसाद खाने हेतु विशाल भंडारा आयोजित होगा तथा दूर दराज से आने वाले भक्त लोगो के रहने खाने-पीने की निः शुल्क व्यवस्था मन्दिर ट्रस्ट द्वारा की जावेगी। वही यात्रियों की सुरक्षा के लिए मन्दिर परिसर में सीसीटीवी कैमरे और पुलिस की माकूल व्यवस्था रहेगी। उक्त सभी धार्मिक अनुष्ठान को विधिवत रूप से संपन्न करने के लिए अलग अलग समितियों का गठन किया गया है। जिसमें मुख्य रूप से हरिराम बुडानिया, प्रहलाद अग्रवाल, संजय पंसारी, कैलाश चन्द्र जांगिड़ झुंझुनू, नटवर लाल सैनी, नरेन्द सिंह पूरा की ढाणी, विक्रम सिंह बोला, नरेन्द्र कान खुजिया, नरेन्द्र सिंह भाम्भू, मंगेज चावला, कैलाश ठेकेदार, अंकित शर्मा, रविन्द्र कटारिया, संजय चिंचड़ोली, संजय शर्मा, विकास पारीक, चीकू पारीक, नरेश पारीक, नीकु पारीक, भवानी शर्मा कबिलसर आदि को सम्मिलित किया गया है।

## बिजली उपभोक्ता संघर्ष समिति की बैठक आयोजित

**झुंझुनू।** सूचना केंद्र झुंझुनू में बिजली उपभोक्ता संघर्ष समिति को मीटिंग हुई। मीटिंग की अध्यक्षता वयोवृद्ध किसान नेता फूलचंद ढेवा ने की । मीटिंग का संचालन एडवोकेट फूलचंद बर्बर ने किया। जिसमें सर्वसम्मति से तय किया गया कि किसी भी कीमत पर स्मार्ट मीटर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। इस अवसर पर 17 अगस्त



को अंबेडकर पार्क झुंझुनू में स्मार्ट मीटर के खिलाफ एक कन्वेंशन किया जाएगा। इस कन्वेंशन में जिले के तमाम जनप्रतिनिधि, सामाजिक कार्यकर्ता और बिजली उपभोक्ता संगठनों के प्रतिनिधि भाग लेंगे। इस कन्वेंशन में स्मार्ट मीटर के खिलाफ व्यापक रणनीति बनाकर एक बड़ा जन आंदोलन खड़ा किया जाएगा। इस अवसर पर तहसील वाइज जिम्मेदारिया तय कर व्यापक जनसंपर्क अभियान चलाया जाएगा। मीटिंग में सुल्ताना में गरीबों पर बिजली विभाग द्वारा दर्ज मुकदमा वापस लिया जाए, अन्यथा आर पार की लड़ाई लड़ेंगे। लड़ेंगे मरेंगे लेकिन स्मार्ट मीटर नहीं लगने देंगे। बैठक में जैसलमेर जिले में स्मार्ट मीटर जबरन लगाने के लिए राजस्थान सरकार द्वारा पुलिस मुहैया करवा कर जोर जबरदस्ती करने की कड़ी आलोचना की। आगामी 20 अगस्त के जिला बंद का भी बैठक में समर्थन किया।

## गौ संगोष्ठी कार्यक्रम आयोजित



**झुंझुनू।** राणी सती रोड स्थित गौ सवंर्धन संस्थान झुंझुनू कार्यालय में गौ संगोष्ठी का कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि वैद्य दीपक शर्मा ने गौ पंचगव्य का महत्व बताया और साथ में पंचगव्य से असाध्य रोगों के उपचार की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि छोटे-छोटे उपायों से बड़े बड़े रोगो को समाप्त किया जा सकता है। इसके बाद विभाग प्रचारक मुकेश ने गौ माता से मिलने वाले सम्पूर्ण स्वास्थ्य लाभ बताए। इसके साथ में उन्होंने बताया कि गौ माता केवल आस्था का विषय नहीं, अपितु स्वास्थ्य, समृद्धि व संपूर्ण जीवनचक्र की आधारशिला हैं। भारतवर्ष की संस्कृति में गाय का स्थान सर्वोपरि रहा है। हमारे शास्त्रों, आयुर्वेद और गुरुकुल परंपरा में गाय केवल एक पालतू पशु नहीं बल्कि एक जीवित औषधालय के रूप में पूजनीय रही है। आज जब आधुनिक चिकित्सा पद्धति सीमाओं से जूझ रही है। अन्य वक्ता साध्वी राज राजेश्वरी बाईसा और विजयेंद्र वेदालकार ने पर्यावरण और गौ माता के महत्व पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर संस्थान अध्यक्ष प्रवीण स्वामी, अमर सिंह बाकोलिया, सुरेंद्र बंशीवाल, ज्योतिप्रकाश शर्मा, संजय मोरवाल, प्रमोद जानू, गजेंद्र शाह, सुनील प्रधान, कपिल सोनी, गणेश सोनी, जितेंद्र यादव, विजय डारा, विजय सैनी, ताराचंद सैनी हलवाई, राकेश टेकड़ीवाल, वेदप्रकाश महनसरिया, धीरज हिसारिया, राकेश सहल, विजेंद्र हटवाल, सुशील कुमावत, अजित जखोड़ा, शम्भू नेहरा, अनिल ढाका, सुनील ढाकाए, पंकज टेलरए,आकाश गौड़ समसपुरिया, दीपक महनसरिया, राजेश नायक, ज्ञानप्रकाश कटारिया, पवन सैनी, चन्दगी राम, विक्रम टांक, जयप्रकाश चौधरी, उमाशंकर महमिया, योगेंद्र सैनी, पशुपति गौ रक्षा दल, बिसाऊ गौ रक्षा दल सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## स्कूल बैग वितरित



**झुंझुनू।** एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक उदयपुरवाटी की ओर से प्रबंधक संग्राम सिंह शेखावत ने सामाजिक जिम्मेदारी के तहत स्वतंत्रता सेनानी श्री रिछपाल राम राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय, कासिमपुरा में कक्षा 1 से 5 तक के विद्यार्थियों को स्कूल बैग वितरित किए। इस अवसर पर विद्यालय की प्रेरक माया राठौड़ एवं संस्था प्रधान मुकेश कुमार ने बैंक की इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि इससे विद्यार्थियों में शिक्षा के प्रति उत्साह और लगन में वृद्धि होगी। उन्होंने बताया कि इस तरह की सामाजिक गतिविधियां न केवल बच्चों की जरूरतें पूरी करती हैं बल्कि शिक्षा के महत्व को भी मजबूत करती हैं। विद्यालय परिवार और ग्रामीण जनों ने एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि ऐसे सहयोग से ग्रामीण शिक्षा स्तर में सुधार होगा।

## मरू उड़ान कार्यक्रम के तहत महिलाएं सीखेंगी ड्राइविंग



**झुंझुनू।** बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अभियान के अंतर्गत बुधवार को मरू उड़ान कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। अभियान के तहत महिला अधिकारिता विभाग द्वारा महिलाओं को निःशुल्क मोटर ड्राइविंग कोर्स करवाया जाएगा। प्रथम बैच का शुभारंभ जिला कलेक्टर डॉ अरुण गर्ग ने हरी झंडी दिखाकर किया। शुभारंभ कार्यक्रम के दौरान जिला कलेक्टर ने महिलाओं को सशक्त और रोजगार से जुड? के नए आयाम में एक नई पहल की प्रशंसा करते हुए कहा कि झुंझुनू एक नया कदम और प्राप्त करेगा। इस दौरान विभाग के उपनिदेशक विप्लव न्योला, आईसीडीएस के उपनिदेशक विजेंद्र सिंह, सहायक जनसंपर्क अधिकारी विकास चाहर, मंजू, लता, गोविंद सैनी, उषा कुल्हरी, रेखा जांगिड़, पूजा कस्वा भी उपस्थित रही। विभाग के उपनिदेशक न्योला ने बताया कि एरिक ग्रुप झुंझुनू द्वारा संचालित मारुति सुजुकी ड्राइविंग स्कूल ने महिला अधिकारिता विभाग के साथ अनुबंध किया है जिसमें 20 महिलाओं को प्रशिक्षण दिया जाएगा।

# नारी निकेतन, अमृतसर में तीज उत्सव मनाया गया

**अमृतसर 6 अगस्त : ( सुरेश रहेजा, परवीन कुमार, साहिल रहेजा )**
सामाजिक सुरक्षा एवं महिला एवं बाल विकास विभाग, पंजाब के अंतर्गत सामुदायिक मानसिक मंदित गृह एवं राजकीय पश्चात देखभाल गृह, नारी निकेतन परिसर, अमृतसर में तीज उत्सव धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री श्री हरभजन सिंह की पत्नी श्रीमती सुहिंदर कौर, ईटीओ और उपायुक्त श्रीमती साक्षी साहनी मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहीं। इसके अलावा अतिरिक्त डिप्टी कमिश्नर (वी) मैडम परमजीत कौर, श्रीमती सुरिंदर कुमारी कार्यकारी अधिकारी अमृतसर इंप्रूवमेंट ट्रस्ट, श्रीमती कमलजीत गिल अध्यक्ष, स्पेशल ओलंपिक्स इंडिया, अमृतसर, श्री सरूप सिंह पन्नू, श्री रमेश कपूर (जगत ज्योति वेलफेयर सोसाइटी, अमृतसर), डॉ. अर्पिता कंसल (सचिव), रोटरी क्लब अमृतसर प्रीमियर, डॉ. तनुजा गोयल और श्री नरिंदरजीत कौर पन्नू, सदस्य जेजेबी, मैडम स्वराज ग्रोवर, मास्टर मनमोहन लाल भगत, वाइस कोऑर्डिनेटर एनएमएम, श्री बलविंदर सिंह काला प्रभारी वार्ड नंबर 12, श्री जसप्रीत सिंह (सीडीपीओ, शहरी 1), श्री गगनदीप सिंह (सीडीपीओ मजीठा), कुमारी सुमनदीप कौर (डीपीओ), श्रीमती। मीना देवी (डीएसएसओ), श्री तरूणजीत सिंह (डीसीपीओ), श्रीमती। नेहा चोपड़ा (सीपीओ), मिस सविता रानी (अधीक्षक एमआर होम), श्रीमती। इस अवसर पर राजिंदर कौर (अधीक्षक, आफ्टर केयर होम) उपस्थित थीं। तीज उत्सव का उद्देश्य समाज में विशेष आवश्यकता वाले बच्चों और पिछड़े वर्गों को प्रोत्साहित करना और समाज को इन बच्चों की मदद के लिए आगे आने के लिए आमंत्रित करना है। इस अवसर पर विशेष आवश्यकता वाले बच्चों के लिए काम करने वाले गैर सरकारी संगठनों ने भाग लिया, जिनमें आगोश, बीबी भानी ब्लाइंड स्कूल, मिशनदीप, दीप दव्या वेलफेयर सोसाइटी शामिल थीं। इन संगठनों की लड़कियों ने तीज के त्योहार से संबंधित एक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया। इस अवसर पर, जिला शिक्षा अधिकारी (प्राथमिक और माध्यमिक) के कार्यालय द्वारा शिक्षा और खेल के क्षेत्र में उल्लेखनीय उपलब्धियां हासिल करने वाली 4 लड़कियों को सम्मानित किया गया।

## शहीद मदन लाल ढींगरा जी का शहीदी दिवस 17 अगस्त को मनाया जाएगा- विधायक गुप्ता

**अमृतसर, 4 अगस्तः ( सुरेश रहेजा, परवीन कुमार, चंद्र मोहन, साहिल रहेजा )**
हर साल की तरह, पंजाब सरकार इस साल भी शहीद मदन लाल ढींगरा जी का शहीदी दिवस राज्य स्तर पर मनाएगी। इस अवसर पर, गोलबाग स्थित शहीद मदन लाल स्मारक पर श्रद्धांजलि अर्पित की जाएगी। इस अवसर पर, अमृतसर सेंट्रल के विधायक डॉ. अजय गुप्ता ने कहा कि पंजाब सरकार इस दिवस का राज्य स्तर पर आयोजन कर रही है और पंजाब के कैबिनेट मंत्री और विधायक इस कार्यक्रम में भाग लेंगे और शहीद को श्रद्धांजलि देंगे।
इस संबंध में तैयारियों की समीक्षा करते हुए, अतिरिक्त उपायुक्त श्री रोहित गुप्ता ने अधिकारियों को स्मारक के आसपास सफाई व्यवस्था पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए। इस अवसर पर, स्कूली बच्चों द्वारा देशभक्ति के गीत भी गाए जाएँगे और शहीद मदन लाल ढींगरा जी की जीवनी पर एक नाटक भी प्रस्तुत किया जाएगा।

## आगामी नगर निकायों के चुनाव हेतु आम आदमी पार्टी द्वारा खैरथल-तिजारा जिले के लिए राकेश शर्मा को जिला प्रभारी नियुक्त किया

**खैरथल संवाददाता अमित शर्मा**
**खैरथल!** खैरथल नगर निकायों के चुनाव हेतु आम आदमी पार्टी द्वारा खैरथल-तिजारा जिले के लिए राकेश शर्मा को जिला प्रभारी नियुक्त किया गया है राकेश शर्मा को जिला प्रभारी नियुक्त करने पर शहर के कई सामाजिक संगठनों ने उन्हें बधाई दी



## सिंधी सखी समिति ने धूमधाम से मनाया हरियाली तीज (टिजरी) उत्सव



**खैरथल संवाददाता अमित शर्मा**
**खैरथल,:** सिंधी सखी विकास समिति द्वारा बुधवार को हरियाली तीज उत्सव (टिजरी) पारंपरिक उल्लास के साथ एक निजी होटल में मनाया गया। समिति की अध्यक्ष गीता साधवानी के नेतृत्व में आयोजित इस कार्यक्रम में महिलाओं ने सिंधी संस्कृति की झलक प्रस्तुत करते हुए बढ़-चढ़कर भाग लिया। उत्सव में शामिल महिलाओं ने हरे और लाल रंग की पारंपरिक साड़ियाँ पहनकर, हाथों में मेहंदी और हरी चूड़ियों से श्रृंगारित होकर तीज माता के गीतों पर नृत्य किया। सावन की मस्ती के साथ झूले झूलते हुए लोकगीतों की गूंज ने माहौल को और भी उल्लासपूर्ण बना दिया। कार्यक्रम के दौरान विभिन्न मनोरंजक गतिविधियाँ जैसे गेम्स, नृत्य और तीज क्वीन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। 'तीज क्वीन' प्रतियोगिता में हिमांशी बोदवानी और चारु बोदवानी को विजेता घोषित किया गया। इस आयोजन में समिति की अध्यक्ष गीता साधवानी के साथ नैना रोघा, एकता, बरखा, कोमल, हिमांशी, जीया, सपना, सौम्या, भाविका और भारती ने विशेष योगदान दिया।

## दबंगों ने रास्ता रोका सांसद को दिया ज्ञापन

**देश का दर्पण .दैनिक पेपर**



**न्यूज रिपोर्टर.राकेश कोठेनिया हलेना**
कठूमर ( अलवर ) दबंगों की दबंगाई से रास्ते को बन्द किया घोषराना,तहसील,कठूमर,जिला (अलवर) गरीब घर से हु मेरे गांव में गरीब लोगों से जबरन काम के लिए उकसाते है। गुलामी वाले शब्दों से प्रभावित करते है। रास्ते में बिजली के खंभे भी गाड़ दिए।। मैने इस आवाज को देखते उठाना चहा तो मुझे धमकियां मिलने लगीं। समाज सेबी गोकुल सिंह पुत्र रामस्वरुप जाटव घोषराना ने बताया पहले इस रास्ते में टैक्टर निकल जाता था अब उस रास्ते मोटर साइकिल निकलना दुर्भर है मेरे पर मुकदमे दर्ज के लिए भी बोला। ये रास्ता खसरा नंबर 409, रकबा मदरसा विद्यालय खसरा नंबर 770 रकबा 0400 का हैं जाटव समाज ने रास्ते की समस्या के बारे में 30 जुलाई को टोल फ्री नंबर अढउफ/ इढ/ फख /2025 /303434 शिकायत कर चुके है सांसद संजना जाटव को दिया ज्ञापन।

## विशेष गहन पुनरीक्षण 2025 , विशेष कैम्प में दावा -आपत्ति लेने के साथ-साथ डॉक्यूमेंट अपलोडिंग का कार्य जारी

**सीवान संवाददाता मसरूर अहमद**
**सिवान 06 अगस्त 2025 बुधवार को**
**विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत दि**नांक 01 अगस्त 2025 को प्रकाशित प्रारूप मतदाता सूची में दावा एवं आपत्तियाँ प्राप्त करने एवं डॉक्यूमेंट अपलोडिंग के उद्देश्य से सभी प्रखंड /अंचल/नगर निकाय/पंचायत कार्यालय में विशेष कैंप का आयोजन किया जा रहा है।
निर्वाचक सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण 2025 के क्रम में दावा/ आपत्ति अवधि 01 अगस्त से 01 सितंबर 2025 तक मतदाताओं से प्राप्त किया जाएगा । मतदाताओं को विशेष सुविधा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से उक्त अवधि में मिशन मोड में दावा-आपत्ति के निवारण के लिए विशेष कैंप का संचालित किया जा रहा है। नागरिक की सुविधा के लिए विशेष कैंप का आयोजन पूर्वाह्न 10:00 बजे से 5:00 बजे अपराह्न तक सभी प्रखंड सह अंचल कार्यालय एवं सभी नगर निकायों में आयोजित किया गया है। सभी कैंप में जिले का कोई भी मतदाता किसी भी प्रकार के दावा-आपत्ति आवेदन पत्र फॉर्म-6 ,फॉर्म-7,फॉर्म-8 एवं अन्य दस्तावेज समर्पित कर सकते हैं। फॉर्म 06:-नये मतदाता पंजीकरण के लिए फार्म 07,- मतदाता सूची में नाम विलोपन हेतु
फार्म 08,,-स्थानान्तरण, प्रविष्टियों में सुधार ,पी डब्लू डी निर्वाचक के रूप में चिन्हित करने हेतु। जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह जिला पदाधिकारी सिवान, डॉआदित्य प्रकाश ने स्पष्ट शब्दों में आदेश देते हुए कहा है कि प्रत्येक दिन कार्य दिवस समाप्ति के पश्चात संबंधित सहायक निवार्ची पदाधिकारी सह प्रखंड विकास पदाधिकारी का यह व्यक्तिगत दायित्व होगा कि प्राप्त सभी आवेदन पत्रों को विधानसभा वार/मतदान केंद्र वार अलग-अलग कर संबंधित को उपलब्ध कराएंगे।

# न्याय में विलंब: सीवान के भूमि सुधार उप समाहर्ता और अपर समाहर्ता के कार्यशैली पर उठे गंभीर सवाल

**सीवान जिले के भूमि उप समाहर्ता और अपर समाहर्ता** के कामकाज में अनियमितता और मनमानी को लेकर एक महत्वपूर्ण पत्र राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग को भेजा है। इस पत्र में, विभिन्न आवेदकों, जिसमें जिला अधिवक्ता संघ, सीवान के अधिवक्ता भी शामिल हैं, द्वारा की गई शिकायतों का जिक्र है।
ग्रामीण विकास विभाग की संयुक्त सचिव रुक्मिनी कुमारी द्वारा अपर मुख्य सचिव, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, बिहार, पटना को 5 अगस्त, 2025 को लिखे गए इस पत्र (पत्रांक-4432734/पटना) में स्पष्ट रूप से कहा गया है कि इन



अधिकारियों के न्यायालयीन कार्य में गंभीर अनियमितताएं देखी जा रही हैं।

आरोप और शिकायतों का विवरण
शिकायतों के अनुसार, सीवान की भूमि सुधार उप समाहर्ता जब चाहें तब कोर्ट छोड़कर चली जाती हैं, जिससे न्यायिक प्रक्रिया में बाधा उत्पन्न होती है। वहीं, अपर समाहर्ता भी नियमित रूप से समय पर अपने कार्यालय में उपस्थित नहीं होते हैं। इन अधिकारियों के इस रवैये से वकीलों और वादियों को घंटों इंतजार करना पड़ता है, जिससे न्याय मिलने में अनावश्यक देरी हो रही है।
ये शिकायतें मुख्य सचिव कार्यालय तक भी पहुंची थीं, जिन्होंने इनका संज्ञान लेते हुए आवश्यक कार्रवाई के लिए अपर मुख्य सचिव, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग को पत्र भेजा है। इस मामले में मुख्य सचिव कार्यालय की डायरी संख्या-2510, दिनांक 27.05.25 (ई.ओ.एन-4138505/25) का भी उल्लेख किया गया है, जो इस मुद्दे की गंभीरता को दशार्ता है।
अधिकारियों की कार्यशैली में सुधार की उम्मीद
अब सभी की निगाहें अपर मुख्य सचिव, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग पर टिकी हैं कि वे इस मामले में क्या कदम उठाते हैं। यह देखना दिलचस्प होगा कि क्या इन अधिकारियों की कार्यशैली में कोई सुधार होता है या वे पुराने ढर्रे पर ही काम करते रहेंगे।

# पर्यावरण बचाने का संदेश लेकर साइकिल से निकले युवक, पहुंचे गंगासागर झ्र अब लक्ष्य सुंदरबन

**रमेश राय,** गंगासागरः
पर्यावरण को प्रदूषण से बचाने का एक ही लक्ष्य लेकर हुगली जिले के महानद गांव के युवक सागर कर साइकिल से यात्रा पर निकले हैं। उन्होंने गंगासागर के कपिलमुनि आश्रम पहुंचकर अपने अभियान को जारी रखा। अब उनका अगला लक्ष्य है झ्र सुंदरबन के लोगों को पर्यावरण संरक्षण का संदेश देना।
सागर कर हर मोड़ पर रुककर लोगों से पेड़ लगाने और जल बबार्दी रोकने की अपील कर रहे हैं। उनकी टी-शर्ट पर लिखा है झ्र ग्रीन बंगाल, क्लीन बंगाल, पर्यावरण को स्वस्थ रखें जैसे अनेक सचेतनता भरे संदेश।
जब उनसे पूछा गया कि वह साइकिल से ही क्यों यात्रा कर रहे हैं, तो उन्होंने कहा झ्र ह्लसाइकिल चलाने से पर्यावरण को कोई नुकसान नहीं होता। इसमें ना पेट्रोल



लगता है, ना डीजल। यह पूरी तरह से पर्यावरण अनुकूल है। इसी माध्यम से मैं यह संदेश देना चाहता हूं कि हम अपनी रोजमर्रा की चीजों को भी पर्यावरण के अनुकूल बनाएं।ह्वसागर कर पहले भी साइकिल से कन्याकुमारी, तिरुपति बालाजी, दक्षिणेश्वर, कालीघाट जैसे कई स्थानों की यात्रा कर चुके हैं और हर यात्रा का मकसद रहा है झ्र पर्यावरण की रक्षा। अब उनकी नजर सुंदरबन पर है। वे कहते हैं ह्लहमें सुंदरबन को बचाना होगा। मैं सुंदरबन के हर कोने में जाकर लोगों को समझाना चाहता हूं कि हमें अपने पर्यावरण को बचाना होगा। मेरी अगली मंजिल है बकखाली।

## श्रीमती पुतुल देवी, रघुनाथपुर प्रखंड की जीविका दीदी को राष्ट्रपति भवन से स्वतंत्रता दिवस स्वागत समारोह- 2025 कार्यक्रम में अतिथि के रूप में शामिल होने का मिला निमंत्रण पत्र

**सीवान संवाददाता मसरूर अहमद**
**सिवान,06 अगस्त 2025 बुधवार को**



**जिला को गौरवान्वित करने वाला समाचार प्राप्त हुआ है।** " एक पेड़ मां के नाम" अभियान के तहत वर्ष-2024-25 में बेहतर प्रदर्शन करने वाले स्वयंसेवक/ कार्यकर्ता/ जीविका दीदी को राष्ट्रपति भवन नई दिल्ली में आयोजित स्वतंत्रता दिवस स्वागत समारोह- 2025 के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में भारत सरकार केअतिथि के रूप में शामिल करने हेतु नाम की अनुशंसा की मांग की गई थी। इसी क्रम में श्रीमती पुतुल देवी रघुनाथपुर प्रखंड निवासी जीविका दीदी का नाम "एक पेड़ मां के नाम" अभियान के तहत वर्ष 2024-25 में बेहतर प्रदर्शन करने वालों के रूप में वन प्रमंडल पदाधिकारी, सिवान के द्वारा अनुशंसित किया गया था। श्रीमती पुतुल देवी को राष्ट्रपति भवन, नई दिल्ली में स्वतंत्रता दिवस स्वागत समारोह- 2025 के अवसर आयोजित कार्यक्रम में शामिल होने हेतु अतिथि के रूप में निमंत्रण पत्र प्राप्त हुआ है। पूरे बिहार से एकमात्र श्रीमती पुतुल देवी को ही निमंत्रण पत्र प्राप्त हुआ है। विदित हो कि श्रीमती पुतुल देवी, जीविका दीदी के द्वारा मुख्यमंत्री (निजी/अन्य) पौधशाला का संचालन लगभग 5 वर्षों से किया जा रहा है। श्रीमती पुतुल देवी के द्वारा अपने ग्राम में सभी ग्रामीण विशेषकर महिलाओं को" एक पेड़ मां के नाम "योजना के तहत पौधारोपण करने हेतु लगातार जागरूक किया जा रहा है। साथ ही विगत वर्ष में उनके द्वारा 2500 पौधा का वितरण भी किया गया था।

## जिला चिकित्सालय में स्तनपान सप्ताह के तहत पोस्टर औरक्विज प्रतियोगिता आयोजित

**सुरज वर्मा**
**शाहपुरा श**हर में जिला चिकित्सालय शाहपुरा में विश्व स्तनपान सप्ताह (1 से 7 अगस्त) के अंतर्गत बुधवार को पोस्टर एवं क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस वर्ष की थीम के अनुरूप कार्यक्रम का उद्देश्य छह माह तक के नवजात शिशुओं के लिए मातृत्व दूध के महत्व को जागरूक करना रहा। मुख्य चिकित्सा अधिकारी (पीएमओ) डॉ. अशोक जैन ने बताया कि ह्लमां का पहला दूध नवजात के लिए जीवन रक्षक अमृत के समान होता है। इससे बच्चे की रोग प्रतिरोधक क्षमता मजबूत होती है और शारीरिक व मानसिक विकास को बल मिलता है।प्रतियोगिता में नर्सिंग ऑफिसर निर्मला नागर और चंदा सेन ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। वहीं क्विज प्रतियोगिता में ममता धाकड़ (निर्मला नागर) को विजेता घोषित किया गया। विजेताओं को सम्मानित किया गया।इस अवसर पर डॉ. श्रद्धा जैन (स्तनपान प्रबंधन इकाई प्रभारी), डॉ. अमित गुप्ता, अशोक चौधरी, ओमप्रकाश शर्मा, कैलाश गोठवाल सहित अस्पताल का समस्त चिकित्सा एवं नर्सिंग स्टाफ मौजूद रहा।

## पुलिस द्वारा जिले के शिक्षण संस्थानों में सायबर जागरूकता के लिए विधार्थियो को किया जागरूक

**पुलिस** अधीक्षक विकास सांगवान के निर्देशन में आज जिले में सभी थानों की पुलिस टीमों द्वारा शिक्षण संस्थानों में पहुँच कर छात्र छात्राओं को साइबर क्राइम के प्रति जागरूक किया गया। साइबर ठगी से बचने के लिए कई बिंदुओं की विस्तृत जानकारी दी गई। इस दौरान पुलिस की टीमों ने विधार्थियो को बताया कि इंटरनेट के उपयोग की सही जानकारी होने पर साइबर अपराध से बचा जा सकता है। ऑनलाइन खातों के लिए मजबूत पासवर्ड बनाए, इसके अलावा सोशल मीडिया प्लेटफार्म जैसे व्हाट्सअप, ट्विटर(एक्स), फेसबुक व इंस्टाग्राम पर अपनी व्यक्तिगत जानकारी सार्वजनिक न करें। क्योंकि कोई भी व्यक्ति आसानी से आपकी जानकारी का इस्तेमाल कर दुरूपयोग कर सकता है। फर्जी लॉटरी लगने का कॉल करने वालों को कभी अपनी बैंक की डिटेल शेयर न करें। डिजिटल अरेस्ट से बचाव के लिए बताया गया कि किसी भी अनजान कॉल, मैसेज पर प्रतिक्रिया न दें। टावर लगाने के नाम पर भी लोगों से ठगी की जाती है। इससे बचने हेतु किसी अज्ञात बैंक खाता में पैसा जमा न करें। छात्र, छात्राओं को विस्तारपूर्वक व्हाट्सअप, एक्स, फेसबुक व इंस्टाग्राम आदि को सुरक्षित रखने हेतु बताया गया। अन्त में सभी छात्र-छात्राओं व स्कूल के स्टाफ से अपेक्षा की कि वर्कशॉप में दी गई जानकारी को अपने परिवार, आस-पड़ोस में अधिक से अधिक लोगों को बतायें जिससे की कोई भी व्यक्ति जानकारी के अभाव में साइबर अपराधियों का शिकार न हो। इस दौरान जिले के विभिन्न स्कूलों व कालेज में पुलिस की टीमों ने बताया क कि सायबर सुरक्षा के सतर्कता ही अहम उपाय है इसके साथ ही ये भी बताया गया कि सायबर सुरक्षा के लिए क्या करना चाहिए और क्या नहीं करना चाहिऐ

क्या करें
- पासवर्ड बनाने से पहले ध्यान रखें कि वो यूनिक और कठिन हो।
- हर ऑनलाइन अकाउंट के लिए अलग पासवर्ड रखें।
- सोशल मीडिया साइट्स के लिए सेकेंडरी ई-मेल एड्रेस बनाकर रखें।
- अगर कोई अकाउंट आप इस्तेमाल नहीं करते हैं तो उसे डिलीट कर दें।
- हमेशा प्रमाणिक व लाइसेंस वाले सॉफ्टवेयर का ही प्रयोग करें।
- ऑनलाइन बैंकिंग में ध्यान रखें कि आपने यूआरएल को मैन्युअली टाइप किया हो।
- अज्ञात ई-मेल में आए किसी भी अटैचमेंट को डाउनलोड करने से बचें।
- एप ऑफिशियल स्टोर गूगल प्ले स्टोर व एप्पल के फेयर एप स्टोर से लें।

क्या न करें
- अपनी किसी भी जानकारी को सोशल मीडिया पर साझा न करें।
- किसी भी असुरक्षित और फेक वेबसाइट पर जाने से बचें।
-ऑनलाइन अकाउंट्स को हमेशा लॉग आउट करें।
- क्रेडिट कार्ड या डेबिट कार्ड की जानकारी वेब ब्राउजर में जमा न करें।
- निजी और बैंकिंग ब्योरा फोन या ई-मेल या एसएमएस से शेयर न करें।
- अपनी व्यक्तिगत/ निजी तस्वीरें सार्वजनिक रूप से साझा न करें।
- शर्म, शर्मिंदगी और आत्म-दोष के कारण शिकायत दर्ज में संकोच न करें। पुलिस अधीक्षक विकास सांगवान के निर्देशन में इसके अलावा सभी थानों की पुलिस टीमों द्वारा छात्र छात्राओं को फर्जी लॉन एप, वर्तमान सेक्सटॉर्शन, क्यूआर बेस्ड पेमेंट फ्रॉड, फर्जी सरकारी साईट,एंटी वायरस जानकारी साझा करते हुए उससे बचने की सलाह दी गई

## भीलवाड़ा फुटबॉल संघ एक पुनः रचेगा इतिहास



**सुरज वर्मा**
भीलवाड़ा जिले में राजस्थान फुटबाल संघ ने एक बार फिर जिला फुटबॉल संघ पर विश्वाश जताते हुए दी बड़ी जिम्मेदारी जिला फुटबॉल संघ के सचिव कैलाश चंद्र खटीक ने बताया राजस्थान फुटबाल संघ के सचिव दिलीप सिंह शेखावत ने एक बार फिर सीनियर महिला स्टेड प्रतियोगिता की मेजबानी भीलवाड़ा को सोफी हे साल 2021 में भीलवाड़ा ने वीटी इंटरनेशनल स्कूल में सीनियर महिला फुटबाल प्रतियोगियों का सफल ओर शानदार आयोजन कराया था उसी की तर्ज पर सभी जिला संघों की मांग पर इस बार भी इस प्रतियोगिता की मेजबानी भीलवाड़ा को सोफी हे संघ के प्रवक्ता दीपक खींची ने विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि 16 अगस्त से प्रतियोगिता प्रारंभ होगी प्रतियोगिता में कुल 30 टीमों में 600 खिलाड़ी के साथ कुच राष्ट्रीय खिलाड़ी भी भाग लेंगे सभी मैच विटी इंटरनेशनल स्कूल के मैदान पर खेले जाएंगे प्रतियोगिता में निर्णायक की भूमिका निभाने वाले सभी निर्णायक कैट 4 डिग्री धारी लोकेश बुनकर जगदीश बुनकर गोपाल लुहार अमन चंदेल योगेश वर्मा रहेंगे प्रतियोगिता में भाग लेने वाली सभी खिलाड़ियों को आवास भोजन एवं पारितोषिक जिला फुटबॉल संघ द्वारा निःशुल्क दिया जाएगा प्रतियोगिता के आयोजन अध्यक्ष वशिष्ठ विश्नोई एवं सचिव ओमप्रकाश काबरा एवं सह सचिव शंकर लाल जीनगर एवं आवास प्रभारी पहलाद सिंह होंगे 14 अगस्त को जिला फुटबॉल संघ के अध्यक्ष लादू लाल तेली द्वारा जिले की टीम की घोषणा की जाएगी इस अवसर पर कैलाश चंद्र कोठारी दुर्गेश जोशी मिथलेश मारू भेरू लाल जीनगर अनिल व्यास पारसराम छापरवाल डालचंद चंदेल सदिक पठान दिनेश सेन अब्दुल वाब तेजपाल वर्मा बनवारी शर्मा विनोद रूनवाल चेतन शर्मा अनूप तिवाड़ी आदि मौजूद थे

## भीलवाड़ा में कांग्रेस का भाजपा के खिलाफ हल्ला बोल: बोले- सरकार अब भी नहीं संभली तो उग्र आंदोलन किया जाएगा; विरोध प्रदर्शन के बाद दिया ज्ञापन

**सुरज वर्मा**
भीलवाड़ा में कांग्रेस ने भाजपा सरकार पर जनविरोधी नीतियों का आरोप लगाते हुए हल्ला बोल प्रदर्शन किया। जिला कलेक्टर कार्यालय के बाहर विरोध प्रदर्शन के राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौंपा गया।



बोले- जनता की आवाज दबा रहे।ज्ञापन के माध्यम से कांग्रेसजनों ने भाजपा सरकार पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि यह सरकार पूरी तरह जनविरोधी मानसिकता से ग्रस्त है। भाजपा का शासन जमीनी स्तर पर असफल हो चुका है, हर मोर्चे पर विफलता और प्रशासनिक अराजकता का माहौल बन गया है। सरकार सत्ता के मद में चूर होकर आमजन के साथ दोगला व्यवहार कर रही है, राजनीतिक प्रतिशोध की भावना से काम कर रही है और जनता की आवाज को दबाने में जुटी हुई है। इस मौके पर जिला कांग्रेस अध्यक्ष अक्षय त्रिपाठी ने आरोप लगाते हुए कहा भाजपा यह आक्रमणकारी सरकार है, जो विकास और जनसेवा छोड़कर केवल झूठे वादों, दिखावटी इवेंट्स और प्रचार प्रसार में व्यस्त है। महंगाई, बेरोजगारी, भ्रष्टाचार, किसान-मजदूरों की समस्याएं चरम पर हैं लेकिन भाजपा सरकार के मंत्री और नेता जनता के दुःख-दर्द से पूरी तरह बेपरवाह होकर सरकार मस्त, जनता त्रस्त की नीति पर चल रहे हैं। कांग्रेस प्रवक्ता दुर्गेश पानेरी बताया कि भाजपा शासन में आम आदमी की आवाज दबाने का सुनियोजित षड्यंत्र चल रहा है। सत्ता के संरक्षण में अराजक तत्व खुलेआम गुंडागर्दी कर रहे हैं। महंगाई और बेरोजगारी पर सवाल उठाने वालों पर झूठे मुकदमे लादे जा रहे हैं। आज प्रदेश की जनता सरकार से जवाब मांग रही है और आने वाले समय में इस जनविरोधी सरकार को जनता माफ नहीं करेगी। इस दौरान महिला कांग्रेस, यूथ कांग्रेस, पार्षद, कांग्रेस पदाधिकारी सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता और विभिन्न समाजों के प्रतिनिधि मौजूद रहे।

## जयपुर रेंज IG राहुल प्रकाश खाटूश्यामजी दौरे पर



देश का दर्पण न्यूज
संवाददाता सुरेन्द्र कुमार सोनी

आईजी राहुल प्रकाश ने श्याम दरबार में हाजिरी लगाई व बाबा श्याम के दर्शन किये। श्री श्याम मंदिर कमेटी के मंत्री मानवेंद्र सिंह चौहान ने विधिवत रूप से पूजा-अर्चना करवाई। दर्शन के बाद IG कमेटी कार्यालय पहुंचे। जहां उनका श्याम दुपट्टा ओढ़ाकर व बाबा श्याम की तस्वीर व चांदी का निशान भेंट कर स्वागत किया। IG ने मंदिर व्यवस्थाओं का निरीक्षण भी किया। इस दौरान SP प्रवीण नायक नुनावत, डिप्टी संजय बोथरा, थानाप्रभारी पवन चौबे, कमेटी व्यवस्थापक संतोष शर्मा मौजूद रहे।

# मनरेगा मजदूरों का फूटा गुस्सा : न योजना के तहत मिल रहा काम, न ही मिलते अधिकारी

**कैथल (कृष्ण प्रजापति):** जिले में मनरेगा मजदूरों ने बुधवार को जिला परिषद कार्यालय के बाहर जोरदार प्रदर्शन किया। मजदूरों ने आरोप लगाया कि मनरेगा योजना के तहत उन्हें न तो काम मिल रहा है और न ही अधिकारी उनकी बात सुनते हैं। प्रदर्शनकारियों ने यह भी कहा कि बिना रिश्वत दिए काम नहीं मिलता और मनरेगा में व्याप्त भ्रष्टाचार किसी भी अन्य विभाग से कहीं ज्यादा है।

प्रदर्शन की अगुवाई कर रहे कामरेड फूल सिंह, प्रदेश अध्यक्ष जन संघर्ष मंच हरियाणा एवं मनरेगा मजदूर यूनियन के प्रांतीय सलाहकार ने सरकार से मांग की कि मनरेगा में "जीरो टॉलरेंस" नीति लागू की जाए। उन्होंने कहा कि अगर सरकार भ्रष्टाचार खत्म नहीं कर सकती तो उसे इस पर बोलना भी बंद कर देना चाहिए। मजदूरों ने कहा कि कई बार अधिकारियों को शिकायतें दी गईं हैं, यहां तक कि कई कर्मचारियों की ऑडियो और वीडियो भी सौंप



दी गई हैं, लेकिन अब तक कोई कार्रवाई नहीं हुई। उन्होंने अधिकारियों और कर्मचारियों पर भ्रष्टाचार को खत्म करने की बजाय उसे "परमानेंट" करने का आरोप लगाया।

प्रदर्शन में शामिल मजदूरों ने गुस्से में कहा कि हम सुबह से जिला परिषद कार्यालय में बैठे हैं, लेकिन शाम तक कोई अधिकारी मिलने तक नहीं आया।

प्रदर्शन में शामिल मजदूरों में कामरेड जोगेंद्र सिंह (जिला प्रधान मनरेगा मजदूर यूनियन), सोनू (प्रधान कांगथली), नफे सिंह (मनरेगा मेट), सुरेश, प्रदीप सजुमा, वेद प्रकाश दयोहरा, सीमा, हरजीत, सुलोचना, बिमला, गेजो, बाला, पिंकी, दर्शना, शीला, धन्नो, होशियारी, ओमपति, उषा, सुभाष, संतरों, अंग्रेजों, पूनम, कैलाशो, वेदों, सुषमा सहित दर्जनों मजदूर शामिल रहे। मजदूरों ने चेतावनी दी कि अगर जल्द ही समस्याओं का समाधान नहीं हुआ, तो वे जिला मुख्यालय पर अनिश्चितकालीन धरना शुरू करेंगे।

सरकार और प्रशासन के खिलाफ मजदूरों की यह आवाज अब कैथल ही नहीं, पूरे हरियाणा में गूंज रही है।

# 14 अगस्त को फरीदाबाद में मनाया जाएगा प्रदेश स्तरीय विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस, मुख्यमंत्री होंगे मुख्य अतिथि

**कैथल (कृष्ण प्रजापति):** भारत के इतिहास की सबसे दर्दनाक त्रासदी विभाजन को याद रखने और उस समय पंजाबी समुदाय द्वारा सहे गए दुखों, बलिदानों और संघर्षों को सम्मान देने के उद्देश्य से हरियाणा सरकार द्वारा विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस 14 अगस्त को प्रदेश स्तर पर फरीदाबाद में भव्य रूप से मनाया जाएगा। इस कार्यक्रम में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी मुख्य अतिथि होंगे। वहीं, 8 अगस्त को जिला स्तर पर विभिन्न स्थानों पर स्मृति सभाएं आयोजित की जाएंगी।

इस जिला स्तरीय आयोजन की जिम्मेदारी भाजपा जिला उपाध्यक्ष शैली मुंजाल को दी गई है, जबकि पूर्व सरपंच व वरिष्ठ भाजपा नेता सतीश मुंजाल को हलका गुहला का संयोजक नियुक्त किया गया है। दोनों ने यह जिम्मेदारी स्वीकारते हुए कहा कि यह केवल एक कार्यक्रम नहीं, बल्कि पंजाबी समाज के घावों को याद कर उनके संघर्ष को प्रणाम करने का दिन है। शैली मुंजाल और सतीश मुंजाल ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि विभाजन की विभीषिका का सबसे गहरा घाव किसी ने सहा था तो वह पंजाबी समुदाय था। पश्चिमी पंजाब से लाखों परिवारों को केवल अपने धर्म और मातृभूमि की खातिर अपना सब कुछ छोड़कर भारत आना पड़ा। घर, खेत, व्यापार, दुकान, जमीन, संपत्ति आदि सब कुछ। उन्होंने बताया कि लगभग 10 लाख पंजाबी समुदाय के लोग विभाजन के दौरान शहीद हुए लेकिन इसके बावजूद, यह कभी कोई आरक्षण मांगने वाला समाज नहीं बना। कैंपों में रहा, तंबुओं में सोया, पर आत्मसम्मान को झुकने नहीं दिया। न भीख मांगी, न सरकारों के आगे हाथ फैलाया। मेहनत की, पसीना बहाया और





अपने बलबूते पर खड़ा हुआ। यह गौरव और स्वाभिमान की मिसाल है। सतीश मुंजाल व शैली मुंजाल ने कहा कि यह गर्व का विषय है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 15 अगस्त 2021 को लाल किले से इस स्मृति दिवस को हर वर्ष मनाने की घोषणा की। इससे पहले किसी भी सरकार ने विभाजन पीड़ितों के दर्द को समझने या उन्हें याद करने का प्रयास तक नहीं किया। उन्होंने कहा कि यह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का साहसिक और ऐतिहासिक निर्णय था, जिससे आज विभाजन के उन बेजुबान शहीदों को पहचान और सम्मान मिल रहा है।

उन्होंने इसके लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, पूर्व मुख्यमंत्री व केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल खट्टर और मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी का आभार प्रकट किया।

शैली मुंजाल व सतीश मुंजाल ने कहा कि यह दिवस केवल अतीत को याद करने का नहीं, बल्कि उनकी प्रेरणा से देश को आगे ले जाने का संकल्प लेने का दिन है। पंजाबी समुदाय ने जो सहा, उसकी बराबरी इतिहास में शायद ही कोई दूसरी त्रासदी कर पाए।

अब हमारी जिम्मेदारी है कि हम उस पीढ़ी को श्रद्धा के साथ याद करें और उनकी तरह मेहनत, स्वाभिमान और सेवा की भावना को आगे बढ़ाएं।

उन्होंने बताया कि स्वामी धर्मदेव जी के नेतृत्व में जय पंचनद और जय पंजाबी का नारा केवल नारा नहीं रहा, बल्कि एक सांस्कृतिक चेतना और आत्म सम्मान का प्रतीक बन गया। उनके आह्वान पर पंजाबी समुदाय के लोगों ने मिलकर कुरुक्षेत्र में 25 एकड़ भूमि खरीदी है, जहां अब विभाजन विभीषिका की स्मृति में एक भव्य स्मारक बनाया जा रहा है। यह स्मारक उन लाखों शहीदों की पीड़ा और बलिदान की गवाही देगा, जिन्होंने धर्म और भारत मां के लिए अपने प्राण तक न्योछावर कर दिए।

उन्होंने कहा कि स्वामी धर्मदेव की यह सोच आने वाली पीढ़ियों को न केवल इतिहास की जानकारी देगी, बल्कि उन्हें आत्मबल, निष्ठा और एकता के पथ पर चलने की प्रेरणा भी देगी।

## चौधरी विजय बंदराना बने इनैलो के युवा प्रदेश महासचिव

### नियुक्त किए जाने पर विजय बंदराना ने शीर्ष नेतृत्व का जताया आभार



**कैथल (कृष्ण प्रजापति):** गांव बंदराना के युवा समाजसेवी विजय बंदराना को इंडियन नेशनल लोकदल (इनेलो) का युवा प्रदेश महासचिव नियुक्त किया गया है। यह जिम्मेदारी उन्हें पार्टी के शीर्ष नेतृत्व द्वारा उनके पार्टी हित में योगदान और संगठनात्मक क्षमता को देखते हुए सौंपी गई है।

अपनी नियुक्ति पर विजय बंदराना ने इनैलो सुप्रीमो चौधरी अभय सिंह चौटाला, प्रदेशाध्यक्ष चौधरी रामपाल माजरा, करण चौटाला और विधायक अर्जुन चौटाला सहित पार्टी हाईकमान का धन्यवाद और आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि पार्टी ने जो भरोसा जताया है, वे उस पर खरा उतरने का हर संभव प्रयास करेंगे और संगठन को और अधिक मजबूत करने के लिए पूर्ण निष्ठा से कार्य करेंगे।

विजय बंदराना ने कहा कि इनैलो की विचारधारा और नीतियों को युवाओं तक पहुंचाने, संगठन को बूथ स्तर तक सक्रिय करने और जन-जन की समस्याओं को पार्टी मंच तक पहुंचाने के लिए वे पूरी ताकत से जुटेंगे।

स्थानीय कार्यकताओं और समर्थकों में भी इस नियुक्ति को लेकर खुशी की लहर है। गांव बंदराना समेत पूरे क्षेत्र में उन्हें बधाइयों का तांता लगा हुआ है।

यह नियुक्ति इनैलो में युवाओं को अहम जिम्मेदारी देने की नीति का प्रमाण है और इससे युवा वर्ग में पार्टी के प्रति और अधिक विश्वास व उत्साह बढ़ेगा।

## ढांड क्षेत्र में अधेड़ व्यक्ति की संदिग्ध हालात में हत्या, सड़क किनारे फेंका गया शव

**कैथल, 6 अगस्त (कृष्ण प्रजापति):** ढांड क्षेत्र में एक दिल दहला देने वाली वारदात सामने आई है, जहां एक अधेड़ व्यक्ति की हत्या कर उसका शव सड़क किनारे फेंक दिया गया। प्रथम दृष्टया सिर पर किसी भारी वस्तु से हमला कर हत्या किए जाने की आशंका जताई जा रही है।

मृतक की पहचान रामसिंह उर्फ पप्पू (44 वर्ष), पुत्र अजमेर सिंह, जाति गुर्जर, निवासी गांव खेड़ी राय वाली के रूप में हुई है। ग्रामीणों द्वारा सड़क किनारे पड़े शव की सूचना पुलिस को दी गई, जिसके बाद ढांड थाना प्रभारी एसएचओ रेखा रानी अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचीं और घटनास्थल का निरीक्षण कर जांच शुरू कर दी।

पुलिस द्वारा शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है और आसपास के क्षेत्रों में लगे सीसीटीवी कैमरों की जांच की जा रही है ताकि हत्या के कारणों और आरोपियों का पता लगाया जा सके।

ढांड पुलिस का कहना है कि सभी पहलुओं से जांच जारी है और जल्द ही पूरे मामले का खुलासा किया जाएगा। फिलहाल क्षेत्र में दहशत का माहौल है और ग्रामीणों में भी गहरी नाराजगी देखी जा रही है। यह हत्या किसी रंजिश का परिणाम है या किसी अन्य कारण से की गई, यह तो पुलिस जांच के बाद ही स्पष्ट हो पाएगा।

थाना प्रभारी रेखा रानी ने बताया कि फिलहाल अज्ञात के खिलाफ मामला दर्ज करके जांच शुरू कर दी गई है।

## मिश्रीलाल का पुरवा में जभराव से ग्रामीणों के मकानों पर खतरा

**बांदा।** जिले की अतर्रा तहसील के ग्राम ओरन, मिश्रीलाल का पुरवा में बरसाती पानी के जलजमाव से ग्रामीणों की परेशानियां बढ़ गई हैं। स्थानीय निवासियों के अनुसार, पुरवे में लगभग 2 फुट पानी जमा है, और निकासी के लिए कोई नाली या रास्ता नहीं होने से स्थिति गंभीर हो गई है। इससे कई मकान पहले ही ढह चुके हैं, और बाकी मकानों पर भी ध्वस्त होने का खतरा मंडरा रहा है। ग्रामीणों राजा भैया, राधेश्याम, गोमती, शिवनंदन सोनकर, संतोष और चन्द्रा ने जिलाधिकारी को लिखित शिकायत पत्र देकर तत्काल हस्तक्षेप की मांग की है। प्रार्थना पत्र में बताया गया कि चेयरमैन और ग्राम प्रधान को सूचित करने के बावजूद कोई कार्रवाई नहीं हुई। ग्रामीणों ने प्रशासन से मौके की जांच और पानी की निकासी की व्यवस्था करने का अनुरोध किया है, ताकि उनके मकानों को और नुकसान से बचाया जा सके।

# इनसो ने 23वां स्थापना दिवस मनाया सामाजिक सरोकारों के साथ, मुख्य अतिथि के रूप में पहुँचे दिग्विजय चौटाला

**कैथल (कृष्ण प्रजापति):** जननायक जनता पार्टी की छात्र इकाई इंडियन नेशनल स्टूडेंट्स ऑर्गनाइजेशन (इनसो) ने आज अपना 23वां स्थापना दिवस कैथल स्थित आर.के.एस.डी कॉलेज के सभागार में सांस्कृतिक एवं सामाजिक सरोकारों के साथ मनाया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जजपा युवा प्रदेश अध्यक्ष दिग्विजय सिंह चौटाला पहुंचे, जिन्होंने कार्यक्रम की शुरूआत सेठ मक्खन लाल की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर की।

इस मौके पर एक रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित किया गया, जिसमें पंजाबी गायक गगन कोकरी, राहुल फाजिलपुरिया और ग्रिक अमन ने अपनी शानदार प्रस्तुतियों से युवाओं को झूमने पर मजबूर कर दिया। कार्यक्रम का संचालन राजू पाई ने किया और आयोजन की जिम्मेदारी सुनील नरड़ के नेतृत्व में निभाई गई।

अपने जोशीले संबोधन में दिग्विजय सिंह



चौटाला ने कहा कि इनसो केवल एक राजनीतिक संगठन नहीं, बल्कि एक सामाजिक क्रांति की मशाल है। उन्होंने बताया कि इनसो की स्थापना 5 अगस्त 2003 को कुरुक्षेत्र की पावन धरती पर डॉ. अजय सिंह चौटाला द्वारा की गई थी। उन्होंने कहा कि इनसो आज एक वटवृक्ष बन चुका है, जो छात्रों के अधिकारों और सामाजिक बदलावों की लड़ाई लगातार लड़ रहा है।

इस बार स्थापना दिवस को महिला सशक्तिकरण, कन्या भ्रूण हत्या उन्मूलन, दहेज प्रथा विरोध, पर्यावरण जागरूकता, रक्तदान, कृषि सुधार तथा महान व्यक्तियों के विचारों पर आधारित आयोजनों के साथ सामाजिक सरोकारों से जोड़ा गया। यह संदेश दिया गया कि इनसो का हर कार्यकर्ता सिर्फ एक छात्र नेता नहीं बल्कि समाज का जागरूक प्रहरी है।

इस अवसर पर मंच पर उपस्थित अन्य प्रमुख नेताओं में पूर्व विधायक राजदीप फोगाट, जिला अध्यक्ष अवतार चीका, धूप सिंह माजरा, अनिल चौधरी, रोशन ढांडा, संदीप गढ़ी, दर्पण मित्तल, चंद्रभान दयोरा, सम्पूर्ण कोयल, हरपाल विर्क, सेवा सिंह बालू, विक्रम म्योली, जसवंत कोयल, कृष्ण बाजीगर, मनप्रीत , राजेश राणा, राजेश सजुमा, विजय सैनी, शिल्ली पंडित, आशीष, दिनेश माना, रमनी, राहुल भाना, श्रीकांत पहलवान, बिल्लू नरड़, संदीपा क्योडक, शिव रसूलपुर, जोगिंदर किसान, कृष्ण राणा, भाग सिंह चिका, पृथ्वी सिडा और कुलदीप शर्मा जैसे अनेक नेता व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## रोटरी क्लब आगरा नियो ने बनाया विश्व स्तनपान सप्ताह



**देश का दर्पण न्यूज,आगरा(धर्मेन्द्र बिधौलिया)6 अगस्त।**

रोटरी क्लब आगरा नियो ने सिकंदरा स्थित सिंघल हॉस्पिटल एंड टेस्ट ट्यूब बेबी सेंटर में बुधवार को विश्व स्तनपान सप्ताह मनाया । स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉक्टर अर्चना सिंघल ने गर्भवती महिलाओं को प्रसव के तुरंत बाद बच्चे को मां का दूध पिलाने एवं उससे होने वाले फायदे से संबंधित जानकारी दी , यह भी बताया की दूध पिलाने से माँ के शरीर में कोई नुकसान नहीं होता बल्कि बच्चों से मां का लगाव भी बढ़ता है अध्यक्ष डॉ. योगेश सिंघल ने बताया कि बच्चों के अच्छे भविष्य के लिए प्रसव के तुरंत बाद एवं 6 माह तक सिर्फ स्तनपान कराना जरूरी होता हैं। मां का दूध अमृत तुल्य होता है और इससे बच्चे के दिमाग और शरीर का विकास होता है सचिव पवित्र शर्मा ने बताया ऐसे कैंप का आयोजन हम लगातार करते रहेंगे कोषाध्यक्ष यतीश सिंह ने सभी का धन्यवाद किया` इस दौरान डॉ डोनेरिया , मनोज बजाज ,गौरी , माधवी , आफरीन, सुधा , निशा , राजन , ईशाना , ओमवती,स्नेहा, ज्योति इस कैंप में उपस्थिति रहे।

## नप चेयरपर्सन सुरभि गर्ग को जन्मदिन पर पार्षद प्रतिनिधि सुरेश शर्मा ने भेंट की मां सरस्वती की प्रतिमा, दी शुभकामनाएं



**कैथल (कृष्ण प्रजापति):** नगर परिषद कैथल की चेयरपर्सन सुरभि गर्ग के जन्मदिन के अवसर पर उन्हें अनेक गणमान्य व्यक्तियों और शुभचिंतकों ने बधाइयां दीं। इसी कड़ी में वार्ड 13 से मनोनीत पार्षद उर्मिला भारद्वाज और पार्षद प्रतिनिधि सुरेश शर्मा ने उन्हें मां सरस्वती की प्रतिमा भेंट कर शुभकामनाएं दीं। उर्मिला भारद्वाज ने इस मौके पर कहा कि मां सरस्वती ज्ञान, बुद्धि और कला की देवी हैं। हम कामना करते हैं कि चेयरपर्सन सुरभि गर्ग को सदैव मां सरस्वती का आशीर्वाद प्राप्त हो और वे नगर के विकास कार्यों में इसी तरह ऊर्जा और समर्पण के साथ कार्य करती रहें।

सुरेश शर्मा ने भी सुरभि गर्ग को जन्मदिन की हार्दिक बधाई देते हुए उनके अब तक के कार्यकाल की प्रशंसा की और कहा कि उनके नेतृत्व में कैथल नगर परिषद लगातार प्रगति की ओर अग्रसर है।

# निवेशकों के लिए चेतावनी साइबर ठगों से सावधान

**SEBI ने जारी की एडवाइजरी, फर्जी एप्स और नोटिस से बचने के लिए दिए महत्वपूर्ण निर्देश**

देश का दर्पण न्यूज
संवाददाता सुरेन्द्र कुमार सोनी

आजकल साइबर ठगों द्वारा निवेशकों को निशाना बनाने के नए-नए तरीके अपनाए जा रहे हैं। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म, फर्जी मोबाइल ऐप्स और नकली यूपीआई हैंडल्स का उपयोग करके ये जालसाज सेबी (भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड) के नाम पर फर्जी नोटिस और आकर्षक रिटर्न का लालच दे रहे हैं। इसी खतरे को देखते हुए सेबी और राजस्थान पुलिस की साइबर क्राइम शाखा ने मिलकर एक महत्वपूर्ण एडवाइजरी जारी की है, जिसमें निवेशकों को साइबर धोखाधड़ी से बचने के लिए कई अहम सुझाव दिए गए हैं।

कैसे पहचानें फजीर्वाड़ा? सेबी ने बताया तरीका

सेबी के अनुसार अगर आपको सेबी से कोई नोटिस या दस्तावेज मिलता है, तो उसे सीधे सच न मानें। उसकी प्रामाणिकता की जांच करना बेहद जरूरी है। इसके लिए सेबी ने कुछ आसान तरीके बताए हैं:

रिकवरी सर्टिफिकेट की जांच: सेबी द्वारा जारी किए गए हर "रिकवरी सर्टिफिकेट" को आप उनकी वेबसाइट पर "Home > Enforcement > Recovery Proceedings" सेक्शन में जाकर सत्यापित कर सकते हैं।

वअ्क्ष नंबर से पुष्टि: सेबी के हर आदेश में एक अद्वितीय दस्तावेज पहचान संख्या (UDIN) होती है। इसकी पुष्टि आप सेबी की वेबसाइट पर "Home > Authenticate Document Number Issued by SEBI" में जाकर कर सकते हैं।

अधिकारियों के ईमेल और संपर्क: सेबी के अधिकारियों के आधिकारिक ईमेल पते हमेशा @sebi.gov.in पर समाप्त होते हैं। आप सेबी की वेबसाइट पर "Home > About > SEBI Directory" में जाकर उनके नाम, ईमेल आईडी और फोन नंबर की जांच कर सकते हैं।

साइबर ठगों से बचने के लिए सेबी ने निवेशकों को कुछ और भी जरूरी सलाह दी हैं:

सुरक्षित वढक हैंडल: निवेश के लिए केवल रजिस्टर्ड बैंकों से जुड़े यूपीआई हैंडल, जैसे @valid(bank-name), का ही उपयोग करें।

व्हाइटलिस्टेड ऐप्स: केवल उन्हीं ब्रोकर ऐप्स का उपयोग करें जो सेबी द्वारा स्टॉक एक्सचेंज पर प्रकाशित "Whitelisted Broker Apps" की सूची में शामिल हैं।

सोशल मीडिया पर सावधानी: सेबी केवल अपने रजिस्टर्ड "" हैंडल पर ही आधिकारिक जानकारी और सलाह देता है। अन्य सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर संदिग्ध विज्ञापनों से दूर रहें।

अगर आप किसी भी प्रकार की साइबर धोखाधड़ी का शिकार होते हैं, तो तुरंत साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930 पर कॉल करें या https://cybercrime.gov.in पर शिकायत दर्ज कराएं। नजदीकी पुलिस स्टेशन या साइबर पुलिस स्टेशन में भी रिपोर्ट की जा सकती है। यह महत्वपूर्ण है कि आप अपनी सतर्कता से अपनी मेहनत की कमाई को सुरक्षित रखें।

# राज्य सरकार की भ्रष्टाचार के खिलाफ जीरो टॉलरेंस की नीति

**धौलपुर/जयपुर ( देश का दर्पण न्यूज) 6 अगस्त।**

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में राज्य सरकार आमजन को संवेदनशील, भ्रष्टाचार मुक्त और पारदर्शी सुशासन देने के लिए प्रतिबद्ध है। इसी क्रम में मुख्यमंत्री ने राज्य सेवा के अधिकारियों के विरूद्ध अनुशासनात्मक कार्यवाही, अभियोजन स्वीकृति एवं 17-ए के विचाराधीन 37 प्रकरणों का निस्तारण करते हुए 55 अधिकारियों के जांच प्रकरणों में कार्यवाही की है।

शर्मा ने राज्य कर्मचारियों की अक्षमता, अकर्मण्यता तथा असंतोषजनक कार्य निष्पादन के प्रति कड़ा रुख अपनाते हुए गृह विभाग के 9 पुलिस निरीक्षकों को अनिवार्य सेवानिवृत्ति प्रदान कर राज्य सेवा से बाहर किया है। उन्होंने कार्मिकों की कार्य-शैली, कार्य-दक्षता, सत्यनिष्ठा, विभागीय जांच कार्यवाही एवं कार्य मूल्यांकन प्रतिवेदन आदि की विभिन्न स्तर पर स्क्रीनिंग करते हुए 9 कार्मिकों के प्रकरणों का उच्च स्तरीय समिति से परीक्षण करवाकर अनिवार्य सेवानिवृत्ति की कार्यवाही की है।

मुख्यमंत्री ने नियम विरूद्ध भू-आवंटन के एक गंभीर प्रकरण में भारतीय प्रशासनिक सेवा के अधिकारी के विरूद्ध अखिल भारतीय सेवाएं (अनुशासन एवं अपील) नियम 1969, के नियम 8 के



तहत कार्यवाही प्रारम्भ किए जाने का अनुमोदन किया है। उन्होंने लंबित प्रकरणों का निस्तारण करते हुए 6 अधिकारियों के विरूद्ध अभियोजन चलाने की मंजूरी तथा राजस्थान प्रशासनिक एवं लेखा सेवा के 2 अधिकारियों के विरूद्ध भ्रष्टाचार निवारण (संषोधन) अधिनियम 2018 की धारा 17-ए में विस्तृत जांच एवं अनुसंधान करने की अनुमति भी प्रदान की।

शर्मा ने सेवारत 13 अधिकारियों के विरूद्ध सीसीए नियम-16 के तहत विभागीय जांच कार्यवाही में वार्षिक वेतन वृद्धियां संचयी/असंचयी प्रभाव से रोकने का निर्णय लिया है। उन्होंने सेवानिवृत्त अधिकारियों के पुराने प्रकरणों का निस्तारण करते हुए पेंशन नियमों के तहत 5 अधिकारियों की पेंशन रोके जाने का निर्णय किया, इनमें से एक अधिकारी के विरूद्ध भ्रष्टाचार प्रकरण में दोष सिद्धि होने से शत प्रतिशत पेंशन रोकने की सख्त शास्ति अधिरोपित की गई है। साथ ही, सेवानिवृत्त अधिकारियों के विरूद्ध संचालित 9 प्रकरणों में 14 अधिकारियों पर प्रमाणित आरोपों के जांच निष्कर्ष का अनुमोदन भी किया।

मुख्यमंत्री ने सीसीए नियम-34 के तहत एक अधिकारी द्वारा प्रस्तुत पुनर्विलोकन याचिका को निरस्त करते हुए दण्ड को यथावत रखा तथा सेवारत अधिकारियों के 3 प्रकरणों में सीसीए नियम-23 के तहत अपील स्वीकार करने एवं 2 अधिकारियों के विरूद्ध अपील आंशिक स्वीकार करने का निर्णय लिया।

## हर घर तिरंगा अभियान में लें तिरंगे के साथ सेल्फी-श्रीनिधि बीटी

### 15 अगस्त तक आयोजित होगा हर घर तिरंगा अभियान

**देश का दर्पण न्यूज,धौलपुर( धर्मेन्द्र बिधौ लिया ) 6 अगस्त।**



कला साहित्य संस्कृति एवं पुरातत्व विभाग द्वारा स्वाधीनता दिवस की वर्षगांठ के अवसर पर प्रदेश के विभिन्न विभागों एवं जिलों की सहभागिता एवं समन्वय से हर घर तिरंगा अभियान का अयोजन किया जाएगा। जिला कलक्टर श्रीनिधि बी टी ने बताया कि 15 अगस्त तक तीन चरणों में हर घर तिरंगा अभियान का अयोजन किया जाएगा। जिसके अन्तर्गत विभिन्न कार्यक्रम स्कूलों की दिवारों पर तिरंगे की चित्रकारी करवाना, तिरंगा रंगोली कार्यक्रम का आयोजन, रिंगा राखी वर्कशॉप, तिरंगा मेला आदि समस्त कार्य जिले के जनप्रतिनिधियों, विद्यालयों, महाविद्यालयों संगठनों एवं आमजन के सहयोग एवं सहभागिता से किए जाएगें। उन्होंने आमजन से अपील करते हुए कहा कि तिरंगे के साथ सेल्फी लेकर उसे हर घर तिरंगा वेबसाइट www.harghartiranga.com पर अपलोड कर हर घर तिरंगा कार्यक्रम को सफल बनाएं।

## मुख्यमंत्री ने तिमारपुर में 'दिल्ली को कूड़े से आजादी' अभियान को दी मजबूती

**एजेंसी**
**नई दिल्ली।** मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने तिमारपुर की संजय बस्ती में स्वच्छता अभियान चलाकर 'दिल्ली को कूड़े से आजादी' अभियान को और मजबूती दी। मुख्यमंत्री ने कहा कि विधायक सूर्य प्रकाश खत्री, महापौर राजा इकबाल सिंह और बड़ी संख्या में स्थानीय साथियों की सक्रिय भागीदारी ने इसे और भी व्यापक बना दिया। उन्होंने कहा कि पूरी दिल्ली इस मिशन में जुटी हुई है। देखकर गर्व होता है कि दिल्लीवासी खुद आगे आ रहे हैं। कोई बस स्टैंड की सफाई कर रहा है, तो कोई अपने घर, गली, कॉलोनी और बाजार से शुरुआत कर रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा सरकार के तमाम विभाग सक्रिय हैं। हमारे जनप्रतिनिधि स्वयं मैदान में हैं। यह दिल्ली को स्वच्छ और गरिमामय बनाने की दिशा में एक सामूहिक संकल्प है। उन्होंने एक बार फिर सभी दिल्लीवासियों से मिलकर दिल्ली को कूड़े से आजादी दिलाने की अपील की। उल्लेखनीय है कि दिल्ली में एक से 31 अगस्त तक 'दिल्ली को कूड़े से आजादी' स्वच्छता अभियान चलाया जा रहा है।

## सुप्रीम कोर्ट से एल्विश यादव को राहत, सांप के जहर से जुड़े मामले में ट्रायल कोर्ट की कार्यवाही पर रोक

**नई दिल्ली ।** यूट्यूब और सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर एल्विश यादव को सुप्रीम कोर्ट से राहत मिली है। कोर्ट ने सांप के जहर से जुड़े विवादित मामले में उनके खिलाफ चल रही ट्रायल कोर्ट की कार्यवाही पर रोक लगा दी है। एल्विश यादव ने अपनी याचिका में आरोप पत्र और आपराधिक कार्यवाही को चुनौती दी थी। सुप्रीम कोर्ट ने उनकी याचिका पर यूपी सरकार और शिकायतकर्ता को नोटिस जारी किया। बता दें कि इससे पहले, एल्विश यादव को इलाहाबाद हाईकोर्ट से झटका लगा था। हाईकोर्ट ने रेव पार्टी में सांपों का प्रदर्शन करने और इसके वीडियो बनाने को लेकर दर्ज एफआईआर की चार्जशीट को चुनौती देने वाली उनकी याचिका को खारिज कर दिया था। इसके बाद, गाजियाबाद की सीजेएम कोर्ट ने एल्विश यादव के खिलाफ समन जारी किया था। गौरतलब है कि एल्विश यादव के खिलाफ गौतमबुद्ध नगर, नोएडा के थाना सेक्टर-49 में वन्यजीव संरक्षण अधिनियम और अन्य गंभीर धाराओं में मामला दर्ज है। आरोप है कि उन्होंने रेव पार्टी में सांपों का प्रदर्शन किया और इसके माध्यम से वीडियो बनाने के लिए सांपों और सांप के जहर का दुरुपयोग किया। आरोपपत्र में यह भी कहा गया है कि उन्होंने विदेशी नागरिकों को रेव पार्टियों में बुलाया और उन्हें सांप के जहर और अन्य नशीले पदार्थों का सेवन कराया। गाजियाबाद की अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट (प्रथम) ने इस मामले में चार्जशीट का संज्ञान लेते हुए समन जारी किया था, जिसके खिलाफ एल्विश यादव ने हाईकोर्ट में याचिका दायर की लेकिन उन्हें राहत नहीं मिली।

## दिल्ली में कांग्रेस सांसद की चेन स्नैचिंग का मामला सुलझा,अपराधी गिरफ्तार

**नई दिल्ली ।** दिल्ली पुलिस ने कांग्रेस सांसद आर. सुधा की सोने की चेन स्नैचिंग के सनसनीखेज मामले को 24 घंटे के भीतर सुलझा लिया है। दक्षिणी दिल्ली और नई दिल्ली जिला पुलिस की संयुक्त कार्रवाई में आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस ने छीनी गई सोने की चेन, अपराध में इस्तेमाल स्कूटी और आरोपी के कपड़े बरामद कर लिए हैं। आरोपी का नाम सोहन रावत उर्फ सोनू उर्फ बुग्गू (24 वर्ष) है, जो ओखला के हरकेश नगर का रहने वाला है। वह एक कुख्यात अपराधी है, जिसके खिलाफ दिल्ली के विभिन्न थानों में चोरी, लूट और आर्म्स एक्ट के तहत 26 मामले दर्ज हैं। वह हाल ही में 27 जून को जेल से रिहा हुआ था। घटना नई दिल्ली के एक पॉश इलाके में हुई थी। पुलिस ने सैकड़ों सीसीटीवी फुटेज की जांच की और आरोपी के पूरे रास्ते को ट्रैक किया। स्थानीय खुफिया जानकारी और तकनीकी निगरानी की मदद से दक्षिणी जिला पुलिस की एंटी ऑटो थेफ्ट स्क्वॉड (एएटीएस) ने आरोपी को धर दबोचा। इंस्पेक्टर उमेश यादव के नेतृत्व में टीम ने त्वरित कार्रवाई की, जिसमें सब-इंस्पेक्टर नवदीप, हेड कांस्टेबल कमल प्रकाश, बृजेश, अरविंद, कृष्ण कुमार और कांस्टेबल काना राम, देवेंद्र व अरविंद शामिल थे।

## राज्यसभा ने दी सत्यपाल मलिक को श्रद्धांजलि

**नई दिल्ली ।** राज्यसभा में पूर्व राज्यपाल सत्यपाल मलिक को श्रद्धांजलि दी गई। सत्यपाल मलिक दो बार राज्य सभा के सदस्य रह चुके हैं। बुधवार को उप सभापति हरिवंश नारायण ने राज्य सभा में दिवंगत के प्रति श्रद्धांजलि देते हुए कहा कि वह उत्तर प्रदेश से 2 बार संसद के उच्च सदन के सदस्य बने। पहली बार वे 1982 में सदन के सदस्य बनें। इसके बाद वे वर्ष में 1989 सदन के सदस्य रहे। 24 जुलाई 1946 को जन्मे सत्यपाल मलिक ने अपने चुनावी जीवन की शुरुआत उत्तर प्रदेश विधानसभा से की थी। वह 1974 में उत्तर प्रदेश विधानसभा के सदस्य बने थे। वह अलीगढ़ से नौवीं लोक सभा के लिए सांसद भी चुने गए थे। राज्यसभा में जानकारी देते हुए उप सभापति ने कहा कि सत्यपाल मलिक विभिन्न राज्यों के राज्यपाल भी रह चुके हैं। वह बिहार, गोवा, मेघालय व जम्मू कश्मीर राज्यपाल रह चुके थे। उन्होंने बतौर राज्यपाल उड़ीसा का अतिरिक्त कार्यभार भी संभाला था। उनका राजनीतिक व सामाजिक जीवन कई दशक लंबा रहा। राज्यसभा में सत्यपाल मलिक को श्रद्धांजलि देते हुए कहा कि वे हैं एक योग्य सांसद रहे रहे। सभापति ने कहा इस सत्यपाल मलिक के निधन से देश ने एक महत्वपूर्ण प्रशासक व योग्य राजनेता खो दिया है।

## दिल्ली विधानसभा में फांसी घर का शिलापट्ट लगाकर उसका उद्घाटन करना गंभीर मुद्दा : विजेंद्र गुप्ता

**एजेंसी**
**नई दिल्ली।** दिल्ली विधानसभा अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता ने सदन में कहा कि दिल्ली विधानसभा में फांसी घर और सुरंग को लेकर वर्षों तक झूठ चलता रहा है, लेकिन यह पूर्णता असत्य है। उन्होंने कहा कि जिस स्थान को आज फांसी घर कहकर प्रचारित किया गया, वह कोई साधारण विषय नहीं है, वह इस पूरे परिसर की गरिमा से जुड़ा हुआ मामला है। इस स्थान पर एक शिलापट्ट लगाकर उसका उद्घाटन किया गया, तो यह विषय और भी गंभीर हो जाता है। इसपर विपक्ष अपनी स्थिति स्पष्ट करे।

विजेंद्र गुप्ता ने कहा कि जहां डिलिब्रेशन होता है, वहां पार्लियामेंट होती है, जहां असेंबली होती है- उसी प्रांगण में फांसीघर कैसे हो सकता है? यह सवाल स्वाभाविक है। दूसरी बात कही गई कि इस परिसर में कोई सुरंग जाती है। हमने इस पर इतिहासकारों से बात की, तो उन्होंने बताया कि यह



कोई सुरंग नहीं है। असल में यह डक्टिंग है- वेंटिलेशन के लिए बनाई गई जगह। उस समय सीमित संसाधन थे और जब इस तरह के भवन जमीन के नीचे बनाए जाते थे तो वेंटिलेशन के लिए डक्टिंग छोड़ी जाती थी। यह सिर्फ यहां नहीं भारत की संसद में भी इसी तरह के स्थान बनाए गए हैं।

अब बात उस स्थान की जिसे फांसीघर कहा गया- हमने देखा कि बाकायदा एक शिलापट्ट लगाया गया, जिसमें 9 अगस्त 1942 का उल्लेख है और 9 अगस्त इसका उद्घाटन किया गया, यह कहते हुए कि यह एक दर्शनीय स्थल है और यहां फांसीघर हुआ करता था जबकि सच ये है कि वहां कोई फांसीघर नहीं था और न है। जो कमरा बताया गया है, वह असल में टिफिन रूम है।

उसमें जो लकड़ी की लिफ्ट है, उसे फांसी का फंदा और ट्रेप डोर बताया गया, जबकि वह भोजन आदि उठाने-ले जाने के लिए बनाई गई थी। विधानसभा अध्यक्ष ने बताया कि उपाध्यक्ष मोहन सिंह बिष्ट का जो कमरा है, वह नक्शे में वायसराय रूम के नाम से दिखाया गया है। उसके आगे स्मोकिंग रूम है। इसी तरह मेंबर्स रूम हैं। उस समय सरकार में मंत्री नहीं होते थे बल्कि मेंबर फाइनेंस, मेंबर एजुकेशन जैसे पद होते थे, उनके कमरे भी हैं। नक्शे पर हर कमरे के उपयोग का स्पष्ट उल्लेख है।

## ट्रांसजेंडर की हत्या के मामले में दो आरोपित गिरफ्तार

**एजेंसी**
**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस की क्राइम ब्रांच ने मधु विहार इलाके में एक ट्रांसजेंडर व्यक्ति की बेरहमी से की गई हत्या के मामले को महज 12 घंटे के भीतर सुलझाते हुए दो आरोपितों को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए आरोपितों की पहचान गाजीपुर गांव निवासी रेहान उर्फ इक़्का (19) और गाजियाबाद निवासी मोहम्मद सर्वर (20) के रूप में हुई है।क्राइम ब्रांच के डीसीपी विक्रम सिंह के अनुसार, चार अगस्त को मधु विहार थाना क्षेत्र के टेल्को टी-प्वाइंट के पास झाड़ियों में एक ट्रांसजेंडर की लहूलुहान लाश मिलने की सूचना मिली थी। मृतक के शरीर पर चाकू से कई वार किए गए थे। जांच में मृतक की पहचान करण उर्फ अन्नू के रूप में हुई है। स्थानीय पुलिस के अलावा क्राइम ब्रांच ने मामले की जांच शुरू की। टीम ने ट्रांस-यमुना, गाजियाबाद और मेरठ में कई स्थानों पर छापे मारे। इस बीच एक पुख्ता सूचना के आधार पर टीम ने रात करीब 12 बजे लक्ष्मी नगर मेट्रो स्टेशन के पास से दो युवकों को पकड़ा। दोनों आरोपितों ने पूछताछ में करण उर्फ अन्नू की हत्या की बात स्वीकार की। उन्होंने बताया कि हत्या उसी दिन शाम को की गई थी। आरोपितों ने बताया कि उन्होंने ड्रेन के पास झाड़ियों में चाकू से वार कर हत्या की।पुलिस पूछताछ में आरोपितों ने खुलासा किया कि करण उर्फ अन्नू और रेहान उर्फ इक़्का पिछले चार महीनों से लिव-इन रिलेशनशिप में थे। इस दौरान रेहान पीड़ित से बार-बार पैसे की मांग करता था और आर्थिक रूप से उसे ब्लैकमेल करता था। जब करण ने रेहान से दूरी बनानी शुरू की, तो वह गुस्से और ईर्ष्या से भर गया। इससे नाराज होकर रेहान ने अपने साथी मोहम्मद सर्वर के साथ मिलकर करण की हत्या की साजिश रची और उसे बेरहमी से मौत के घाट उतार दिया।

## खड़गे ने लगाया पुलिस और मिलिट्री बुलाकर हाउस चलाने का आरोप, नड्डा ने किया खारिज

**एजेंसी**
**नई दिल्ली।** राज्यसभा में नेता प्रतिपक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे व उपसभापति के बीच तीखी नोकझोंक दिखी। नेता प्रतिपक्ष ने उपसभापति से पूछा कि यह सदन आप चला रहे हैं या गृहमंत्री अमित शाह चला रहे हैं। खड़गे ने आरोप लगाया कि सदन के वेल में सीआईएसएफ के जवानों को तैनात किया गया। उन्होंने कहा कि सदन के वेल में सीआईएसएफ सुरक्षाकर्मियों की मौजूदगी से विपक्ष को कड़ी आपत्ति है। उन्होंने आरोप लगाया कि विपक्षी सांसदों को संसद में जनहित के मुद्दे उठाने से रोका जा रहा है। मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा कि आप सीआईएसएफ को अंदर लाते हैं। हमारे संसद के स्टाफ यहां सक्षम हैं, लेकिन आप पुलिस और मिलिट्री को लाकर यहां हाउस चलाना चाहते हैं। संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने इन आरोपों का खंडन किया। विपक्ष के आरोपों का जवाब देते हुए किरेन रिजिजू कहा, नेता प्रतिपक्ष ने सदन में मिलिटरी व पुलिस की बात कही, लेकिन यह बात असत्य है। सदन में केवल मार्शल ही होते हैं और मार्शल ही



सदन में आए थे।÷ उन्होंने उप सभापति पूछा कि ऐसे झूठे तथ्यों को दिए जाने पर नेता प्रतिपक्ष के खिलाफ क्या कार्रवाई की जानी चाहिए? वहीं नेता सदन व केंद्रीय मंत्री जेपी नड्डा ने भी विपक्ष के आरोपों को खारिज किया। उन्होंने कहा कि सदन में केवल मार्शल होते हैं और यहां मार्शल ही हैं। नड्डा का कहना था कि विपक्ष में बैठे सांसदों को अपना विरोध जताना भी नहीं आता। उन्होंने कहा कि लोकतांत्रिक अधिकारों का प्रयोग इस तरह से किया जाना चाहिए जिससे कि किसी दूसरे व्यक्ति के अधिकारों का हनन न हो।

दरअसल इस पूरे विषय पर नेता प्रतिपक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने उपसभापति हरिवंश को एक पत्र लिखा था। अपने इस पत्र में उन्होंने लिखा, ÷हम इस बात से हैरान और स्तब्ध हैं कि किस तरह सीआईएसएफ कर्मियों को सदन के वेल में दौड़ने के लिए मजबूर किया जाता है, और वह भी तब जब विपक्ष के सांसद अपने लोकतांत्रिक अधिकारों का प्रयोग कर रहे होते हैं।÷

विपक्ष ने आरोप लगाया कि राज्यसभा के सभापति के अचानक और अभूतपूर्व इस्तीफे के बाद राज्यसभा के कक्ष पर सीआईएसएफ के जवान तैनात कर दिए गए हैं।

## नौकर की नीयत पर पड़ा लालच का पर्दा, 55 लाख की चोरी का खुलासा

**एजेंसी**
**नई दिल्ली ।** उत्तर-पश्चिम जिले की एंटी ऑटो थेफ्ट स्क्वॉड (एएटीएस) टीम और केशव पुरम थाने की संयुक्त कार्रवाई में 55 लाख रुपये की चोरी का खुलासा करते हुए आरोपित नौकर को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए आरोपित की पहचान हरियाणा निवासी नरेंद्र शर्मा (27) के रूप में हुई है।

आरोपित के पास से पूरी रकम 55 लाख नकद बरामद कर ली गई है।पुलिस के मुताबिक 27 जुलाई को लॉरेंस रोड निवासी नंद किशोर ने केशव पुरम थाने में शिकायत दी कि उनके ऑफिस में काम करने वाला डिलीवरी बॉय नरेंद्र शर्मा 24 जुलाई को 55 लाख रुपये कैश लेकर एक पार्टी को देने गया था, परंतु न ही उसने पैसे दिए और न ही वापस लौटा। कुछ समय बाद उसका मोबाइल भी बंद मिला। शक होने पर जब खोजबीन की गई तो यह साफ हो गया कि वह रकम लेकर फरार हो गया है। इस संबंध में केशव पुरम थाने में मामला दर्ज किया गया और जांच शुरू की गई। पुलिस टीम ने




हरियाणा, उत्तराखंड, उप्र और दिल्ली में लगातार छापेमारी की। तकनीकी निगरानी के तहत 200 से अधिक कॉल डिटेल रिकॉर्ड और सीसीटीवी फुटेज खंगाले गए। आरोपित बार-बार ठिकाने बदल रहा था। लेकिन अंततः पुलिस ने उसे दिल्ली से धर दबोचा। कड़ी पूछताछ में आरोपित नरेंद्र ने अपना जुर्म कबूल किया। उसने बताया कि वह आसान तरीके से बड़ी रकम कमाना चाहता था और शानो-शौकत की जिंदगी जीने की चाह में यह कदम उठाया। आरोपित ने बताया कि उसने 2020 में पहली बार शिकायतकर्ता के पास काम किया था, और मार्च 2025 में दोबारा नौकरी शुरू की थी। तभी से उसने इस चोरी की योजना बनाई थी।

## दिल्ली स्कूल शिक्षा विधेयक फीस निर्धारण की प्रक्रिया को पारदर्शी बनाएगा : आशीष सूद

**एजेंसी**
**नई दिल्ली।** दिल्ली विधानसभा के मानूसन सत्र में दिल्ली स्कूल शिक्षा (फीस निर्धारण और विनियमन में पारदर्शिता) विधेयक, 2025 पर चर्चा हुई। शिक्षा मंत्री ने कहा कि इस विधेयक का उद्देश्य निजी अनुदानरहित स्कूलों में फीस ढांचे को पारदर्शी, पूर्वानुमेय और जवाबदेह बनाना है। यह विधेयक एक तीन-स्तरीय प्रणाली के माध्यम से स्कूलों में फीस निर्धारण की प्रक्रिया को पारदर्शी और भागीदारीपूर्ण बनाएगा। स्कूल स्तर पर समिति, जिला स्तरीय अपीलीय समिति और राज्य स्तरीय पुनरीक्षण समिति इन समितियों में अभिभावक, शिक्षक और स्कूल प्रबंधन की सहभागिता सुनिश्चित की जाएगी। शिक्षा मंत्री आशीष सूद ने कहा कि छात्रों पर फीस न देने पर कोई दंडात्मक कार्रवाई नहीं की जा




सकेगी। अगर कोई स्कूल ऐसा करता है तो उस पर प्रति छात्र 50,000 रुपये का जुर्माना लगेगा, जो 20 दिन बाद दोगुना और फिर अगले 20 दिन में तीन गुना हो सकता है। यदि स्कूल फीस नियमों का लगातार उल्लंघन करता है तो 10 लाख रुपये तक का जुर्माना लगाया जा सकता है। गंभीर मामलों में शिक्षा निदेशक स्कूल की मान्यता निलंबित कर सकते हैं या प्रबंधन अपने हाथ में ले सकते हैं। सूद ने कहा कि यह विधेयक मनमानी फीस वृद्धि पर रोक लगाएगा और निजी शिक्षा में पारदर्शिता सुनिश्चित करेगा। इससे अभिभावकों को निर्णय प्रक्रिया में लोकतांत्रिक भागीदारी मिलेगी। विधेयक की मुख्य बातें : (तीन-स्तरीय समिति प्रणाली) स्कूल स्तर समिति = हर साल बनेगी और स्कूल की फीस प्रस्ताव का मूल्यांकन करेगी। जिला अपीलीय समिति : स्कूल समिति के निर्णयों पर अपील की सुनवाई। राज्य पुनरीक्षण समिति : इसका निर्णय अगले तीन शैक्षणिक वर्षों तक बाध्यकारी होगा।

स्कूल स्तर समिति में होंगे : स्कूल प्रबंधन का एक प्रतिनिधि (अध्यक्ष), प्रिंसिपल (सचिव), तीन शिक्षक, पांच अभिभावक (लॉटरी से चयन) जिनमें कम से कम (एक एससी/एसटी/पिछड़ा वर्ग से) दो महिलाएं, शिक्षा निदेशक का एक प्रतिनिधि, अभिभावक अधिकतम दो कार्यकाल तक समिति में रह सकेंगे।

## दिल्ली-एनसीआर में अगले हफ्ते तक नहीं होगी भारी बारिश

**एजेंसी**
**नई दिल्ली।** । दिल्ली-एनसीआर के लोगों को आगामी दिनों में गर्मी और उमस से दो-चार होना पड़ सकता है। भारतीय मौसम विभाग (आईएमडी) की ओर से जारी ताजा पूर्वानुमान के अनुसार, अगले एक सप्ताह तक भारी बारिश की संभावना बहुत कम है। हालांकि आसमान में बादलों की आवाजाही बनी रहेगी और कुछ क्षेत्रों में हल्की फुहारें या बूंदाबांदी हो सकती है। मौसम विभाग के मुताबिक, 6 और 7 अगस्त को अधिकतम तापमान 33 डिग्री सेल्सियस और 34 डिग्री सेल्सियस रहने की संभावना है, जबकि न्यूनतम तापमान 26 डिग्री और 25 डिग्री रहेगा। इन दोनों दिनों में हल्की बारिश या बूंदाबांदी के साथ आमतौर पर बादलों से घिरा आसमान रहने की संभावना है। इन दिनों कोई चेतावनी जारी नहीं की गई है।

8 अगस्त से 10 अगस्त तक मौसम में हल्का बदलाव देखने को मिलेगा। इस दौरान गर्जन के साथ बारिश की संभावना जताई गई है, लेकिन यह बारिश व्यापक या भारी नहीं होगी। तापमान 33-34 डिग्री सेल्सियस के आसपास बना रहेगा और न्यूनतम तापमान में भी ज्यादा अंतर नहीं आएगा। हालांकि इस दौरान भी मौसम विभाग ने किसी तरह की चेतावनी नहीं जारी की है।

11 अगस्त को बारिश या गरज-चमक के साथ छींटे पड़ सकते हैं, लेकिन बड़े स्तर पर बारिश की उम्मीद नहीं है। इस दौरान अधिकतम तापमान 34 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम 25 डिग्री सेल्सियस रहने का अनुमान है।

## एसोसिएशन फॉर वालंटरी एक्शन की सूचना पर देह व्यापार में धकेली गई बच्ची को कराया मुक्त

**एजेंसी**
**नई दिल्ली।** द्वारका जिले के मोहन गार्डन थाना पुलिस ने एसोसिएशन फॉर वालंटरी एक्शन की सूचना पर जबरन देह व्यापार के दलदल में धकेली गई 16 साल की एक नाबालिग बच्ची को मुक्त कराया है। पूछताछ में बच्ची ने बताया कि उसे तकरीबन साल भर पहले इस धंधे में धकेल दिया गया। पीड़ित बच्ची ने बताया कि रोजाना 8 से 10 लोग उसका शोषण करते थे । पुलिस ने मामला दर्ज कर एक आरोपित को गिरफ्तार किया है। फिलहाल पुलिस इस गिरोह में शामिल अन्य संदिग्धों के बारे में तहकीकात कर रही है।

एसोसिएशन फॉर वालंटरी एक्शन (एवीए) के निदेशक मनीष शर्मा ने बताया, 'हमारी टीम खुद को ग्राहक की तरह पेश करते हुए गिरोह तक पहुंची थी। हमें उनका भरोसा जीतने में एक करीब महीना लगा। काफी सौदेबाजी के बाद हमने आरोपित को ऑनलाइन पेमेंट किया लेकिन इसके बाद उसने तुरंत अपना ठिकाना बदल लिया। आखिर में उसने हमें द्वारका बुलाया। हमारी टीम ने तत्काल द्वारका के डीसीपी अंकित सिंह को इस बाबत जानकारी दी। डीसीपी ने तुरंत अपनी टीम को सूचित किया और छापे की तैयारी की।' मनीष शर्मा ने बताया कि



आरोपित ने आखिरी वक्त पर फिर अपना ठिकाना बदल लिया और उन्हें द्वारका के पास मोहन गार्डन के एक फ्लैट में बुलाया। डीसीपी ने मोहन गार्डन थाने की पुलिस से बात कर यह सुनिश्चित किया कि छापे में कोई अड़चन नहीं आए। चार अगस्त को मौके पर पहुंचने पर हमारी टीम को वहां से शराब की खाली बोतलें, दर्द निवारक दवाइयां, कुछ एंटी बायोटिक और यौन संक्रमण के इलाज में काम आने वाली कुछ दवाइयां मिलीं। पुलिस ने मकान से इब्राहिम नाम के एक आरोपित को गिरफ्तार किया है। पूछताछ में उसने बताया कि वह अकेला नहीं है बल्कि उसके पीछे एक पूरा गिरोह है। शर्मा ने बताया कि शोषण के शिकार ज्यादातर बच्चे बिहार, झारखंड, पश्चिम बंगाल और पूर्वोत्तर राज्यों के हैं। इन बच्चों को ट्रैफिकिंग के जरिए महानगरों मे लाया जाता है जहां उन्हें देह व्यापार के दलदल में धकेल दिया जाता है।बच्ची ने पूछताछ में बताया, सहेली ने मुझे एक भईया से मिलवाया जिन्होंने मुझे ढेर सारे पैसे कमाने के सपने दिखाए। तब मुझे समझ में नहीं आया कि मुझे किस दलदल में धकेला जा रहा है।

## ट्रैफिक सिग्नल पर साधु बनकर करते थे लूटपाट, चार गिरफ्तार

**एजेंसी**
**नई दिल्ली।** पश्चिमी दिल्ली के मोती नगर थाना पुलिस ने साधु बनकर ट्रैफिक सिग्नल पर लूटपाट करने वाले बहुरूपियों के गिरोह के चार बदमाशों को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए आरोपितों की पहचान विनोद कामत, कबीर, बिरजू और गुरचरण सिंह के रूप में हुई है। इनके कब्जे से 61 हीरे के छोटे टुकड़े, एक महिला की छीनी गई अंगूठी का पिघला हुआ सोना, एक ऑटो-रिक्शा, साधु के कपड़े और श्रृंगार सामग्री बरामद की है।

पश्चिमी जिले के डीसीप विचित्र वीर ने बताया कि एक अगस्त को एक महिला ने शादीपुर फ्लाईओवर पर अपनी अंगूठी छीने जाने की शिकायत दर्ज कराई थी। महिला ने बताया कि वह रैपिडो टैक्सी से कनॉट प्लेस जा रही थी, तभी भगवा कपड़े पहने तीन युवक साधु के वेश में उसकी टैक्सी के पास आए और पैसे मांगने लगे। जैसे ही महिला ने दो सौ रुपए दिए, एक ने उसकी अंगुली से सोने और हीरे की अंगूठी झपट ली और सभी ऑटो-रिक्शा में फरार हो गए। शिकायत पर मामला दर्ज कर एक टीम ने घटनास्थल की सीसीटीवी फुटेज खंगाली।फुटेज से ऑटो की पहचान कर उसके मालिक तक पहुंचा गया। जिसने बताया कि ऑटो विनोद कामत को किराए पर दिया गया था। विनोद को अशोका पार्क मेट्रो स्टेशन से दबोचा गया। जिसकी निशानदेही पर कबीर और बिरजू को पंजाबी बाग क्षेत्र की झुग्गियों से पकड़ा गया। आरोपितों ने खुलासा किया कि छीनी गई अंगूठी को 26 हजार रुपये में सुनार गुरचरण सिंह को बेचा था। पुलिस ने जीटीबी नगर स्थित दुकान पर छापा मारकर गुरचरण को भी दबोचा। जहां से अंगूठी का पिघला सोना और हीरे के टुकड़े बरामद हुए। पुलिस जांच में यह भी सामने आया कि आरोपित कबीर, गिरोह के सदस्य बिरजू का बेटा है और बिरजू का एक और भाई, जो फरार है, वह भी गिरोह में शामिल है। विनोद कामत, बिरजू का दोस्त है और गुरचरण सिंह को चोरी का माल बेचता था। पूरा गिरोह पारिवारिक संबंधों के जरिए संचालित हो रहा था।

## सालों से बंद 'यू स्पेशल बस सेवा' फिर होगी शुरू : रेखा गुप्ता

**एजेंसी**
**नई दिल्ली।** मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने दिल्ली विश्वविद्यालय के अधीन संचालित सोशल सेंटर स्कूल (मौरिस नगर) के नए शैक्षणिक ब्लॉक का उद्घाटन करते हुए राजधानी के छात्रों को एक बड़ी सौगात दी। मुख्यमंत्री ने घोषणा की कि वर्षों से बंद पड़ी यू स्पेशल बस सेवाओं को फिर से शुरू किया जाएगा। ये बसें अब आधुनिक सुविधाओं से युक्त होंगी, जिनमें एयर कंडीशनिंग, एलईडी लाइटिंग और म्यूजिक सिस्टम जैसी सुविधाएं शामिल होंगी। मुख्यमंत्री ने यह भी सुझाव दिया कि दिल्ली विश्वविद्यालय को कुछ स्कूलों को गोद लेना चाहिए ताकि विश्वविद्यालय के प्रोफेसर और छात्र नियमित रूप से इन विद्यालयों में जाकर स्कूली बच्चों का मार्गदर्शन करें।

मुख्यमंत्री ने सोशल सेंटर स्कूल की उपलब्धियों की सराहना करते हुए कहा कि यह अत्यंत प्रसन्नता का विषय है कि 1947 में सामाजिक सेवा के उद्देश्य से शुरू हुआ यह स्कूल अब एक भव्य चार मंजिला इमारत और 21 आधुनिक कक्षाओं वाले संस्थान में बदल चुका है।



मुख्यमंत्री ने इस स्कूल की देख- रेख व नवीनीकरण के लिए दिल्ली विश्वविद्यालय की सराहना की। मुख्यमंत्री ने मौके पर विद्यालय को कक्षा 12वीं तक की पढ़ाई के लिए मान्यता देने की भी घोषणा की। इस उद्घाटन समारोह में मुख्यमंत्री के साथ दिल्ली के शिक्षा मंत्री आशीष सूद, दिल्ली विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. योगेश सिंह, महापौर राजा इकबाल सिंह, स्थानीय विधायक, विश्वविद्यालय एवं शिक्षा विभाग के वरिष्ठ अधिकारी तथा बड़ी संख्या में छात्र मौजूद रहे। मुख्यमंत्री ने कहा कि शिक्षा सुधारों के प्रति हमारी सरकार की प्रतिबद्धता और छात्रों के भविष्य को लेकर उनकी संवेदनशीलता दिल्ली को 'श्रेष्ठ शिक्षा, श्रेष्ठ भविष्य' की दिशा में मजबूती से आगे ले जा रही है। उल्लेखनीय है कि यू-स्पेशल बसें दिल्ली के कॉलेजों के विद्यार्थियों के लिए ही थी। ये दिल्ली के विभिन्न व खास इलाकों से चलती थी और मशहूर कॉलेजों तक जाती थी। इनमें सिर्फ कॉलेज विद्यार्थी ही बैठते थे। दोपहर के बाद ये बसें फिर से विभिन्न कॉलेजों, नॉर्थ कैंपस व साउथ कैंपस से रवाना होती थीं। उस दौरान छात्रों के लिए ये बसें बेहद सुविधाजनक मानी जाती थीं। नब्बे के दशक में दिल्ली में प्राइवेट रेड लाइन बसें और बाद में ब्लू लाइन बसें शुरू हुई। इसके बाद डीटीसी बसें लगातार कम होती गईं। परिणाम स्वरूप यू स्पेशल बसें भी बंद हो गईं।

## फर्जी एक्सिस बैंक अधिकारी बनकर करते थे ठगी, पांच गिरफ्तार

**एजेंसी**
**नई दिल्ली ।** दक्षिण पश्चिम जिले की साइबर थाना पुलिस ने एक ऐसे साइबर अपराध गिरोह का भंडाफोड़ किया है, जो सुनियोजित तरीके से लोगों को ठग रहा था। गिरोह के सदस्य खुद को एक्सिस बैंक का कर्मचारी बताकर लोगों से उनके क्रेडिट कार्ड की गोपनीय जानकारी और ओटीपी प्राप्त कर हजारों-लाखों की ठगी कर रहे थे। पुलिस ने गिरोह के पांच सदस्यों को गिरफ्तार कर लिया है। इनके साथ गिरोह में एक महिला भी शामिल थी। पुलिस ने आरोपितों के पास से बड़ी मात्रा में डिजिटल उपकरण, बैंक दस्तावेज़, फर्जी कंपनियों की मुहरें और क्यूआर कोड स्कैनर बरामद किए हैं। दक्षिण पश्चिम जिले के डीसीपी अमित गोयल के अनुसार 20 जून को साइबर थाने में एक शिकायत प्राप्त हुई। जिसमें पालम कॉलोनी निवासी एक व्यक्ति ने बताया कि उसे एक कॉल आया जिसमें कॉल करने वाला खुद को एक्सिस बैंक का कर्मचारी बता रहा था। उसने पीड़ित को उसके खाते की कुछ निजी जानकारी देकर विश्वास में लिया और रिवॉर्ड पॉइंट रिडेम्पशन के नाम पर क्रेडिट कार्ड का ओटीपी प्राप्त कर लिया। इसके बाद पीड़ित के एक्सिस बैंक क्रेडिट कार्ड से 96,000 हजार की ठगी कर ली गई। मामले को गंभीरता से लेते हुए इंस्पेक्टर प्रवेश कौशिक की देखरेख में पुलिस टीम ने जांच शुरु की। टीम ने गहन तकनीकी निगरानी, कॉल डिटेल ,बैंक की जानकारी, एटीएम में लगे सीसीटीवी फुटेज और नोब्रोकर एप की ट्रांजैक्शन रिपोर्ट का विश्लेषण किया। एटीएम फुटेज में एक चेहरे पर नकाब लगाए युवक को पैसे निकालते देखा गया। जिसके आधार पर संदिग्धों की पहचान शुरू हुई। डीसीपी के अनुसार तकनीकी जानकारी के आधार पर टीम ने मोहान गार्डन, उत्तम नगर स्थित एक किराए के मकान पर छापा मारा। जहां से तीन आरोपित अतुल कुमार, सन्नी कुमार सिंह और कौशल कुमार को दबोचा। यह मकान गिरोह ने ही फर्जी बैंक खाता खोलने और साइबर ठगी के संचालन हेतु किराए पर लिया था। पूछताछ में आरोपित अतुल कुमार ने बताया कि उसे उसके परिचित सन्नी कुमार सिंह ने कौशल कुमार से मिलवाया। कौशल कुमार पहले कई प्राइवेट बैंकों में काम कर चुका है और बैंक खाता खोलने की पूरी प्रक्रिया में पारंगत है। उसने अतुल के नाम से फर्जी कंपनी बनवायी ताकि वर्तमान खाता खोला जा सके। कौशल कुमार ने साइबर अपराधियों को ऐसे कई फर्जी खाते और किट उपलब्ध कराए। उसने मोहन गार्डन में किराए पर ऑफिस लेकर खाता खोलने का पूरा धंधा शुरू किया था।

## स्टॉक मार्केट में बीडी इंडस्ट्रीज की फीकी एंट्री, सीमित दायरे में हो रहा है कारोबार

एजेंसी
**नई दिल्ली।** रोटेशनली मोल्डेड प्लास्टिक प्रोडक्ट्स बनाने वाली कंपनी बीडी इंडस्ट्रीज के शेयरों की आज स्टॉक मार्केट में सपाट स्तर पर मामूली बढ़त के साथ एंट्री हुई। आईपीओ के तहत कंपनी के शेयर 108 रुपये के भाव पर जारी किए गए थे। आज बीएसई के एसएमई प्लेटफॉर्म पर सिर्फ 90 पैसे की बढ़त के साथ इसकी लिस्टिंग 108.90 रुपये के स्तर पर हुई। लिस्टिंग के बाद से ही ये शेयर सीमित दायरे में कारोबार कर रहा है। सुबह 11:30 बजे तक कारोबार होने के बाद कंपनी के शेयर 108.25 रुपये के स्तर ट्रेड कर रहे थे। इस तरह अभी तक के कारोबार में कंपनी के आईपीओ निवेशक सिर्फ 0.23 प्रतिशत के मुनाफे में हैं। बीडी इंडस्ट्रीज का 45.36 करोड़ रुपये का आईपीओ 30 जुलाई से 1 अगस्त के बीच सब्सक्रिप्शन के लिए खुला था। इस आईपीओ को निवेशकों की ओर से फीका रिस्पॉन्स मिला था, जिसके कारण ये ओवरऑल 1.81 गुना सब्सक्राइब हो सका था। इनमें क्वालिफाइड इंस्टीट्यूशनल बायर्स (क्यूआईबी) के लिए रिजर्व पोर्शन 1.27 गुना सब्सक्राइब हुआ था। इसी तरह नॉन इंस्टीट्यूशनल इन्वेस्टर्स (एनआईआई) के लिए रिजर्व पोर्शन में 3.66 गुना सब्सक्रिप्शन आया था। इसके अलावा रिटेल इन्वेस्टर्स के लिए रिजर्व पोर्शन 1.32 गुना सब्सक्राइब हुआ था।

## आरबीआई ने रेपो रेट को 5.50 फीसदी पर रखा बरकरार, महंगाई दर का अनुमान घटाया

**मुंबई/नई दिल?ली।** रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया (आरबीआई) ने नीतिगत दर रेपो रेट में कोई बदलाव नहीं किया है। आरबीआई ने रेपो रेट को 5.50 फीसदी पर बरकरार रखा है। इसके साथ ही रिजर्व बैंक ने वित्त वर्ष 2025-26 के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की वृद्धि दर अनुमान को 6.5 फीसदी पर यथावत रखा है। वहीं, खुदरा महंगाई दर का अनुमान घटाकर 3.1 फीसदी कर दिया है। आरबीआई गवर्नर संजय मल्होत्रा ने बुधवार को यहां मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) की 4 से 6 अगस्त तक चली तीन दिवसीय समीक्षा बैठक में लिए गए निर्णय की जानकारी देते हुए इसकी घोषणा की। संजय मल्होत्रा ने कहा, ''एमपीसी ने नीतिगत दर रेपो रेट को 5.5 फीसदी पर बरकरार रखने का फैसला किया है।'' इसका मतलब है आरबीआई आर्थिक स्थिति के हिसाब से नीतिगत दर में समायोजन को लेकर लचीला बना रहेगा। संजय मल्होत्रा ने बताया कि आरबीआई ने चालू वित्त वर्ष 2025-26 के लिए सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की वृद्धि दर के अनुमान को 6.5 फीसदी पर बरकरार रखा है। वहीं, चालू वित्त वर्ष के लिए खुदरा महंगाई दर के अनुमान को घटाकर 3.1 फीसदी कर दिया गया है, जबकि पहले रिजर्व बैंक ने इसके 3.7 फीसदी पर रहने का अनुमान जताया था।

## शेयर बाजार में एनएसडीएल की मजबूत शुरुआत, 10 प्रतिशत प्रीमियम के साथ लिस्टिंग

**नई दिल्ली।** डिपॉजिटरी सर्विसेज मुहैया कराने वाली कंपनी नेशनल सिक्योरिटीज डिपॉजटरी लिमिटेड (एनएसडीएल) के शेयरों ने आज स्टॉक मार्केट में जोरदार एंट्री करके अपने आईपीओ निवेशकों को खुश कर दिया। आईपीओ के तहत कंपनी के शेयर 800 रुपये के भाव पर जारी किए गए थे। आज बीएसई पर 10 प्रतिशत प्रीमियम के साथ इसकी लिस्टिंग 880 रुपये के स्तर पर हुई। लिस्टिंग के बाद लिवाली शुरू हो जाने के कारण एनएसडीएल के शेयरों की चाल में तेजी आ गई। सुबह 11 बजे तक कारोबार होने के बाद एनएसडीएल के शेयर 899 रुपये के स्तर पर कारोबार कर रहे थे। इस तरह अभी तक के कारोबार में ही कंपनी के आईपीओ निवेशकों को 12.38 प्रतिशत का मुनाफा हो चुका है। नेशनल सिक्योरिटीज डिपॉजटरी लिमिटेड का 4,011.60 करोड़ रुपये का आईपीओ 30 जुलाई से 1 अगस्त के बीच सब्सक्रिप्शन के लिए खुला था। इस आईपीओ को निवेशकों की ओर से अच्छा रिस्पॉन्स मिला था, जिसके कारण ये ओवरऑल 41.02 गुना सब्सक्राइब हुआ था। इनमें क्वालिफाइड इंस्टीट्यूशनल बायर्स (क्यूआईबी) के लिए रिजर्व पोर्शन 103.97 गुना सब्सक्राइब हुआ था। इसी तरह नॉन इंस्टीट्यूशनल इन्वेस्टर्स (एनआईआई) के लिए रिजर्व पोर्शन में 34.98 गुना सब्सक्रिप्शन आया था। इसके अलावा रिटेल इन्वेस्टर्स के लिए रिजर्व पोर्शन 7.76 गुना और एंप्लॉयीज के लिए रिजर्व पोर्शन 15.39 गुना सब्सक्राइब हुआ था। इस आईपीओ के तहत कोई नया शेयर नहीं जारी हुआ है।

## स्टॉक मार्केट में श्री लोटस डेवलपर्स की मजबूत शुरुआत, फायदे में रहे आईपीओ निवेशक

**नई दिल्ली।** मुंबई में रेजिडेंशियल और कॉमर्शियल प्रॉपर्टीज बनाने वाली कंपनी श्री लोटस डेवलपर्स एंड रियल्टी के शेयरों ने आज स्टॉक मार्केट में मजबूत शुरुआत की। आईपीओ के तहत कंपनी के शेयर 150 रुपये के भाव पर जारी किए गए थे। आज बीएसई पर इसकी एंट्री 179.10 रुपये के स्तर पर और एनएसई पर 178 रुपये के स्तर पर हुई। इस तरह ये शेयर करीब 19 प्रतिशत का लिस्टिंग गेन हासिल करने में सफल रहा। लिस्टिंग के बाद लिवाली शुरू हो जाने के कारण कंपनी के शेयर में और तेजी आ गई। सुबह 11 बजे तक कारोबार होने के बाद श्री लोटस डेवलपर्स एंड रियल्टी के शेयर 188.23 रुपये के स्तर पर कारोबार कर रहे थे। इस तरह अभी तक के कारोबार में ही कंपनी के आईपीओ निवेशकों को 25.80 प्रतिशत का मुनाफा हो चुका है।

# जनधन योजना ने वित्तीय सेवाओं को गरीब लोगों तक पहुंचाया : पीएमओ

एजेंसी
**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री कार्यालय ने कहा कि प्रधानमंत्री जन धन योजना (पीएमजेडीवाई) ने बैंकों और बैंकिंग सेवाओं से वंचित लोगों के बीच की खाई को पाटकर, सम्मान, आत्मनिर्भरता और आर्थिक समावेशन को बढ़ावा देकर सबसे गरीब लोगों के लिए वित्तीय सेवाओं तक पहुंच को पूरी तरह से बदल दिया है। प्रधानमंत्री कार्यालय ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर एक आर्टिकल साझा किया, जिसमें बताया गया कि किस प्रकार एक सोशल वेलफेयर स्कीम के रूप में प्रधानमंत्री जन धन योजना ने 11 वर्ष पूरे होने पर सबसे गरीब लोगों के लिए वित्तीय सेवाओं तक पहुंच को बदल दिया है। आर्टिकल में कहा गया कि अगस्त 2014 में पीएमजेडीवाई की शुरुआत, बैंकिंग सुविधा से वंचित लोगों को बैंकिंग सुविधा प्रदान करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम था, क्योंकि इससे बैंक में बेसिक सेविंग्स अकाउंट खोलने की सुविधा मिली है,



साथ ही रुपे डेबिट कार्ड और ओवरड्राफ्ट जैसी सुविधाएं भी उपलब्ध हुई हैं। वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी ने लोकसभा में एक प्रश्न के लिखित उत्तर में बताया कि अब तक पीएमजेडीवाई के तहत 55.90 करोड़ से ज्यादा खाते खोले जा चुके हैं। सरकार ने वित्तीय समावेशन को मजबूत करने और यह सुनिश्चित करने के लिए कई पहल की हैं कि बेसिक बैंकिंग सर्विसेज तक पहुंच से औपचारिक वित्तीय प्रणाली में सार्थक भागीदारी सुनिश्चित हो, जिसमें लोन तक पहुंच भी शामिल है।इसके अतिरिक्त, प्रधानमंत्री मुद्रा योजना (पीएमएमवाई) के तहत 35.13 लाख करोड़ रुपए से अधिक के 53.85 करोड़ लोन स्वीकृत किए जा चुके हैं।

पीएमएमवाई सूक्ष्म और लघु उद्यमों को 20 लाख रुपए तक का जमानत-मुक्त लोन प्रदान करता है, जिससे स्वरोजगार और आय सृजन संभव होता है। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति और महिला उद्यमियों, रेहड़ी-पटरी वालों, कारीगरों और अन्य सूक्ष्म उद्यमों के लिए लोन पहुंच का विस्तार करने के उद्देश्य से स्टैंड-अप इंडिया (एसयूपीआई), प्रधानमंत्री स्ट्रीट वेंडर आत्मनिर्भर निधि (पीएम स्वनिधि), प्रधानमंत्री विश्वकर्मा और प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम (पीएमईजीपी) जैसी समर्पित योजनाएं लागू की गई हैं। क्रेडिट असिसमेंट फ्रेमवर्क से वंचित व्यक्तियों के लिए लोन मूल्यांकन ढांचे को मजबूत करने के उद्देश्य से सरकार टेक्नोलॉजी और वैकल्पिक डेटा स्त्रोतों का लाभ उठा रही है।स्वयं सहायता समूह (एसएचजी) के उधारकर्ताओं और किसानों एवं हाशिए के समुदायों सहित ग्रामीण आबादी के क्रेडिट असिसमेंट में सहायता के लिए एक ग्रामीण क्रेडिट स्कोर की घोषणा की गई है। इस पहल से लोन निर्णयों की गुणवत्ता और निष्पक्षता में वृद्धि होने और ग्रामीण क्षेत्रों में औपचारिक लोन की बेहतर पहुंच होने की उम्मीद है।

## मेहुल कलर्स की स्टॉक मार्केट में मजबूत शुरुआत, लिस्टिंग के बाद शेयरों में आई और तेजी

एजेंसी
**नई दिल्ली।** देश में मास्टरबैच और पिगमेंट्स को बनाने और उसकी सप्लाई करने वाली कंपनी मेहुल कलर्स एंड मास्टरबैचेज के शेयरों ने आज स्टॉक मार्केट में जोरदार एंट्री करके अपने आईपीओ निवेशकों को खुश कर दिया। आईपीओ के तहत कंपनी के शेयर 72 रुपये के भाव पर जारी किए गए थे। आज बीएसई के एसएमई प्लेटफॉर्म पर 18.06 प्रतिशत प्रीमियम के साथ इसकी लिस्टिंग 85 रुपये के स्तर पर हुई। लिस्टिंग के बाद लिवाली शुरू हो जाने के कारण थोड़ी देर में ही ये शेयर उछल कर 89.25 रुपये अपर सर्किट लेवल पर आ गया। हालांकि थोड़ी देर बाद ही मुनाफा वसूली के चक्कर में हुई बिकवाली के कारण अपर सर्किट ब्रेक हो गया। दोपहर 12 बजे तक का कारोबार होने के बाद कंपनी के शेयर 86.50 रुपये के स्तर पर कारोबार कर रहे थे। इस तरह पहले दिन के पहले सत्र के कारोबार में ही कंपनी के आईपीओ निवेशकों को 20.14 प्रतिशत का मुनाफा हो गया है। मेहुल कलर्स एंड मास्टरबैचेज का 21.66 करोड़ रुपये का आईपीओ 30 जुलाई से 1 अगस्त के बीच सब्सक्रिप्शन के लिए खुला था। इस आईपीओ को निवेशकों की ओर से अच्छा रिस्पॉन्स मिला था, जिसके कारण ये ओवरऑल 7.50 गुना सब्सक्राइब हुआ था। इस आईपीओ के तहत 30,08,000 नए शेयर जारी किए गए हैं। आईपीओ के जरिये जुटाए गए पैसे का इस्तेमाल कंपनी नए मैन्युफैक्चरिंग प्लांट को लगाने, वर्किंग कैपिटल की जरूरतों को पूरा करने और आम कॉरपोरेट उद्देश्यों में करेगी। आईपीओ से एक दिन पहले कंपनी ने 29 जुलाई 2025 को एंकर निवेशकों से 6.15 रुपये करोड़ जुटाए थे। इसके लिए 8.54 लाख शेयरों का आवंटन 72 रुपये के भाव पर 5 प्रमुख एंकर निवेशकों को किया गया था।

## शेल कंपनियों को पैसे भेजने से लेकर रिश्वत देने तक, ईडी ने लोन घोटाले पर अनिल अंबानी से पूछे कई सवाल

एजेंसी
**नई दिल्ली।** रिलायंस समूह (आरएएजीए कंपनियों) के चेयरमैन और प्रबंध निदेशक अनिल अंबानी से प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने नई दिल्ली स्थित अपने मुख्यालय में 17,000 करोड़ रुपए के बैंक लोन घोटाले को लेकर पूछताछ की। इस पूछताछ में ईडी की ओर से अनिल अंबानी से कई सवाल पूछे गए, जिसमें क्या लोन शेल कंपनियों को भेजे गए थे?, क्या पैसा राजनीतिक दलों को दिया गया? और क्या आपने किसी अधिकारी को रिश्वत दी? आदि शामिल थे। रिपोर्ट्स के अनुसार, रिलायंस समूह (आरएएजीए कंपनियों) के अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक सुबह-सुबह अपने आवास से राष्ट्रीय राजधानी स्थित ईडी मुख्यालय के लिए निकले थे। ईडी ने अनिल अंबानी को उनके समूह की कंपनियों के खिलाफ करोड़ों रुपए के कथित बैंक लोन घोटाले से जुड़े धन शोधन मामले की चल रही जांच के तहत पूछताछ के लिए तलब किया था और उन्हें 5 अगस्त को राष्ट्रीय राजधानी स्थित



ईडी मुख्यालय में पेश होने के लिए कहा गया था। जांचकर्ता इस बात पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं कि पिछले एक दशक में उनके समूह की कंपनियों द्वारा लिए गए लोन का उपयोग उनके द्वारा तय उद्देश्यों के लिए किया गया था या जानबूझकर उनका दुरुपयोग किया गया था। यह मामला अनिल अंबानी के रिलायंस समूह की कई कंपनियों से जुड़ा है, जिनमें रिलायंस इन्फ्रास्ट्रक्चर और रिलायंस कम्युनिकेशंस शामिल हैं। जांच का एक हिस्सा 2017 और 2019 के बीच यस बैंक द्वारा दिए गए लगभग 3,000 करोड़ रुपए के लोन के कथित दुरुपयोग से संबंधित है। दूसरा हिस्सा रिलायंस कम्युनिकेशंस से जुड़े 14,000 करोड़ रुपए से अधिक के एक बहुत बड़े घोटाले से जुड़ा है। पिछले हफ्ते, प्रवर्तन निदेशालय ने अनिल अंबानी के रिलायंस समूह से जुड़े ठिकानों पर छापेमारी पूरी की। जांचकर्ताओं ने मुंबई और दिल्ली में कई जगहों से बड़ी संख्या में दस्तावेज, हार्ड ड्राइव और अन्य डिजिटल रिकॉर्ड जब्त किए। ये छापे यस बैंक लोन धोखाधड़ी मामले में धन शोधन की जांच के एक हिस्से के रूप में शुरू हुए थे। ईडी, केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) के साथ मिलकर, धन के दुरुपयोग, लोन धोखाधड़ी और धन शोधन सहित वित्तीय अनियमितताओं के आरोपों की जांच कर रही है।

## कम ब्याज दरें रियल एस्टेट के लिए बनीं वरदान, अगली MPC बैठक से भी बड़ी उम्मीदें

एजेंसी
**नई दिल्ली।** भारतीय रिजर्व बैंक (RBI) की मौद्रिक नीति समिति (MPC) की आगामी बैठक से रियल एस्टेट सेक्टर को बड़ी उम्मीदें हैं। विशेषज्ञों का मानना है कि इस साल फरवरी से जून के बीच रेपो रेट में कुल 1फीसदी की कटौती ने हाउसिंग सेक्टर को नई गति दी है।

होम लोन की दरों में कमी से न केवल घर खरीदना अधिक वहन योग्य हुआ है, बल्कि खरीदारों का भरोसा भी बढ़ा है। रियल एस्टेट के दिग्गजों ने मुद्रास्फीति के नियंत्रण में होने का हवाला देते हुए रेपो रेट में एक और 25 बेसिस पॉइंट की कटौती की संभावना जताई है। उनका मानना है कि यह कटौती अर्थव्यवस्था में खपत को बढ़ावा देगी और रियल एस्टेट सेक्टर को और मजबूत करेगी। प्रदीप अग्रवाल, फाउंडर और चेयरमैन, सिग्नेचर ग्लोबल (इंडिया) लिमिटेड, ने कहा कि मुद्रास्फीति ऋ्छ्छ के लक्ष्य से काफी नीचे है, इसलिए रेपो रेट में लगातार चौथी कटौती की गुंजाइश है। उन्होंने कहा कि इससे होम लोन और सस्ते होंगे और ग्राहक जल्दी घर खरीदने का फैसला ले पाएंगे। जेपी इंफ्राटेक लिमिटेड के एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर जश पंचमिया ने कहा कि रेपो रेट में 25 बेसिस पॉइंट की कटौती पूरी अर्थव्यवस्था के लिए सकारात्मक संकेत होगी, क्योंकि मुद्रास्फीति अपने छह साल के न्यूनतम स्तर पर है। कृष्णा ग्रुप एवं क्रिसुमी कॉरपोरेशन के चेयरमैन अशोक कपूर ने भी इसी बात पर जोर दिया और कहा कि अब तक की कटौती ने होम लोन की दरों को कम कर उपभोक्ता मांग को बढ़ाया है। एक और कटौती से यह गति और बढ़ेगी। एंड्रोमेडा सेल्स एंड डिस्ट्रीब्यूशन के को-सीईओ राउल कपूर ने बताया कि भू-राजनीतिक तनाव कम होने और घरेलू अर्थव्यवस्था में मजबूती के संकेत को देखते हुए 25 बेसिस पॉइंट की कटौती की संभावना है। उन्होंने उम्मीद जताई कि त्योहारों के सीजन में इसका फायदा मिलेगा। साया ग्रुप के मैनेजिंग डायरेक्टर विकास भसीन ने कहा कि वह उम्मीद करते हैं कि आरबीआई रेट कट साइकिल को जारी रखेगा, जिससे होम लोन और किफायती बनेंगे और होमबायर्स की लोन पात्रता में सुधार होगा। बेडरवाल ग्रुप के सीएमडी सुशील बेडरवाल ने कहा कि 100 बेसिस पॉइंट की कटौती से खासतौर पर किफायती और मिड-इनकम हाउसिंग सेगमेंट के खरीदारों को राहत मिली है, और वह आगामी बैठक में 25 बेसिस पॉइंट की और कटौती की उम्मीद कर रहे हैं। उन्होंने यह भी उम्मीद जताई कि बैंक इस कटौती का लाभ जल्द से जल्द ग्राहकों तक पहुंचाएंगे।

# एटीएम से 500 रुपए के नोटों की सप्लाई बंद करने का कोई प्रस्ताव नहीं : केंद्र

एजेंसी
**नई दिल्ली ।** केंद्र सरकार ने दोहराया कि 500 रुपए के नोटों की सप्लाई बंद करने का कोई प्रस्ताव नहीं है और एटीएम से 100 रुपए और 200 रुपए के नोटों के साथ-साथ 500 रुपए के नोट भी निकलते रहेंगे। वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी ने राज्यसभा में एक लिखित उत्तर में बताया कि किसी विशेष मूल्यवर्ग के नोटों की छपाई का निर्णय सरकार भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के परामर्श से लेती है ताकि जनता की लेन-देन संबंधी मांगों को पूरा करने के लिए मूल्यवर्ग मिश्रण बनाए रखा जा सके। राज्य मंत्री ने कहा, आरबीआई ने सूचित किया है कि बार-बार इस्तेमाल होने वाले बैंक नोटों तक जनता की पहुंच बढ़ाने के अपने प्रयास के तहत, 28 अप्रैल, 2025 को 'एटीएम के माध्यम से 100 रुपए और 200 रुपए के बैंक नोटों का वितरण' शीर्षक से एक परिपत्र जारी किया गया है, जिसमें



सभी बैंकों और व्हाइट लेबल एटीएम ऑपरेटरों (डब्ल्यूएलएओ) को यह सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया है कि उनके एटीएम नियमित रूप से 100 रुपए और 200 रुपए के बैंक नोट वितरित करें। लगभग 75 प्रतिशत एटीएम 30 सितंबर तक कम से कम एक कैसेट से 100 रुपए या 200 रुपए के बैंक नोट वितरित करेंगे। इसके अलावा, लगभग 90 प्रतिशत एटीएम 31 मार्च, 2026 तक कम से कम एक कैसेट से 100 रुपए या 200 रुपए के बैंक नोट वितरित करेंगे। सरकार ने एक वॉट्सऐप मैसेज को 'असत्य' करार दिया, जिसमें दावा किया गया था कि आरबीआई ने बैंकों को 30 सितंबर तक एटीएम के माध्यम से 500 रुपए के नोट जारी करना बंद करने का आदेश दिया है। सरकार ने कहा कि ऐसा कोई निर्देश जारी नहीं किया गया है। इस भ्रामक संदेश में यह भी दावा किया गया था कि 90 प्रतिशत एटीएम 31 मार्च, 2026 तक 500 रुपए के नोट जारी करना बंद कर देंगे और 75 प्रतिशत एटीएम 30 सितंबर तक ऐसा कर देंगे। इसके अतिरिक्त, इसमें लोगों को अपने 500 रुपए के नोट समाप्त करने की सलाह दी गई थी और यह भी कहा गया था कि भविष्य में एटीएम के माध्यम से केवल 100 और 200 रुपए के नोट ही उपलब्ध होंगे। इस मैसेज पर प्रतिक्रिया देते हुए प्रेस सूचना ब्यूरो की फैक्ट चेक यूनिट ने कहा कि आरबीआई ने ऐसा कोई निर्देश जारी नहीं किया है और 500 रुपए के नोट अभी भी वैध मुद्रा हैं। एक्स पर एक पोस्ट में कहा गया कि व्यापक रूप से साझा किया जा रहा यह दावा असत्य है और लोगों को ऐसी झूठी सूचनाओं पर विश्वास न करने की सलाह दी गई। फैक्ट चेक यूनिट ने आधिकारिक स्त्रोतों से किसी भी फाइनेंशियल अपडेट की पुष्टि करने के महत्व पर जोर दिया और आगाह किया कि ऐसे संदेशों का उद्देश्य धोखा देना होता है।

## सुप्रीम कोर्ट ने 34,000 करोड़ रुपये के बैंक धोखाधड़ी मामले में धीरज वधावन की जमानत रद्द की

एजेंसी
**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने एक अहम फैसले में 34,000 करोड़ रुपये के बैंक धोखाधड़ी मामले में आरोपी धीरज वधावन को मिली जमानत को रद्द कर दिया है। दिल्ली हाईकोर्ट द्वारा चिकित्सा आधार पर दी गई जमानत के आदेश को सुप्रीम कोर्ट ने रद्द करते हुए वधावन को दो सप्ताह के भीतर आत्मसमर्पण करने का निर्देश दिया है। सुप्रीम कोर्ट ने इस मामले की सुनवाई के दौरान सर जे.जे. अस्पताल, मुंबई के डॉक्टरों के एक बोर्ड का गठन किया था, जिसने धीरज वधावन की मेडिकल स्थिति का आकलन किया। बोर्ड ने अपनी रिपोर्ट में बताया



कि आरोपी को किसी भी तत्काल मेडिकल सहायता या इलाज की आवश्यकता नहीं है। इस रिपोर्ट के निष्कर्षों को ध्यान में रखते हुए और बचाव पक्ष के वकीलों की जोरदार दलीलों के बावजूद, सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली हाई कोर्ट के 9 सितंबर, 2024 के आदेश को निरस्त कर दिया। इस मामले में सीबीआई की ओर से अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल एस.वी. राजू ने बहस की।

# वित्त वर्ष 2023 और 2024 में क्रिप्टो ट्रांजैक्शन के जरिए 630 करोड़ रुपए की अघोषित आय का पता चला : केंद्र

एजेंसी
**नई दिल्ली।** केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड (सीबीडीटी) ने संसद को सूचित किया कि केवल दो वित्त वर्षों में वर्चुअल डिजिटल एसेट (वीडीए) ट्रांजैक्शन में लगभग 630 करोड़ रुपए की अघोषित आय का पता लगाया गया। आयकर अधिनियम, 1961 की धारा 115बीबीएच के तहत वीडीए के ट्रांसफर से होने वाली आय पर कर वित्त वर्ष 2022-23 से लागू किया गया है। वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी ने राज्यसभा में एक प्रश्न के लिखित उत्तर में कहा, वित्त वर्ष 2022-23 और वित्त वर्ष 2023-24 के लिए करदाताओं द्वारा दी गई कुल कर राशि 705 करोड़ रुपए के बराबर थी। इसके अलावा, तलाशी और जब्ती अभियान और सर्वेक्षण अभियान के दौरान, वीडीए ट्रांजैक्शन में लगभग 630 करोड़ रुपए की अघोषित आय का पता चला। केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड (सीबीडीटी) ने क्रिप्टोकरेंसी और वीडीए में निवेश से जुड़े कर चोरी के मामलों का पिछले कुछ समय में कई बार पता लगाया है और ऐसे मामलों में आयकर विभाग द्वारा आयकर अधिनियम, 1961 के अनुसार आवश्यक कार्रवाई की जाती है। राज्य मंत्री के अनुसार, वीडीए के प्रकटीकरण और कर भुगतान के संबंध में करदाताओं में जागरूकता पैदा करने के लिए, सीबीडीटी ने हाल ही में करदाताओं के लिए एनयूडीजीई (गाइड और इनेबल करने के लिए डेटा का गैर-घुसपैठिया उपयोग) अभियान शुरू किया है, जिसके तहत उन चुनिंदा करदाताओं को 44,057 ईमेल और संदेश भेजे गए हैं जिन्होंने वीडीए में निवेश और व्यापार किया था, लेकिन अपने आयकर रिटर्न (आईटीआर) की अनुसूची वीडीए में ट्रांजैक्शन की सूचना नहीं दी थी। सीबीडीटी ने क्रिप्टोकरेंसी लेनदेन से होने वाली आय की सटीक रिपोर्टिंग और कराधान सुनिश्चित करने के लिए विभिन्न पहल की हैं। इनमें नॉन-फाइलर मॉनिटरिंग सिस्टम (एनएमएस), प्रोजेक्ट इनसाइट और आयकर विभाग के आंतरिक डेटाबेस जैसे डेटा एनालिटिक्स टूल्स का उपयोग शामिल है, ताकि वीडीए ट्रांजैक्शन पर उपलब्ध जानकारी को करदाताओं के आयकर रिटर्न (आईटीआर) में किए गए खुलासे से जोड़ा जा सके।

राज्य मंत्री ने कहा कि वर्चुअल एसेट सर्विस प्रोवाइडर्स (वीएएसपी) द्वारा दाखिल टीडीएस रिटर्न और करदाताओं द्वारा दाखिल आईटीआर का भी विश्लेषण किया जाता है ताकि रिपोर्ट किए गए वीडीए ट्रांजैक्शन में विसंगतियों की पहचान की जा सके और उचित कार्रवाई की जा सके।

## स्टॉक मार्केट में टाक्यों नेटवर्क्स की सपाट शुरुआत, लिस्टिंग के बाद लगा लोअर सर्किट

एजेंसी
**नई दिल्ली।** आईटी सॉल्यूशंस मुहैया कराने वाली कंपनी टाक्यों नेटवर्क्स के शेयरों की आज स्टॉक मार्केट में सपाट स्तर पर मामूली बढ़त के साथ एंट्री हुई। आईपीओ के तहत कंपनी के शेयर 54 रुपये के भाव पर जारी किए गए थे। आज बीएसई के एसएमई प्लेटफॉर्म पर सिर्फ 3.43 प्रतिशत प्रीमियम के साथ इसकी लिस्टिंग 55.85 रुपये के स्तर पर हुई। लिस्टिंग के बाद बिकवाली शुरू हो जाने के कारण थोड़ी देर में ही ये शेयर गिर 53.06 रुपये लोअर सर्किट लेवल पर आ गया। इस तरह पहले दिन के कारोबार में ही कंपनी के आईपीओ निवेशकों को 1.74 प्रतिशत का नुकसान हो गया हैटाक्यों नेटवर्क्स का 20.48 करोड़ रुपये का आईपीओ 30 जुलाई से एक अगस्त के बीच सब्सक्रिप्शन के लिए खुला था। इस आईपीओ को निवेशकों की ओर से अच्छा रिस्पॉन्स मिला था, जिसके कारण ये ओवरऑल 21.77 गुना सब्सक्राइब हो सका था। इनमें क्वालिफाइड इंस्टीट्यूशनल बायर्स (क्यूआईबी) के लिए रिजर्व पोर्शन 13.29 गुना सब्सक्राइब हुआ था। इसी तरह नॉन इंस्टीट्यूशनल इन्वेस्टर्स (एनआईआई) के लिए रिजर्व पोर्शन में 37 गुना सब्सक्रिप्शन आया था। इसके अलावा रिटेल इन्वेस्टर्स के लिए रिजर्व पोर्शन 19.99 गुना सब्सक्राइब हुआ था। इस आईपीओ के तहत 10 रुपये फेस वैल्यू वाले 37.92 लाख नए शेयर जारी किए गए हैं। आईपीओ के जरिये जुटाए गए पैसे का इस्तेमाल कंपनी अपने पुराने कर्ज को चुकाने, वर्किंग कैपिटल की जरूरतों को पूरा करने और आम कॉरपोरेट उद्देश्यों में करेगी। कंपनी की वित्तीय स्थिति की बात करें तो प्रॉस्पेक्टस में किए गए दावे के मुताबिक इसकी वित्तीय सेहत लगातार मजबूत हुई है। वित्त वर्ष 2022-23 में कंपनी को 2.81 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ हुआ था, जो अगले वित्त वर्ष 2023-24 में बढ़ कर 5.22 करोड़ रुपये और 2024-25 में उछल कर 6.96 करोड़ रुपये के स्तर पर पहुंच गया। इस दौरान कंपनी का राजस्व 27 प्रतिशत वार्षिक से अधिक की चक्रवृद्धि दर (कंपाउंड एनुअल ग्रोथ रेट) से बढ़ कर 103.48 करोड़ रुपये के स्तर पर पहुंच गया।

## वैश्विक साइबर धोखाधड़ी मामले में दिल्ली-एनसीआर में 11 ठिकानों पर ईडी की छापेमारी

**नई दिल्ली।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने बुधवार को वैश्विक साइबर धोखाधड़ी के एक मामले में मनीलॉड्रिंग जांच के तहत दिल्ली, नोएडा, गुरुग्राम और देहरादून स्थित 11 ठिकानों पर छापेमारी की। आधिकारिक सूत्रों ने



बताया कि (ईडी) ने एक वैश्विक साइबर धोखाधड़ी गिरोह से जुड़े मनीलॉड्रिंग जांच के तहत राजधानी दिल्ली, नोएडा, गुरुग्राम और देहरादून स्थित 11 परिसरों में सर्च ऑपरेशन चला रहा है। सीबीआई और दिल्ली पुलिस की ओर से दर्ज एफआईआर के आधार पर केंद्रीय जांच एजेंसी धनशोधन निवारण अधिनियम, 2002 (पीएमएलए) के तहत जांच कर रहा है। सूत्रों ने बताया कि इस गिरोह ने भारतीय और विदेशी नागरिकों से करोड़ों रुपये की ठगी की है। जांच से पता चला कि आरोपितों ने कई क्रिप्टो-वॉलेट में बिटकॉइन के रूप में 260 करोड़ रुपये जमा किए थे, जिन्हें बाद में संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) में कई हवाला ऑपरेटरों/व्यक्तियों के माध्यम से यूएसडीटी में परिवर्तित करके नकदी में बदल दिया गया।

# सरकार ने पहल और आधार ऑथेंटिकेशन के माध्यम से एलपीजी सब्सिडी ट्रांसफर को किया मजबूत : हरदीप पुरी

एजेंसी
**नई दिल्ली।** केंद्रीय पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने राज्यसभा में एक लिखित जवाब में कहा कि सरकार घरेलू एलपीजी उपभोक्ताओं के लिए एलपीजी वितरण और सब्सिडी हस्तांतरण को कुशल, पारदर्शी और समावेशी बनाने के लिए निरंतर कदम उठा रही है। उन्होंने बताया कि पहल (डीबीटीएल) स्कीम, आधार-आधारित सत्यापन, बायोमेट्रिक ऑथेंटिकेशन और अयोग्य या नकली कनेक्शनों को हटाने जैसी पहलों से लक्षित सब्सिडी ट्रांसफर सिस्टम काफी मजबूत हुआ। केंद्रीय मंत्री पुरी ने बताया कि देश भर के सभी एलपीजी वितरकों में आईवीआरएस/एसएमएस रिफिल बुकिंग सिस्टम लागू किया गया है। इस सिस्टम के तहत, उपभोक्ताओं को रिफिल बुकिंग, कैश मेमो जनरेशन और रिफिल डिलीवरी जैसे प्रमुख चरणों पर एसएमएस के जरिए सूचनाएं प्राप्त होती हैं, जिससे वे अपने लेन-देन को ट्रैक कर सकते हैं और गलत या न मिलने की स्थिति में रिपोर्ट कर सकते हैं। उन्होंने आगे बताया कि तेल विपणन कंपनियों (ओएमसी) ने डिलीवरी ऑथेंटिकेशन कोड (डीएसी) शुरू किया है, जो कैश मेमो जनरेशन के समय उपभोक्ता को एसएमएस के माध्यम से भेजा जाता है और डिलीवरी के समय डिलीवरी कर्मियों के साथ साझा करना आवश्यक होता है, जिससे प्रमाणीकरण सुनिश्चित होता है। अनुपालन सुनिश्चित करने को लेकर केंद्रीय मंत्री ने बताया कि तेल विपणन कंपनियों के क्षेत्रीय अधिकारियों द्वारा एलपीजी वितरकों का नियमित निरीक्षण किया जाता है। इसके अलावा, क्षेत्रीय, जोनल, डिविजनल कार्यालयों और प्रादेशिक



कार्यालयों के अधिकारी, एंटी-एडल्टरेशन सेल, क्वालिटी रिएश्योरेंस सेल और विजिलेंस डिपार्टमेंट के साथ मिलकर वितरकों के गोदामों, शोरूमों, वितरण स्थलों की जांच करते हैं, ताकि एलपीजी का दुरुपयोग रोका जा सके। केंद्रीय मंत्री पुरी ने बायोमेट्रिक आधार प्रमाणीकरण अभियान को लेकर कहा कि प्रत्यक्ष लाभ अंतरण (डीबीटी) योजनाओं के लिए आधार-आधारित प्रमाणीकरण, लाभार्थियों की सटीक, वास्तविक समय पर और लागत प्रभावी पहचान, प्रमाणीकरण और दोहराव को कम करने में सक्षम बनाता है।

1 जुलाई तक मौजूदा पीएमयूवाई लाभार्थियों में से 67 प्रतिशत का बायोमेट्रिक आधार प्रमाणीकरण पूरा हो चुका है। इसके अलावा, सभी नए पीएमयूवाई उपभोक्ताओं को कनेक्शन जारी होने से पहले बायोमेट्रिक प्रमाणीकरण से गुजरना होगा। डुप्लीकेशन हटाने की प्रक्रिया के परिणामस्वरूप, 8.49 लाख प्रधानमंत्री उज्वला योजना (पीएमयूवाई) कनेक्शन समाप्त कर दिए गए हैं। उन्होंने आगे कहा कि जनवरी 2025 में, उन पीएमयूवाई उपभोक्ताओं को हटाने के लिए एक मानक संचालन प्रक्रिया जारी की गई थी, जिन्होंने कनेक्शन लगने के बाद कोई रिफिल नहीं लिया था।

इस एसओपी के तहत, लगभग 12,000 निष्क्रिय पीएमयूवाई कनेक्शन समाप्त कर दिए गए हैं। उन्होंने आगे कहा कि 2024-25 के दौरान, लगभग 194 करोड़ एलपीजी रिफिल उपभोक्ताओं को वितरित किए गए और इनमें से केवल 0.08 प्रतिशत के लिए शिकायतें प्राप्त हुईं, जो कि ज्यादातर सब्सिडी हस्तांतरण या वितरण में देरी से संबंधित थी।

## ट्रंप ने कहा-अमेरिका के लिए भारत अच्छा व्यापारिक साझेदार नहीं

**एजेंसी**

**वॉशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड जे. ट्रंप ने कहा कि भारत का शुल्क (टैरिफ) बहुत ज्यादा है। इसलिए अमेरिका उसके साथ कम व्यापार करता है। उन्होंने कहा कि इसलिए अमेरिका के लिए भारत अच्छा व्यापारिक साझेदार नहीं है। द व्हाइट हाउस ने अपने समाचार प्रभाग में सीएनबीसी को दिए राष्ट्रपति ट्रंप के साक्षात्कार के मुख्य अंश पांच अगस्त को प्रसारित किए हैं। इनमें यह बात कही गई है। ट्रंप ने कहा कि भारत हमारे साथ बड़ा व्यापार करता है। अमेरिका उस अनुपात में भारत के साथ काफी कम व्यापार करता है। उन्होंने कहा, इसलिए मैं 25 फीसद टैरिफ पर सहमत हुआ हूं। मुझे लगता है कि मैं अगले 24 घंटों में इसे काफी बढ़ा दूंगा। भारत रूस से तेल खरीद रहा है। यही नहीं भारत युद्धक विमानों को ईंधन दे रहा है। राष्ट्रपति ट्रंप ने सीएनबीसी के स्क्वॉक बॉक्स में अपने दूसरे कार्यकाल की उपलब्धियां गिनाते हुए अपनी प्राथमिकताएं भी गिनाईं। राष्ट्रपति ट्रम्प ने चीन के साथ संबंधों पर कहा, यदि हम कोई समझौता कर लेते हैं, तो सबसे अधिक संभावना है कि मैं वर्ष के अंत से पहले चीन के साथ बैठक करूंगा। वैसे भी हम समझौते के बहुत करीब पहुंच रहे हैं।

## टैरिफ नीति पर ट्रंप को निक्की हेली की सलाह- भारत जैसे मजबूत सहयोगी से रिश्ते न बिगाड़ें

**वॉशिंगटन।** संयुक्त राष्ट्र में अमेरिका की पूर्व राजदूत निक्की हेली ने राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को भारत से रिश्ते न बिगाड़ने की सलाह दी है।पूर्व राजदूत हेली ने कहा है कि भारतीय सामानों पर भारी टैरिफ से भारत-अमेरिकी संबंधों में खटास आ सकती है।इससे पहले ट्रंप ने एकबार फिर अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा कि वह अगले 24 घंटों में भारत पर टैरिफ और बढ़ाएंगे।हालांकि ट्रंप ने भारत की तरफ से दिए गए उस तथ्य की जानकारी न होने की बात कही, जिसमें भारत ने कहा है कि अमेरिका और यूरोपीय संघ खुद रूस के साथ व्यापार जारी रखे हुए हैं। टैरिफ को लेकर भारत अमेरिका तनाव पर भारतीय मूल की पूर्व अमेरिकी राजदूत निक्की हेली ने राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को अहम सलाह देते हुए कहा कि इससे दोनों देशों के बीच लंबे समय से चली आ रही मित्रता में खटास आने का जोखिम है उन्होंने ट्रंप पर दोहरा रवैया अपनाने का आरोप लगाते हुए एक्स पोस्ट में लिखा-भारत को रूस से तेल नहीं खरीदना चाहिए लेकिन रूस व ईरान के सबसे बड़े तेल खरीदार चीन को 90 दिनों की टैरिफ छूट मिल गई।भारत जैसे मजबूत सहयोगी से रिश्ते बिगाड़ कर चीन को छूट न दें।

## इजराइल की गाजा में पूर्ण सैन्य नियंत्रण की योजना पर विचार, सैन्य और जनमत से टकराव

**तेल अवीव।** इजराइल सरकार गाजा पट्टी के उस 25 प्रतिशत क्षेत्र में भी सेना तैनात करने पर विचार कर रही है, जो अभी उसके नियंत्रण में नहीं है। हालांकि इस संभावित कदम को लेकर सैन्य नेतृत्व और देश की अधिकांश जनता में चिंता जताई जा रही है कि इससे हमास के कब्जे में बचे बंधकों की रिहाई की संभावनाएं कमजोर हो सकती हैं। एक वरिष्ठ इजराइली अधिकारी के अनुसार, प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू इस निर्णय को अंतिम रूप देने से पहले अपनी सुरक्षा कैबिनेट की बैठक इसी सप्ताह बुला सकते हैं। नेतन्याहू ने तीन घंटे लंबी सुरक्षा बैठक की, जिसमें आईडीएफ (इजराइल डिफेंस फोर्सेस) के चीफ ऑफ स्टाफ एयाल जामिर ने सैन्य विकल्पों की प्रस्तुति दी। आईडीएफ ने साफ किया है कि सुरक्षा कैबिनेट द्वारा लिए गए किसी भी निर्णय को लागू करने के लिए वह तैयार है। गाजा में जारी लगभग दो वर्ष लंबे युद्ध को लेकर इजराइल पर घरेलू और अंतरराष्ट्रीय दबाव लगातार बढ़ रहा है। संयुक्त राष्ट्र ने चेतावनी दी है कि खाद्य आपूर्ति पर इजराइली प्रतिबंध और युद्ध से हुई तबाही के कारण गज़ा में भुखमरी का खतरा बढ़ रहा है। जुलाई के अंत में इजराइल ने संयुक्त राष्ट्र और एनजीओ के माध्यम से मानवीय सहायता के वितरण को आसान बनाने का वादा किया था। सरकार ने खाद्य और स्वच्छता सामग्री की वाणिज्यिक पहुंच में कुछ और ढील देने की घोषणा की, लेकिन यह कड़ी सुरक्षा जांच के अधीन रहेगी।

## मोल्डोवा में चुनावी धोखाधड़ी पर रूस समर्थक क्षेत्रीय नेता को 7 साल की सजा

**किशिनाव।** मोल्डोवा की एक अदालत ने दक्षिणी क्षेत्र गागाउजिया की नेता और रूस समर्थक राजनेता येवगेनिया गुटुल को चुनावी धोखाधड़ी के मामले में 7 साल की सजा सुनाई है। यह फैसला ऐसे वक्त में आया है जब देश में आगामी 28 सितंबर को महत्वपूर्ण संसदीय चुनाव होने जा रहे हैं। गुटुल पर आरोप था कि उन्होंने 2019 से 2022 के बीच रूस से अवैध फंडिंग के जरिए मोल्डोवा में एक राजनीतिक दल को आर्थिक सहायता पहुंचाई। यह पार्टी ईलान शोर द्वारा स्थापित की गई थी, जो स्वयं मोल्डोवा में धोखाधड़ी के दोषी करार दिए जा चुके हैं और फिलहाल रूस में निर्वासित जीवन जी रहे हैं। गुटुल, जो शोर की अब प्रतिबंधित पार्टी की पूर्व सचिव भी रही हैं, 2023 में गागाउजिया की गवर्नर चुनी गईं। उस चुनाव पर भी वोट खरीद के आरोप लगे थे। यूरोपीय संघ ने उन्हें मोल्डोवा में ÷ाजनीतिक अस्थिरता और क्षेत्रीय अलगाववाद को बढ़ावा देने के आरोप में प्रतिबंधित कर रखा है। गुटुल ने अदालत के इस फैसले को राजनीतिक बदले की कार्रवाई बताते हुए अपील करने की घोषणा की है।

# बांग्लादेश में यूनुस सरकार की कार्रवाई तेज, अवामी लीग के 1,593 नेता-कार्यकर्ता गिरफ्तार

**एजेंसी**

**ढाका।** मोहम्मद यूनुस के नेतृत्व वाली अंतरिम सरकार द्वारा अवामी लीग के खिलाफ जारी सख्त कार्रवाई के तहत बांग्लादेश पुलिस ने अब तक देशभर से 1,593 अवामी लीग नेताओं और कार्यकर्ताओं को गिरफ्तार किया है। यह जानकारी स्थानीय मीडिया रिपोर्टों में दी गई। ढाका मेट्रोपॉलिटन पुलिस (डीएमपी) ने भी राजधानी के विभिन्न इलाकों में छापेमारी कर 11 अवामी लीग कार्यकर्ताओं को हिरासत में लिया है। डीएमपी के डिप्टी कमिश्नर मुहम्मद तालेबुर रहमान ने इसकी पुष्टि की है। गिरफ्तार किए गए लोगों में अवामी लीग समर्थक और प्रसिद्ध ब्लॉगर कमाल पासा चौधरी भी शामिल हैं। बांग्लादेश के प्रमुख बांग्ला अखबार ने इस बात की जानकारी दी है। कमाल पासा चौधरी की गिरफ्तारी की आलोचना करते हुए, अवामी लीग के नेता और पूर्व राज्य सूचना एवं प्रसारण मंत्री मोहम्मद आराफात



ने इसे अन्यायपूर्ण करार दिया। उन्होंने एक्स पर लिखा, मुक्ति संग्राम समर्थक कमाल पासा चौधरी को अन्यायपूर्ण रूप से गिरफ्तार किया गया है। यह यूनुस के तानाशाही शासन में प्रगतिशील और धर्मनिरपेक्ष आवाजों को दबाने की एक और कोशिश है। आराफात के अनुसार, कमाल पासा चौधरी को ढाका के ललमाटिया इलाके में एक कार्यालय से डिटेक्टिव ब्रांच (डीबी) ने गिरफ्तार किया और उन पर कोई स्पष्ट आरोप नहीं लगाया गया।

अवामी लीग की मीडिया सेल का कहना है कि देश में फर्जी मामलों, भीड़ हिंसा और राजनीतिक बदले की भावना के मामलों में तेज़ी से इज़ाफा हो रहा है। पार्टी ने दावा किया कि न्यायिक व्यवस्था पूरी तरह चरमरा गई है और अदालतें अब न्याय का मंच नहीं, बल्कि राजनीतिक नाटक का मंच बन चुकी हैं। पार्टी का यह भी आरोप है कि पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना, उनके समर्थकों और कार्यकाल के दौरान कार्यरत अधिकारियों के खिलाफ झूठे और मनगढ़ंत आरोपों पर मुकदमे दर्ज किए गए हैं। इस बीच, अंतरिम सरकार पर कट्टरपंथी और उग्रपंथी इस्लामी संगठनों को शरण देने का भी आरोप लगा है, जिसके कारण अंतरराष्ट्रीय स्तर पर आलोचना तेज हो गई है।

## बीएलए ने बम विस्फोट की जिम्मेदारी ली, हमले में पाकिस्तान की सेना के मेजर समेत तीन सैन्यकर्मियों को मार गिराने का दावा

**एजेंसी**

**इस्लामाबाद।** बलूच लिबरेशन आर्मी (बीएलए) ने बलूचिस्तान के नुश्की जिले में हुए बम विस्फोट की जिम्मेदारी लेते हुए दावा किया कि उसके हमले पाकिस्तान की सेना के एक मेजर समेत तीन सैन्यकर्मी मारे गए और तीन अन्य घायल हो गए। बीएलए ने दावा किया कि उसकी खुफिया शाखा जिराब की पुख्ता सूचना पर मेजर के काफिले को निशाना बनाया गया।

द बलूचिस्तान पोस्ट ने बीएलए प्रवक्ता जीयंद बलूच के हवाले से यह खबर प्रसारित की है। यह हमला रात करीब 8ः00 बजे नुश्की जिले के गरगिना इलाके में एक सड़क किनारे लगे इम्प्रोवाइज्ड एक्सप्लोसिव डिवाइस (आईईडी) से एक बुलेटप्रूफ सैन्य वाहन को निशाना बनाकर किया गया। मृतकों की पहचान मेजर रिजवान, नायब सूबेदार अमीन और लांस नायक यूनिस के रूप में होने का दावा किया गया है। पाकिस्तान की सेना ने अभी



तक इस संबंध में कोई आधिकारिक प्रतिक्रिया जारी नहीं की है। बीएलए प्रवक्ता जीयंद बलूच ने दावा किया कि लड़ाकों ने जिराब की सूचना के आधार पर मेजर रिजवान के काफिले को निशाना बनाया। इस हमले की पूरी जिम्मेदारी बलूच लिबरेशन आर्मी लेती है।

# बाइडेन के नेतृत्व में रूस-अमेरिका संबंधों में अभूतपूर्व गिरावट आई थी : क्रेमलिन

**एजेंसी**

**मास्को ।** मास्को ने बुधवार को कहा कि रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन और उनके अमेरिकी समकक्ष डोनाल्ड ट्रंप के बीच अब तक कोई बैठक न होने पर उसे कोई हैरानी नहीं है।, क्योंकि पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन के कार्यकाल के दौरान रूस-अमेरिका संबंधों में अभूतपूर्व गिरावट आई थी। क्रेमलिन के प्रवक्ता दिमित्री पेसकोव ने इस बात पर जोर दिया कि रूस के आधुनिक इतिहास में पहली बार है जब नए अमेरिकी राष्ट्रपति के शपथ ग्रहण के छह महीने से ज्यादा समय बाद भी अमेरिका-रूस शिखर सम्मेलन आयोजित नहीं हुआ है। पहले, रूस-अमेरिका शिखर सम्मेलन का इंतजार आमतौर पर एक से पांच महीने तक होता था। लेकिन इस बार, ट्रंप के राष्ट्रपति पद संभालने के छह महीने और 16 दिन बीत चुके हैं। हालांकि, रूसी सरकारी समाचार एजेंसी टीएएसएस की रिपोर्ट के अनुसार, अमेरिकी राष्ट्रपति और पुतिन के बीच कोई व्यक्तिगत



मुलाकात नहीं हुई है। पेसकोव ने कहा, किसी अनोखी स्थिति के बारे में बात करना असंभव है। आखिरकार, पिछले (अमेरिकी) प्रशासन के तहत, हमारे द्विपक्षीय संबंधों में अभूतपूर्व गिरावट आई थी। उन्होंने कहा कि बाइडेन के नेतृत्व में, मास्को और वाशिंगटन के बीच अभूतपूर्व संख्या में परेशान करने वाली चीजें इकट्ठी हो गईं। अमेरिकी प्रतिबंधों की समयसीमा को लेकर बढ़ते तनाव के बीच, अमेरिकी राष्ट्रपति के विशेष दूत स्टीव विटकॉफ बुधवार को रूसी नेताओं के साथ बैठक करने के लिए मास्को में होंगे। विटकॉफ की यात्रा ऐसे समय में हो रही है जब रूस और अमेरिका के बीच तनाव बढ़ रहा है।ट्रंप ने यह भी पुष्टि की कि अगर यूक्रेन संकट के समाधान पर कोई समझौता नहीं हुआ, तो 9 अगस्त तक रूस पर प्रतिबंध लगाए जा सकते हैं।

## बीवाईसी ने बलूचिस्तान में संघीय सरकार के चेहल्लुम यात्रा मार्ग पर प्रतिबंध लगाने के फैसले की आलोचना की

**एजेंसी**

**क्वेटा।** बलूचिस्तान के नागरिक, राजनीतिक, सामाजिक और आर्थिक अधिकारों की वकालत करने वाले समूह बलूच यकजेहती समिति (बीवाईसी) ने संघीय सरकार के हाल ही में बलूचिस्तान से होकर चेहल्लुम के लिए इराक जाने वाले शिया तीर्थयात्रियों के काफिले पर प्रतिबंध लगाने के फैसले की निंदा की है। समूह ने इस कदम को संवैधानिक और मौलिक अधिकारों का उल्लंघनऔर इसे तथाकथित सुरक्षा के नाम पर किया गया धार्मिक भेदभाव बताया है। बीवाईसी की यह प्रतिक्रिया पाकिस्तान के रक्षामंत्री ख्वाजा आसिफ की टिप्पणी के बाद आई है। आसिफ ने इस्लामाबाद में कहा था कि सरकार ने तीर्थयात्रियों के काफिले को निशाना बनाकर आतंकवादी हमलों के खतरे के कारण क्वेटा से 800 किलोमीटर के भूमि मार्ग पर यात्रा प्रतिबंधित कर दी है। द बलूचिस्तान पोस्ट की खबर के अनुसार, बीवाईसी ने कहा कि धार्मिक स्वतंत्रता प्रत्येक नागरिक का मौलिक अधिकार है।




तथाकथित सुरक्षा के नाम पर लगाया गया कोई भी प्रतिबंध अस्वीकार्य है। समूह ने आरोप लगाया कि राज्य ने सुरक्षा चिंताओं का हवाला देते हुए अपने नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के अपने मूल कर्तव्य को पूरा करने के बजाय यह प्रतिबंध लगाया है। बीवाईसी ने कहा, राज्य की जिम्मेदारी धार्मिक अनुष्ठान करने वाले नागरिकों के लिए सुरक्षित मार्ग प्रदान करना है, न कि आस्था के आधार पर उन्हें बाधित करना। बीवाईसी ने बयान में कहा कि कि शिया तीर्थयात्रियों ने प्रतिबंध के विरोध में कराची से रिमदान सीमा तक लंबे मार्च की घोषणा की है। समूह ने इस मार्च को संवैधानिक और लोकतांत्रिक अधिकार बताया और विरोध प्रदर्शन में भाग लेने वालों के साथ अपना पूर्ण समर्थन और एकजुटता व्यक्त की।बीवाईसी ने कहा, हम मांग करते हैं कि शिया तीर्थयात्रियों के कारवां पर प्रतिबंध तुरंत हटाया जाए और बलूचिस्तान से ईरान और इराक जाने वालों को पूरी सुरक्षा प्रदान की जाए। बयान में अधिकारियों को चेतावनी दी गई है कि वे बल प्रयोग या दबाव के जरिए मार्च में बाधा डालने का प्रयास न करें। गौरतलब है कि पाकिस्तान के संघीय गृहमंत्री ने भी हाल ही में घोषणा की थी कि शिया तीर्थयात्रियों को बलूचिस्तान के रास्ते इराक जाने से रोका जाएगा।

# टीटीपी का खैबर कबायली जिले की अशांत तिराह घाटी के आदिवासियों से समझौता

**एजेंसी**

**इस्लामाबाद।** प्रतिबंधित तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान (टीटीपी) ने इस बात पर सहमति जताई कि वह सुरक्षा बलों के खिलाफ अपने सशस्त्र संघर्ष में नागरिकों को मानव ढाल के रूप में इस्तेमाल नहीं करेगा। टीटीपी नेताओं ने यह भी वादा किया कि अब से खैबर कबायली जिले की अशांत तिराह घाटी में जकात और उशर के नाम पर किसी से जबरन वसूली नहीं की जाएगी। डान अखबार की खबर के अनुसार टीटीपी के लेटरहेड पर पश्तो भाषा में लिखे और उसकी सर्वोच्च परिषद (रहबारी शूरा) की मुहर लगे इस समझौते को बार कंबरखेल के एक बुजुर्ग ने स्थानीय आदिवासियों के सामने पढ़ा। यह समझौता आम आदिवासियों के खिलाफ शत्रुता समाप्त करने और शांति बहाल करने के लिए तिराह से वापसी की उनकी मांग के जवाब में किया गया है। खैबर के तिराह में बार



कंबरखेल जनजाति के जिरगा के दौरान यह समझौता हुआ।

इस दौरान प्रतिबंधित टीटीपी नेताओं ने सुरक्षा बलों के खिलाफ अपना सशस्त्र प्रतिरोध जारी रखने और उन लोगों को सजा देने की कसम खाई, जिन्होंने सुरक्षा बलों का समर्थन किया या उनके खिलाफ जासूसी करने के दोषी पाए गए। समझौते में कहा गया है कि हमारा एकमात्र उद्देश्य इस्लाम विरोधी ताकतों और उनके सहयोगियों के खिलाफ सशस्त्र संघर्ष (जिहाद) है।हम स्थानीय लोगों के आंतरिक और निजी मामलों में अपनी भागीदारी को अनुचित मानते हैं और इसलिए हमने अपने स्वयंसेवकों को ऐसा करने से सख्त मना किया है। समझौते में स्पष्ट किया गया है कि टीटीपी सदस्य लोगों के घरों में शरण नहीं लेंगे या सुरक्षा बलों के खिलाफ बंकर के रूप में इसका इस्तेमाल नहीं करेंगे, लेकिन वे ऐसी किसी भी निजी इमारत में सुरक्षा बलों के रुकने का विरोध करेंगे। टीटीपी नेताओं ने यह भी सहमति व्यक्त की कि लड़ाके किसी का अपहरण या उत्पीड़न नहीं करेंगे। तिराह के बार कंबरखेल में बातचीत का पहला दौर 28 जुलाई को हुआ था। इस दौरान टीटीपी के स्थानीय कमांडरों ने अफगानिस्तान में अपने नेतृत्व को जिरगा की मांगों से अवगत कराने के लिए पांच अगस्त तक का समय मांगा था।

## अमेरिकी न्याय विभाग को जेफरी एपस्टीन से जुड़ी फाइलें सौंपने के लिए समन

**एजेंसी**

**वाशिंगटन।** हाउस ओवरसाइट कमेटी अध्यक्ष जेम्स कॉमर ने अमेरिकी न्याय विभाग को समन जारी किया। विभाग से कहा गया है कि वह नाबालिग लड़कियों की तस्करी के आरोपित जेफरी एपस्टीन से जुड़ी पूरी फाइलें सौंप दे। कॉमर ने दूसरा समन पूर्व राष्ट्रपति बिल क्लिंटन और पूर्व विदेशमंत्री हिलेरी क्लिंटन की गवाही के लिए जारी किया गया है। कॉमर ने कहा कि वह चाहते हैं कि न्याय विभाग 19 अगस्त तक या उससे पहले पूरी फाइलें सौंप दे। एबीसी न्यूज के अनुसार, कॉमर ने यह जानकारी देते हुए कहा कि विभाग एपस्टीन और मैक्सवेल के मामलों से संबंधित अतिरिक्त जानकारी को सार्वजनिक करने का प्रयास कर रहा है। यह आवश्यक है कि कांग्रेस संघीय सरकार यौन तस्करी कानूनों के प्रवर्तन और विशेष रूप से एपस्टीन और मैक्सवेल की जांच और अभियोजन के संचालन की निगरानी करे। कॉमर ने न्याय विभाग की आला अधिकारी अटॉर्नी जनरल पाम बॉन्डी को भेजे समन में यह उल्लेख किया है। क्लिंटन दंपत्ति के अलावा, रिपब्लिकन नेतृत्व वाले पैनल ने जेम्स कॉमी, लोरेटा लिंच, एरिक होल्डर, मेरिक गारलैंड, रॉबर्ट म्यूलर, विलियम बार, जेफ सेशंस और अल्बर्टो गोंजालेस के बयान दर्ज कराने के लिए भी समन जारी किए है। कमेटी के रिपब्लिकन सदस्यों ने कहा कि वे इन लोगों से एपस्टीन संबंधी फाइलों के संबंध में जानकारी मांग रहे हैं। कुछ रिपब्लिकन वर्षों से एपस्टीन मामले से जुड़ी साजिशों और षड्यंत्रों को हवा दे रहे हैं। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप कई बार इस पर अपनी राय दे चुके हैं। कुछ ने सवाल उठाया है कि इन दोनों की कथित ग्राहक सूची में और कौन हो सकता है। न्याय विभाग और एफबीआई ने पिछले महीने एक संक्षिप्त बयान में कहा था कि समीक्षा में पाया गया कि ऐसी कोई सूची मौजूद नहीं है।

# कैलिफोर्निया के जंगलों में भीषण आग, सैकड़ों इमारतों पर मंडरा रहा खतरा

**एजेंसी**

**लॉस एंजिल्स ।** मध्य कैलिफोर्निया के जंगल में लगी आग ने अब तक 82,000 एकड़ (लगभग 332 वर्ग किलोमीटर) से ज्यादा इलाके को अपनी चपेट में लिया है। यह आग पिछले पांच दिनों से भयानक रूप ले चुकी है और सैकड़ों इमारतों को खतरा बना हुआ है। अमेरिकी वन सेवा और कैलिफोर्निया के वानिकी व अग्नि सुरक्षा विभाग के अनुसार, 'गिफोर्ड फायर' नाम की यह जंगल की आग शुक्रवार दोपहर उस समय भड़क उठी, जब कैलिफोर्निया हाईवे के पास चार अलग-अलग जगहों पर आग लग गई और उन्होंने मिलकर एक विकराल आग का रूप धारण कर लिया। यह आग अब सैन लुइस ओबिस्पो और सांता बारबरा काउंटी में सांता लूसिया रोड के पास फैल रही है एजेंसी सिन्हुआ के अनुसार, अधिकारियों ने बताया कि आग की



चपेट में आने से 870 से ज्यादा इमारतें खतरे में हैं। मंगलवार सुबह तक इस आग पर सिर्फ 7 प्रतिशत ही काबू पाया जा सका है। आग की वजह से सांता बारबरा और सैन लुइस ओबिस्पो के लोगों को अपने घर खाली करने का आदेश दिया गया है। अमेरिकी वन सेवा के अधिकारियों ने जानकारी देते हुए चेतावनी दी कि आग के अनियमित फैलाव के कारण लोगों को अपने इलाके की बदलती स्थिति पर ध्यान रखना चाहिए। अधिकारियों ने बताया कि इलाके में गर्मी और सूखा मौसम बुधवार से सप्ताह के अंत तक बना रह सकता है, इसलिए आग पर काबू पाने के लिए दमकलकर्मी उत्तर और दक्षिण दिशा में लगातार प्रयास करते रहेंगे। इंसीवेब (अमेरिकी एजेंसी की आपात स्थिति प्रबंधन प्रणाली) के अनुसार, आग बुझाने के लिए 1,900 से ज्यादा दमकलकर्मी तैनात किए गए हैं। इसके अलावा 40 हैंड क्रू, 115 फायर इंजन, 23 बुलडोज़र और 30 पानी के टैंकर भी लगाए गए हैं। इन्हें हवाई टैंकरों और हेलीकॉप्टरों की मदद भी मिल रही है। सांता बारबरा काउंटी अग्निशमन विभाग के प्रवक्ता कैप्टन स्कॉट सेफचुक ने बताया कि आग ऊंची और खड़ी ढलानों पर फैल रही है और इससे बहुत ज्यादा धुआं उठ रहा है। सेफचुक ने कहा, आग का ज्यादातर हिस्सा ऐसे दुर्गम इलाकों में है, जहां बुलडोज़र भी नहीं पहुंच सकते। उन्होंने बताया कि आग बुझाने के लिए अब विमानों की भी मदद ली जा रही है। राष्ट्रीय मौसम सेवा के लॉस एंजिल्स कार्यालय ने बताया कि यह धुआं दक्षिण-पश्चिम कैलिफोर्निया के कुछ हिस्सों को प्रभावित कर सकता है। जंगल की आग से उठने वाला धुआं स्वास्थ्य के लिए खतरनाक हो सकता है और इसके दक्षिण और पूर्व की ओर फैलने की आशंका है।

## अमेरिकी विदेश विभाग ने ट्रंप की टैरिफ धमकी पर भारत की प्रतिक्रिया पर टिप्पणी से किया इनकार

**एजेंसी**

**न्यूयॉर्क ।** अमेरिकी विदेश विभाग की प्रवक्ता टैमी ब्रूस ने भारत की उन प्रतिक्रियाओं पर टिप्पणी करने से मना कर दिया, जिनमें राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने रूस से तेल खरीदने पर टैरिफ लगाने की धमकी दी थी। एक पत्रकार द्वारा विदेश मंत्री एस. जयशंकर की टिप्पणियों के बारे में पूछे जाने पर, उन्होंने कहा, ÷मैं किसी अन्य देश की इस टिप्पणी पर कोई राय नहीं दूंगी कि वे क्या करेंगे या क्या नहीं करेंगे। उन्होंने व्यंग्यात्मक लहजे में कहा, मैं तो मुश्किल से यहां भी ऐसा कर पाती हूं। उन्होंने थोड़ी हैरानी जताते हुए कहा, मैं तो मुश्किल से यहां भी ऐसा कर पाती हूं। लेकिन उन्होंने भारत द्वारा तेल खरीद की आलोचना करते हुए कहा कि ट्रंप ही ÷मार्गदर्शक हैं, और रूस जो कर रहा है और वे देश जो यूक्रेन के खिलाफ इस युद्ध में मदद कर रहे हैं, तो यह राष्ट्रपति ट्रंप पर निर्भर करेगा कि वे कैसे प्रतिक्रिया देते हैं। ट्रंप के बयान के बाद आयोजित नियमित ब्रीफिंग में ब्रूस ने पत्रकारों से बात करते हुए अपनी प्रतिक्रिया दी। ट्रंप ने शुक्रवार को घोषणा की थी कि वह रूस से तेल खरीदने और उससे बने उत्पादों को फिर से बेचने पर भारत पर 24 घंटे के भीतर 25 प्रतिशत से अधिक का भारी शुल्क लगाएंगे।उन्होंने आरोप लगाया, वे रूसी तेल खरीद रहे हैं और रूसी युद्ध



मशीन को ईंधन दे रहे हैं। विदेश मंत्री जयशंकर ने सोमवार को टैरिफ के खतरे की अप्रत्यक्ष आलोचना करते हुए कहा हम जटिल और अनिश्चित समय में जी रहे हैं। हमारी सामूहिक इच्छा एक निष्पक्ष और प्रतिनिधित्वपूर्ण वैश्विक व्यवस्था देखना है, न कि कुछ लोगों के प्रभुत्व वाली। हालांकि जयशंकर ने अपने बयान में ट्रंप का जिक्र नहीं किया। विदेश मंत्रालय ने कहा, किसी भी बड़ी अर्थव्यवस्था की तरह, भारत अपने राष्ट्रीय हितों और आर्थिक सुरक्षा की रक्षा के लिए सभी आवश्यक कदम उठाएगा। उन्होंने भारत को अलग-थलग करने के अंतर्निहित दोहरे मानदंडों की भी आलोचना की और बताया कि यूरोपीय संघ का रूस के साथ व्यापार 67.5 अरब डॉलर का है, और वाशिंगटन यूरेनियम, पैलेडियम, उर्वरक और अन्य रसायन भी खरीद रहा है।

## ट्रंप की चेतावनी- यूरोपीय संघ ने निवेश का वादा नहीं निभाया तो लगेगा 35 प्रतिशत टैरिफ

**वॉशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने एक बार फिर यूरोपीय संघ (ईयू) को कड़ी चेतावनी दी है। ट्रंप ने कहा है कि यदि यूरोपीय संघ अमेरिका के साथ हुए समझौते के तहत 600 अरब डॉलर का निवेश पूरा नहीं करता है, तो अमेरिका उसकी वस्तुओं पर 35 प्रतिशत टैरिफ (आयात शुल्क) लगाएगा। एक जनसभा में ट्रंप ने कहा, उन्होंने (ईयू) अपने टैरिफ घटाए। उन्होंने हमें 600 अरब डॉलर दिए, जिसके बदले मैंने उनके टैरिफ 30 प्रतिशत से घटाकर 15 प्रतिशत कर दिए। कुछ देशों ने पूछा कि उन्हें कम टैरिफ क्यों मिल रहा है, तो मैंने कहा, क्योंकि उन्होंने मुझे 600 अरब डॉलर दिए।ट्रंप ने दावा किया कि यह रकम उपहार की तरह है, न कि कोई ऋण। यह पैसा हम किसी भी क्षेत्र में निवेश कर सकते हैं। ईयू ने वर्षों से हमारा शोषण किया है, अब समय है कि वे इसकी भरपाई करें। उन्होंने स्विट्ज़रलैंड की प्रधानमंत्री पर भी निशाना साधते हुए कहा कि वह उनके तर्क सुनने को तैयार नहीं थीं। ट्रंप ने फार्मास्युटिकल (दवा) उद्योग को लेकर भी सख्त रुख अपनाया। उन्होंने कहा, वे फार्मा उत्पादों से भारी मुनाफा कमाते हैं, और उन्हें चीन और आयरलैंड जैसे देशों में बनाते हैं। मैं अगले एक-दो हफ्तों में इन पर अलग से टैरिफ की घोषणा करूंगा। उन्होंने स्पष्ट किया कि यह टैरिफसामान्य 15 प्रतिशत टैरिफ से अलग होंगे और इन्हें वहविशेष श्रेणी के अंतर्गत रखते हैं।

# ईरान ने हजारों अफगान शरणार्थियों को वापस भेजा, अफगानिस्तान रोजगार बाजार पर दबाव बढ़ा

**एजेंसी**

**काबुल ।** ईरान ने लंबे समय से कृषि, निर्माण और कुशल व्यवसायों जैसे क्षेत्रों में कार्यरत हजारों अफगान शरणार्थियों को वापस भेज दिया है। बड़ी संख्या में अफगानों की अचानक वापसी से अफगानिस्तान की कमजोर अर्थव्यवस्था पर भारी दबाव पड़ रहा है। रोजगार के अवसरों और आवश्यक सहायता सेवाओं की भारी कमी देखी जा रही है। ईरान के कृषि क्षेत्र में चार साल तक काम करने वाले अफगान प्रवासियों में से एक, अब्दुल रहीम ने कहा कि अगर उनके देश में रोजगार के अवसर उपलब्ध हों, तो वह अपने कौशल से अपने छह सदस्यों वाले परिवार का भरण-पोषण कर सकते हैं। अफगान मीडिया आउटलेट टोलो न्यूज ने रहीम के हवाले से कहा, हम अब अपने देश लौट आए हैं। हम ईरान में कृषि संबंधी कार्य करते थे। अगर यहां कृषि क्षेत्र में अवसर मिलता है, तो मुझे खुशी होगी।

एक अन्य अफगान प्रवासी ने कहा, अगर ईरान में हमने जो काम किया, वह हमारे देश में उपलब्ध होता, तो हम कभी ईरान नहीं जाते। ईरानी सरकार और वहां के लोगों ने हमारे साथ बुरा व्यवहार किया। हमने वहां घर किराए पर लिए, और वे हमें हमारी मजदूरी नहीं देते।÷ हाल ही में,



अफगान शरणार्थी मामलों के आयोग के प्रवक्ता अहमदुल्लाह वसीक ने अफगान प्रवासियों के साथ दुर्व्यवहार के लिए ईरानी सरकार की निंदा की और उनसे निर्वासन प्रक्रिया के लिए अफगान सरकार के साथ समन्वय करने का आग्रह किया।

उन्होंने अंतरराष्ट्रीय संगठनों से शरणार्थी मामलों के आयोग के साथ समन्वय करके लौटने वालों के लिए मानवीय सहायता बढ़ाने का आह्वान किया। टोलो न्यूज की रिपोर्ट के अनुसार, इससे पहले ईरान से निर्वासित लोगों में से एक, फातिमा, जो तीन साल से अपने परिवार के साथ ईरान में रह रही थी, ने ईरानी अधिकारियों द्वारा किए गए दुर्व्यवहारों का जिक्र किया था।

उन्होंने कहा, हमें शिविर से लाया गया था, और उन्होंने हमें कुछ भी न लाने के लिए कहा था। उन्होंने कहा कि वे हमारी मदद करेंगे। लेकिन रास्ते में, किसी ने हमें कुछ नहीं दिया; मेरे बच्चे भूखे रहे। यात्रा के दौरान उन्होंने हमें परेशान किया और हमारे पैसे व फोन छीन लिए।

संयुक्त राष्ट्र शरणार्थी उच्चायुक्त (यूएनएचसीआर) की एक रिपोर्ट के मुताबिक, 2025 की शुरुआत से 1 अगस्त तक, 21 लाख से ज्यादा अफगानों को ईरान और पाकिस्तान से निर्वासित करके उनके देश वापस भेजा गया है। रिपोर्ट के अनुसार, 1 अप्रैल से 30 जुलाई तक, ईरान से 14 लाख और पाकिस्तान से 3,03,300 अफगान अफगानिस्तान लौटे हैं। 2025 तक ईरान और पाकिस्तान से 21 लाख से ज्यादा अफगान वापस आ चुके हैं। अफगानिस्तान की स्थिति बेहद कमजोर है। उसे इस वर्ष के लिए आवश्यक 478 मिलियन डॉलर का केवल 24 प्रतिशत ही मिल पाया है।

ईरान और पाकिस्तान से निर्वासित कई अफगान प्रवासियों ने आश्रय, बेरोजगारी और बुनियादी सेवाओं की कमी के कारण अपने देश में कठिन जीवन स्थितियों के बारे में चिंता जताई है।